धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, बुधवार

27.09.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 77



12 मोंटेसरी मैदान धुर्वा में सफेद मार्बल से बन रही मां की प्रतिमा

## न्यूज डायरी

### स्पीकर ने बेबी देवी को दिलायी पद की शपथ



**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में मंत्री बेबी देवी को विधायक के रूप में शपथ दिलायी। दरअसल, बीते दिनों बेबी देवी डुमरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित घोषित की गयी थी। शपथ ग्रहण के बाद स्पीकर ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### राजकोट में क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा भारत

**राजकोट।** अगले महीने विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी श्रृंखला के तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में बुधवार को क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगा।

### सदर अस्पताल में आज से कैंसर का इलाज

**रांची।** सदर अस्पताल में बुधवार से कैंसर के मरीजों को इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जायेगी। हर तरह के कैंसर मरीजों को सदर अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा दी जायेगी। यह आयुष्मान भारत के तहत पूरी तरह से निःशुल्क होगा।

### सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

**पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में पुलिस जवान के नाबालिग बेटे ने एक व्यक्ति को बाइक से टक्कर मार दी। इस हादसे में संतोष राम उर्फ सूटन (45) की मौत हो गयी। जिस वक्त मौत हुई उसके घर में करमा का पूजा हो रही थी।

### गुमला की 25 आदिवासी छात्राएं इसरो रवाना

**गुमला।** एकलव्य, कस्तूरबा गांधी एवं आश्रम विद्यालय की 25 आदिवासी छात्राएं मंगलवार को एक्सपोजर विजिट के लिए चेन्नई के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो रवाना हुई। डीसी, डीडीसी, एसडीओ डीसीएलआर एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने उन्हें रवाना किया।

### शाहनवाज हुसैन को दिल का दौरा,अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** दिग्गज भाजपा नेता शाहनावाज हुसैन को हार्ट अटैक आया है। उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एंजियोग्राफी के तुरंत बाद ब्लॉकेज पाया गया और एक स्टेन लगाया गया है।

### नामकुम में जल्द काम करेगा पासपोर्ट ऑफिस

**रांची।** नामकुम स्थित आईटी पार्क में पासपोर्ट का नया ऑफिस जल्द काम करने लगेगा। पासपोर्ट की बढ़ती मांग और नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। जल्द ही झारखंड के सभी पासपोर्ट ऑफिस ऑफलाइन से ऑनलाइन कर दिये जायेंगे। यह जानकारी रांची की क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता कुमारी ने दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# करम विसर्जन पर मातम : डूबने से पांच की मौत

## हजारीबाग के चौपारण में तीन बच्चियां और धनबाद में दो बच्चे डूबे

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग, धनबाद।** करम पर्व के बाद मंगलवार को करमा डाली विसर्जन के दौरान हजारीबाग में तीन बच्चियों और धनबाद में नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। इस हृदयविदारक हादसे से करम पर्व का माहौल मातम में बदल गया। डूबनेवाली बच्चियों के घरों और पास-पड़ों में मातम छा गया।

हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड के ओबरा गांव की छह बच्चियां बराकर नदी में डूब गयीं। शोरगुल सुन मछुआरों ने तीन लड़कियों को किसी तरह से नदी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं तीन लड़किया बह गयीं। मौके से करीब ढाई किमी दूर दिव्यांशु कुमारी (14 वर्ष, पिता सत्येंद्र यादव) का शव बरामद कर लिया है। वहीं प्रेमा कुमारी (13 वर्ष, नारायण राणा) एवं सपना कुमारी (14 वर्ष, पिता सुरेंद्र यादव) का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। बराकर में डूबीं छह छात्राओं में तीन छात्राओं को जीवन दान देने वाला 15 वर्षीय दिव्यांग शाहील चयकला का रहने वाला है। वह गोताखोर टीम का छोटा सदस्य है। वह मछली पकड़ने बड़ाकर नदी गया था। (शेष पेज 11 पर)

### बाघमारा के जमुनिया नदी में हादसा

धनबाद में करम डाली विसर्जन के दौरान मंगलवार को दो बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गयी। घटना बाघमारा थाना क्षेत्र के माटिगढ़ जमुनिया नदी की है। मृत बच्चों की पहचान देवराज कुमार (10) और सलोनी कुमारी (14) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार पांच बच्चे करम डाली विसर्जन करने जमुनिया नदी गये थे। इसी दौरान पांचों बच्चे अचानक नदी में डूबने लगे। वहां मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह तीन बच्चों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला लिया, लेकिन दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। हालांकि आनन फानन में परिजन दोनों बच्चों को लेकर बीसीसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल पहुचे, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर बाघमारा विधायक ढुलू महतो और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुची। विधायक ने आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन परिजनों को दिया है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। साथ ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है।



### सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण पथ में मंगलवार की दोपहर पेट्रोल पंप के समीप सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। दुर्घटना तेजी से आ रहे दो बाइक के आपस में टकराने से है। मृतकों में झुमरी तिलैया का विक्की कुमार, सागर कुमार तथा इटखोरी का मुकेश रविदास शामिल है। वहीं इस हादसे में झुमरी तिलैया का ही आयुष शर्मा और सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर इटखोरी की ओर आ रहे थे। वहीं मुकेश रविदास अपनी स्कूटी से चौपारण की ओर जा रहा था। पेट्रोल पंप के समीप बाइक तथा स्कूटी में आमने-सामने से टक्कर हो गयी।

## नेतरहाट इको रिट्रीट के आयोजन की तैयारी बैठक में बोले सीएम

# झारखंड को पर्यटन राज्य के रूप में विकसित करना लक्ष्य

- पर्यटकों को कोई परेशानी न हो, सफल बनाने में कोई कमी न छोड़ें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा सरकार झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान दिलाने को कृत संकल्प है। नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करना है, ताकि झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान मिल सके। सीएम मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन की तैयारियों से संबंधित बैठक में बोल रहे थे।

### इको रिट्रीट को सफल बनाने में सर्वश्रेष्ठ दें

झारखंड मंत्रालय में आयोजित बैठक में सीएम ने अधिकारियों को नेतरहाट इको रिट्रीट आयोजन को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का निर्देश दिया। सीएम के समक्ष टूरिज्म विभाग के अधिकारियों ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से नेतरहाट इको रिट्रीट 2023 के आयोजन से संबंधित तैयारी की विस्तृत जानकारी दी। सीएम इसका उद्देश्य ही अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करना है, ताकि झारखंड को पसंदीदा पर्यटन राज्य के रूप में पहचान मिल सके। (शेष पेज 11 पर)




बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी।

### झारखंड को जानने का सुनहरा मौका

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नेतरहाट इको-रिट्रीट फेस्टिवल पर्यटकों के लिए आकर्षक, सुंदर एवं निवेश की संभावनाओं वाला झारखंड के बारे में जानने का एक शानदार अवसर है। इसके जरिये पर्यटकों के साथ-साथ निजी क्षेत्रों को भी यहां निवेश के लिए आकर्षित करना है। यह आयोजन राज्य में पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में भी मदद करेगा।

### स्थानीय लोगों को भी अधिक से अधिक जोड़ें

सीएम ने कहा कि इस इको रिट्रीट फेस्टिवल कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास करें। नेतरहाट पर्यटन स्थल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए निजी घरों को सुसज्जित करने का भी कार्य करें। स्थानीय लोगों को जो उसे क्षेत्र में निवास करते हैं उनके मकानों को सुसज्जित करने में उनका पूरा सहयोग करें। रोड कनेक्टिविटी को दुरुस्त करें। विद्युत प्रकाश के लिए सौर ऊर्जा के माध्यम से भी लाइट्स लगायें। उन्होंने वन विभाग को कहा कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र में वर्तमान वर्षों के संरक्षण के साथ-साथ चिन्हित रिक्त भूमि पर मिशन मोड में वृक्षारोपण का कार्य भी करायें, ताकि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र आने वाले दिनों में भी हरा भरा रहे।

### रांची में पुनीत भार्गव के यहां पटना जीएसटी का छापा

**रांची।** जीएसटी विभाग ने जमीन में निवेश करनेवाले पुनीत भार्गव नामक व्यक्ति के हरिओम टॉवर स्थित प्रतिष्ठान में मंगलवार की शाम छापेमारी की। छापामारी देर रात जारी थी। छापेमारी अभियान पटना जीएसटी के टीम ने की। बताया जाता है कि पुनीत भार्गव पर आरोप है कि उसने केंद्र व राज्य सरकार को बिजनेस के माध्यम से चूना लगाया है। जीएसटी ने वहां से कई दस्तावेज को जब्त किय है, जिसमें लेखा-जोखा से संबंधित मामला है। गौरतलब हो कि पुनीत भार्गव पर राजेश राय से एक एकड़ जमीन 1 करोड़ 78 लाख, 55 हजार 800 रुपए में खरीद कर उसे दुगुने दाम पर बेचने का आरोप है।

### पंडाल में आग, सुरक्षित बाहर निकाले गये जेपी नड्डा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे में गणेश पूजा पंडाल में मंगलवार को आग लग गयी। इस दौरान पूजा पंडाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी मौजूद थे। हालांकि दोनों को वहां से सुरक्षित ढंग से बाहर निकाल लिया गया। पंडाल से जो वीडियो आया है, उसमें नजर आ रहा है कि जेपी नड्डा को वहां से बाहर ले जाया जा रहा है। यह पंडाल पुणे के लोकमान्य नगर में बना है, जिसे हार्ट ऑफ द सिटी कहा जाता है। आग लगते ही बारिश शुरू हो गयी, जिससे आग बहुत दूर तक फैल नहीं सकी। सभी लोग सुरक्षित रहे।

# वहीदा रहमान को मिलेगा दादा साहब फाल्के पुरस्कार

एजेंसी

**मुंबई।** अपने शानदार अभिनय और आकर्षण से सिल्वर स्क्रीन पर चमक लाने वाली दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान (85) को इस साल दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए चुना गया है। बॉलीवुड की इस दिग्गज अभिनेत्री को भारतीय सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक लंबा नोट साझा किया है।

उन्होंने लिखा है, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी और सम्मान महसूस हो रहा है कि वहीदा रहमान जी को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए इस साल के प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है'। अपने पांच दशक से अधिक की अभिनय यात्रा में पद्मश्री और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित वहीदा जी ने एक भारतीय नारी के समर्पण और सामर्थ्य का उदाहरण पेश किया है'। श्री ठाकुर ने कहा, ऐसे वक्त में जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित किया गया है, तब वहीदा रहमान को इस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना गर्व की बात है। दिग्गज अदाकारा को यह सम्मान दिया जाना वास्तव में हिंदी सिनेमा की महिलाओं के लिए एक ट्रिब्यूट सरीखा है। वहीदा रहमान ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत गुरु दत्त की प्रोडक्शन सीआइडी से की थी। (शेष पेज 11 पर)

### पद्म पुरस्कार से भी हो चुकी हैं सम्मानित



वहीदा रहमान को 1971 में उनकी फिल्म रेशमा और शीरा के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया था. उन्हें 1972 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था और 2006 में एनटीआर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. इसके अलावा उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। एक्टिंग के अलावा वहीदा रहमान एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं। देव आनंद के साथ उन्होंने सीआईडी से डेब्यू किया था. फिल्म सुपरहिट रही थी और इसमें दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। वहीदा ने साल 1962 में फिल्म साहिब बीवी और गुलाम से अपने हिंदी सिनेमा करियर की शुरूआत की थी।

## तेज करें अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान : सीएम

# भूमिहीन आदिवासियों को शीघ्र मिलेगा वन पट्टा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान चलाने जा रही है जिसके तहत वनों पर निर्भर लोगों को वन पट्टा मुहैया कराया जायेगा। अगले महीने से शुरू होने वाले इस अभियान को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ झारखंड मंत्रालय में बैठक की। इस बैठक में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, वन और राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद थे। ये भी मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के अंतर्गत तेजी से भूमिहीन लोगों को वनपट्टा मुहैया करने को कहा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन करने के साथ-साथ इस अभियान को सशक्त और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए गए. इसके अलावा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति और जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन भी जल्द करने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया।

# घुड़सवारी में भारत को गोल्ड

## 41 साल बाद स्वर्ण, कुल 14 पदकों के साथ छठे स्थान पर

एजेंसी

**हांगझोउ।** भारत ने मंगलवार को एशियाई खेलों के तीसरे दिन घुड़सवारी प्रतियोगिता में टीम ड्रेसेज स्पर्धा में शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक के 41 साल के इंतजार को खत्म किया। एड्रेनेलिन फिरफोड पर सवार दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड (चेमक्सप्रो एमरेल्ड) और अनुश अग्रवाला (एट्रो) ने कुल 209.205 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में इतिहास रचा है।



एशियन गेम्स में भारत के खाते में तीसरा गोल्ड आ गया है। मंगलवार को खेलों का तीसरा दिन था। मेजबान चीन की पदक तालिका में मेडल की सेंचुरी कंप्लीट करने के नजदीक पहुंच गया है। चीन फिलहाल 95 पदक जीतकर टॉप पर है। दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक 49 मेडल अपनी झोली में डाले हैं।

# सीएम को इडी का पांचवां समन, चार को बुलाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने पांचवीं बार समन जारी किया है। इडी ने समन जारी कर 4 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। जमीन घोटाले के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी चार बार समन जारी कर चुका है, पर वह इडी के सामने उपस्थित नहीं हुए हैं। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी के समन को हाइकोर्ट में चुनौती दी है और सभी समन को खारिज करने का कोर्ट से आग्रह किया है। याचिका पर अभी सुनवाई नहीं हो सकी है। इडी ने जमीन घोटाला मामले में 13 और 26 अप्रैल को छापेमारी की थी। 13 को छापामारी के दौरान राजस्व कर्मचारी भानुप्रताप के घर से बक्शा मिला था। जिसमें जमीन से जुड़े दस्तावेज बरामद किये गये थे। इसके अलावा रांची और जमशेदपुर में 5 ठिकानों पर इडी ने छापा मारा था। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए थे।

## आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र महासभा से कनाडा को भारत का सख्त संदेश

# वे दिन गये, जब कुछ देश ही एजेंडा तय करते थे : जयशंकर

- चीन और पाकिस्तान को भी जमकर लताड़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का भारत का दृष्टिकोण महज कुछ देशों के संकीर्ण हितों पर नहीं, बल्कि कई राष्ट्रों की प्रमुख चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करता है। वे दिन बीत गये जब कुछ राष्ट्र एजेंडा तय करते थे और उम्मीद करते थे कि दूसरे भी उनकी बातें मान लें। जब हम अग्रणी शक्ति बनने की आकांक्षा रखते हैं तो यह आत्म-प्रशंसा के लिए नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी उठाने और अधिक योगदान करने के लिए होती है। अब भी कुछ ऐसे देश हैं जो एजेंडा को आकार देते हैं और मानदंडों को परिभाषित करना चाहते हैं। यह नहीं चल सकता। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत नमस्ते फ्रॉम भारत (भारत की ओर से नमस्ते) से की। पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बिना नाम लिये उन्होंने कनाजा को सख्त संदेश भी दे दिया। कहा कि आतंक से निपटने में राजनीतिक फायदा देखना गलत है। भारतीय विदेश मंत्री ने बदलाव की भी अपील की। परोक्ष रूप से चीन और पाकिस्तान पर भी निशाना साधा। (शेष पेज 11 पर)



### भारत अपनी जिम्मेदारी जानता है

विदेश मंत्री ने कहा, भारत की पहल की वजह से जी-20 में अफ्रीकन यूनियन को स्थाई सदस्यता मिली है। ऐसा करके हमने पूरे महाद्वीप को एक आवाज दी, जिसका काफी समय से हक रहा है। इससे संयुक्त राष्ट्र को भी सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाने की प्रेरणा मिलनी चाहिए। जो उससे भी पुराना संगठन है। उन्होंने कहा, भारत अपनी जिम्मेदारी महसूस करता है। विश्व की वित्तीय संस्थाओं में बदलाव होना चाहिए। यूएनएसी में बदलाव होना चाहिए। दुनिया उथल-पुथल के दौर का सामना कर रही है। कूटनीति और बातचीत ही तनाव को कम कर सकती है। विश्व से भूख और गरीबी को मिटाना है। दुनिया में कई जगह संघर्ष चल रहा है, जो बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, भारत में हाल में जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ। विश्व के सामने विकास की चुनौती है। भारत हर एक चीज को पहले कर रहा है।

# जजों की नियुक्ति में विलंब संवेदनशील मामला : शीर्ष कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल (एजी) से कहा कि पिछले कई महीनों में कुछ भी नहीं हुआ है। अदालत ने कहा कि अंतिम सुनवाई में एक आदेश पारित किया गया था उसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि 'मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति' एक बहुत ही संवेदनशील मामला है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने मंगलवार को कहा कि (उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए) 70 नाम 10 महीने की अवधि से लंबित हैं...इन 70 नामों के लिए बुनियादी प्रसंस्करण होता है। उच्च न्यायालयों में 70 न्यायाधीश नहीं हैं, क्योंकि उनमें से कुछ, औसतन 50 प्रतिशत, की नियुक्ति नहीं हो पायी है। अगर आपका विचार मालूम होगा तो कोलेजियम फैसला लेगा लेकिन अगर आपकी तरफ से कुछ आये ही नहीं तो... फैसले के तहत 4 महीने में आपको जवाब देना था.. आप पांच महीने ले लें। न्यायमूर्ति कौल ने एजी से कहा कि मैं इसे चिह्नित कर रहा हूं ताकि आप निर्देश ले सकें।

# कुड़मियों को आदिवासी का दर्जा देने के मामले पर मंथन करेगी राज्य सरकार



मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपते कुड़मी समाज के लोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आदिवासी कुड़मी समाज और वृहद झारखंड आदिवासी कुड़मी मंच का एक प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से प्रोजेक्ट भवन मिला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हुई इस मुलाकात के दौरान टीआरआइ निदेशक रणेंद्र भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमण्डल में अजीत प्रसाद महतो (पुरुलिया), हलधर महतो, चौधरी चरण महतो (धनबाद), दीपक पुरनियार, महादेव डुंगरीयार, पदमा प्रसाद महतो, छोटेलाल महतो, जयराम महतो, संतोष महतो, मुकेश महतो, शेखर महतो, संजय प्रसाद महतो, कैलाश महतो, तुलसी महतो सहित अन्य भी शामिल थे।

सीएस से मिलने के बाद मीडिया को जानकारी देते प्रतिनिधिमंडल में शामिल मंटू महतो ने बताया कि पिछले दिनों झारखंड में रेल टेका डहर छेका कार्यक्रम कुड़मी संगठनों की ओर से चलाया गया था। इस आंदोलन के दौरान कई लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से मुकदमा भी दर्ज किया गया। ऐसे में सरकार के साथ वार्ता के दौरान सबसे पहले आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों की वापसी पर वार्ता हुई। इसमें कहा गया कि इस संबंध में डीजीपी झारखंड से बात करने के बाद इस विषय पर हल निकाला जाएगा। दूसरा विषय कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर था। इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि उनके मांग पत्र का अध्ययन होगा। इसके उपरांत इस विषय पर मुख्यमंत्री (झारखंड सरकार) से विस्तृत चर्चा होगी। चर्चा उपरांत इस पर सरकार ही कानून सम्मत या नियम सम्मत कार्रवाई करेगी।

मंटू महतो ने कहा कि हम सभी कुड़मी जनजाति संगठित रहेंगे। आगे की रणनीति बनाने के लिए सभी कुड़मी एक होकर आंदोलन की रुप-रेखा तय करेंगे। चूंकि यह लड़ाई अभी लंबी चलेगी, इसका सही हल केन्द्र से ही मिलेगा। हम लोगों ने अपनी बात को मुख्य सचिव के सामने साक्ष्यों एवं कानूनी पहलुओं को मजबूती से रखा है। मुख्य सचिव ने हमारी बातों को गंभीरता से सुना है। उन्हें प्रतिनिधिमंडल द्वारा 480 पन्नों का ज्ञापन भी सौंपा गया है। उम्मीद है कि सीएस से मिले आश्वासन के बाद इस संबंध में जल्दी ही जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### चेक बाउंस मामले में पीड़ित के आवेदन पर दिया आदेश

## हाइकोर्ट ने डीजीपी को दिया आदेश- तीन माह के अंदर थानों में लगवायें सीसीटीवी कैमरा

**हाइकोर्ट ने पुलिस से सीसीटीवी रिकॉर्ड मांगा तो पुलिस ने कहा, दो दिनों का ही बैकअप है उपलब्ध**




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हाईकोर्ट ने जब पुलिस से सीसीटीवी का रिकॉर्ड मांगा तो पुलिस ने कहा कि दो दिनों का है बैकअप उपलब्ध है। इस पर हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए तीन महीनों के अंदर राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आदेश दिया। कहा कि उसका बैकअप कम से कम 18 महीने के रिकॉर्ड रहे।

यह आदेश पश्चिम बंगाल के शौभिक बनर्जी एवं अन्य ने हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर दिया। शौभिक बनर्जी ने कहा कि उस पर चेक बाउंस से जुड़े केस में वह धनबाद कोर्ट में बेल लेने आए थे, लेकिन धनबाद पुलिस ने उन्हें दो दिनों तक अवैध तरीके से थाना में बैठाए रखा। जबरन दबाव बनाकर दूसरे पक्ष की मदद की। यह सारी घटना बैंक मोड़ थाना में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। अदालत ने हैरानी जताते हुए कहा कि धनबाद जैसे शहर, जहां अपराध का ग्राफ काफी ज्यादा है, वहां सीसीटीवी का डाटा मेंटेन नहीं करना आश्चर्यजनक है।

हाईकोर्ट ने प्रॉपर्टी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड और शौभिक बनर्जी एवं अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है। हाईकोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करें कि थाना में लगे सीसीटीवी से थाना का चप्पा-चप्पा कवर हो। अदालत ने गृह सचिव को इस आदेश की कॉपी देने का निर्देश दिया है, ताकि आदेश का अनुपालन किया जाए. झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने यह आदेश पारित किया है।

## कुरमी को एसटी में शामिल करने का कोई प्रस्ताव केंद्र के पास नहीं: अर्जुन

### रोजगार मेले में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने को लेकर कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास नहीं है। श्री मुंडा दरभंगा हाउस में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए राज्य सरकार विवाद उत्पन्न कर रही है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अर्जुन मुंडा, संजय सेठ, सीपी सिंह और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

गौरतलब है कि मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया। इसे लेकर रांची के दरभंगा हाउस समेत देशभर के 46 संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित था। दरभंगा हाउस में जिन 147 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटा गया। इनमें मुख्य रूप से डाक विभाग, भारतीय लेखा, बैंक, डॉक्टर्स और उच्च शिक्षा विभाग शामिल हैं।

मौके पर मौजूद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद संजय सेठ ने नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं नियुक्ति पाने वाले अभ्यर्थियों ने कहा कि उन्हें काफी खुशी हो रही है। लंबे इंतजार के बाद उन्हें नौकरी मिली है।

### धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव के खिलाफ व्यापारियों का गवर्नर-सीएम को ज्ञापन

## बाजार समिति के भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करे सरकार, व्यापारियों को दें सुरक्षा

**मार्केटिंग बोर्ड की मिलीभगत से दुकानों को सरेंडर कराने और बेचने का चल रहा खेल**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मार्केटिंग बोर्ड से जुड़े राज्य की विभिन्न बाजार समितियों के व्यापारियों ने धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कृषि सचिव समेत अन्य अधिकारियों से मंगलवार को लिखित शिकायत की है। मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने लिखा है कि धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश कुमार सिंह के कारण हम सभी व्यापारी परेशान हैं। वह न सिर्फ धनबाद बल्कि राज्य की अन्य कमेटियों के व्यापारियों पर भी दुकान खरीदने और बेचने का दबाव बनाते हैं। जबरन दुकान का को सरेंडर करा कर दूसरे व्यापारी के हाथों बेचते हैं। धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव राकेश सिंह द्वारा बाजार समिति भंग होने के बाद भी दुकान, गोदाम और आईबी को पैसे लेकर बेचा जा रहा है। इससे करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की है।

### गढ़वा बाजार समिति में घूस लेते पकड़े गये थे

व्यापारियों ने लिखा है कि गढ़वा बाजार समिति में भी राकेश सिंह को दुकान आवंटन के नाम पर एक सब्जी विक्रेता से एक लाख रुपये घूस लेते एसीबी ने पकड़ा था। इस आरोप में वह तीन माह जेल में रहे थे। उसके बाद भी उन्हें धनबाद जैसे बड़े बाजार समिति का प्रभारी बना दिया गया। उनके निर्देश पर धनबाद बाजार समिति में ट्रकों से भी अवैध वसूली की जा रही है। खबर छपने के बाद भी प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे पत्राचार लिपिक से पूरे मामले की जांच करा कर मामले को रफा दफा करने का कोशिश की जा रही है। प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी द्वारा हम व्यापारियों को यह कह कर भी डराया जाता है, कि मुख्यमंत्री भी हमारा कुछ नहीं करेंगे। व्यापारियों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग की है।

### क्या है मामला

धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव राकेश सिंह ने नियम-कानून को ताक पर रखकर अवैध तरीके से बाजार समिति की 29 दुकान-गोदाम को बेच दिया है। अधिकारियों का कहना है कि दुकान-गोदाम आवंटन के लिए निदेशकमंडल के निर्णय पर बनी कमेटी द्वारा किया जाना था। परंतु समिति के सचिव ने अपने स्तर से ही दुकानें बेच दी है।

**धनबाद डीसी ने भेजी रिपोर्ट :** राज्य के कृषि सचवि अबू बकर सिद्दिक ने धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव के काले कारनामों की जांच का जिम्मा धनबाद डीसी के साथ-साथ मार्केटिंग बोर्ड के एमडी को भी दिया था। डीसी से कहा था कि वह मामले की जांच एडीएम स्तर के अधिकारी से कराकर दो दिनों में दें। वहीं एमडी से भी दो दिनों से रिपोर्ट देने कहा था। धनबाद डीसी ने तो मामले की जांच कराकर दो दिनों में कृषि सचिव को रिपोर्ट भेज दी, लेकिन मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी अभी जांच रिपोर्ट तैयार ही कर रहे हैं। बोर्ड के सचिव ने बताया कि बुधवार को रिपोर्ट सौंप दिया जायेगा। वहीं एमडी ने कहा कि अभी रिपोर्ट नहीं आयी है। आने के साथ ही कृषि सचिव को भेज दिया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### डेंगू के 39 और चिकनगुनिया के 5 मरीज मिले

**रांची।** झारखंड में डेंगू और चिकनगुनिया पीड़ितों के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक मंगलवार को राज्य भर में डेंगू के 442 संदिग्ध मरीज मिले। जांच के बाद 39 में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा 8 मरीज पूर्वी सिंहभूम में मिले हैं। वहीं धनबाद में 3, खूंटी में 4, पाकुड़ में 4, रांची में 4, साहिबगंज में 16 डेंगू के मरीज मिले हैं। **चिकनगुनिया के 69 संदिग्ध मरीज, पांच में पुष्टि :** वहीं राज्य भर में चिकनगुनिया के 69 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें 28 मरीज रांची के हैं। सभी ने अपनी जांच करायी। इनमें 5 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। वहीं हजारीबाग में 19 और पश्चिमी सिंहभूम में 22 संदिग्ध मरीज मिले हैं।

### चाईबासा में मिला आइइडी बम व स्पाइक होल

**रांची।** कोल्हान के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने मंगलवार को टोंटो थाना अंतर्गत पाटातोरब जंगली व पहाड़ी रास्ते से 5 किलोग्राम के 1 आइईडी बम और 2 स्पाइक छेद बरामद किए हैं। पुलिस ने आईईडी बम को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुवार, सीआरपीएफ के 197 बटालियन और बम निरोधक दस्ता 197 बटालियन के जवान शामिल थे।

### सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर निलंबित

**रांची।** झारखंड आबकारी विभाग ने सहायक उत्पाद आयुक्त अरविंद कुजूर को निलंबित कर दिया है। कुजूर वर्तमान में हजारीबाग में तैनात हैं। बोकारो में पोस्टिंग के दौरान नकली शराब बेचवाने का आरोप लगा था। उनके क्षेत्र के सरकारी दुकानों में नकली शराब मिलने की शिकायत लगातार विभाग को मिल रही थी। एक के बाद एक कई दुकानों में जांच के बाद खुलासा हुआ। विभाग ने अरविंद कुजूर से इसपर स्पष्टीकरण पूछा था, जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की गयी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। निलंबन अवधि में अरविंद कुजुर मुख्यालय पर प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यालय संथाल परगना दुमका में योगदान देंगे।

### रांची हिंसा मामले में 3 अक्टूबर को सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में रांची हिंसा की जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर अब 3 अक्टूबर को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार से अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। यह मामला मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन इस मामले की सुनवाई टल गयी। उम्मीद की जा रही है कि अगली सुनवाई के दिन अदालत इस जनहित याचिका पर अपना फैसला सुनायेगा।

### भोर सिंह यादव बने उद्योग विभाग के निदेशक

**राज्य के तीन आइएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के तीन आइएएस अधिकारियों को अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त प्रभार भी दिया है। वहीं भोर सिंह यादव की भी पोस्टिंग कर दी है। इससे संबंधित आदेश कार्मिक विभाग ने 26 सितंबर को जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ बंदोबस्त पदाधिकारी (पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इनके अलावा पलामू उपायुक्त के पद पर पदस्थापित शशि रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ पलामू के बंदोबस्त पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं, खान निदेशक के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक (झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड) के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इसके अलावा पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे भोर सिंह यादव को अगले आदेश तक निदेशक, उद्योग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(लापता शक्ति कुमार सिंह, उम्र–21 वर्ष)



नगरउटॉरी थाना सनहा सं0–10/2023 दिनांक–11.09.2023 में लापता व्यक्ति शक्ति कुमार सिंह, उम्र करीब–21 वर्ष, पे0–वीर अभिमन्यु, सा0–दुबे, थाना–पांकी, जिला–पलामू, की रहने वाले हैं। जो अन्नपूर्णा फाईनेन्स प्रा0 लि0 कम्पनी में नगरउटॉरी शाखा प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे जो बिना बताये कही चले गये है। जो अभी तक वापस नहीं आए है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापताशक्ति कुमार सिंह उम्र करीब–21 वर्ष, पे0–वीर अभिमन्यु, सा0–दुबे, थाना–पांकी, जिला–पलामू, का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– शक्ति कुमार सिंह, ग्राम–दुबे,
रंग– गोरा,
लम्बाई– लगभग 5 फीट 4 इंच,

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 307696 Police(23-24)#D


## तारा शाहदेव के यौन शोषण मामले में फैसला 30 सितंबर को

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से जुड़े आठ साल पुराने मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन की ओर से मंगलवार को बहस की लिखित कॉपी अदालत को सौंपी गई। मामले में सीबीआई कोर्ट में पूर्व में ही फैसले की तारीख 30 सितंबर निर्धारित कर दी है। इस तारीख को अदालत मामले में फैसला सुनायेगी। मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार, विजिलेंस बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी भी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### सीएम की याचिका में त्रुटियों पर बीजेपी के तंज पर जेएमएम का जवाब

## इडी और हाइकोर्ट का प्रवक्ता ना बनें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में ईडी के खिलाफ याचिका दायर की गई। याचिका में कई त्रुटियां पाई गई, जिस पर हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री को ठीक करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के द्वारा दायर की गई याचिका में त्रुटि पाए जाने के बाद भाजपा की तरफ से ये आरोप लगाया गया कि मुख्यमंत्री जान बूझकर त्रुटियां डाले हैं ताकि उन्हें ज्यादा समय मिल सके। भाजपा के इसी बयान पर झामुमो ने कहा है कि हाईकोर्ट और ईडी के प्रवक्ता भी भाजपा के बन रहे हैं जो पूरी तरह से गलत है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि बाबूलाल मरांडी ने 2020 में विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ याचिका दायर की थी। उसमें भी कई त्रुटियां पाई गई थी लेकिन पार्टी के लोगों ने उस पर किसी तरह की कोई बयानबाजी नहीं की थी।

### दिल्ली की टीम झारखंड पर केंद्रित




प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से प्रतुल शाहदेव की तरफ से बयानबाजी की गई है, वह कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। बाबूलाल मरांडी भाजपा में जाकर उन्हीं की तरह सोचने लगे हैं, जबकि उनकी संस्कृति झारखंड से जुड़ी है। सुप्रियो ने कहा कि दिल्ली की टीम झारखंड पर केंद्रित हो गई है और हेमंत सोरेन पर निशाना साध कर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रही है। सुप्रियो ने पेसा कानून पर कहा कि राज्य सरकार ने जब से पेसा कानून को और भी मजबूत करने की पहल की है तब से बीजेपी वालों के पेट में ज्यादा दर्द हो रहा है।


### जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

(E.mail- dwo.simdega@gamil.com)

**"इच्छा की अभिव्यक्ति" (EXPRESSION OF INTEREST)**
**(अति–अल्पकालीन)**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Special Central Assistance to Tribal Sub-Scheme (SCA to TSS) नामित "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY) हेतु सिमडेगा जिला अन्तर्गत स्वीकृत कुल 254 ग्रामों अन्तर्गत दिशा–निर्देश (Guidelines) के तहत् चिन्हित ग्रामों में विस्तृत सर्वेक्षण (Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करने हेतु अनुभवी सरकारी संस्थान/गैर सरकारी संस्थाओं/ट्रस्ट से ईच्छा की अभिव्यक्ति (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | विषय वस्तु | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | कार्य का नाम | "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम" के तहत 254 चिन्हित ग्राम अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृत 254 ग्रामों में सर्वेक्षण (Survey) कर ग्राम विकास योजना तैयार करना |
| 02 | आवेदन समर्पित करने की तिथि एवं समय | दिनांक 04-10-2023 अपराह्न 4:00 बजे तक |
| 03 | आवेदन जमा करने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA, कार्यालय, सिमडेगा। |
| 04 | आवेदन खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक- 05-10-2023 पूर्वाह्न 11:00 से |
| 05 | आवेदन खोलने का स्थान | परियोजना निदेशक, ITDA,कार्यालय, सिमडेगा |
| 06 | विज्ञापनदाता का नाम | परियोजना निदेशक, ITDA, कार्यालय, सिमडेगा |
| 07 | आय–व्ययक (बजट) | "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना" के अनुसार तकनीकी सहायता करना एवं ग्राम विकास योजना तैयार करना (VDP)। चयनित संस्था/संगठन को योजना के तहत चिन्हित ग्रामों की सूची के अन्तर्गत योजना के दिशा–निर्देश के अनुरूप |
| 08 | अग्रधन की राशि | 50,000/–(पचास हजार) बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट परियोजना निदेशक, ITDA, सिमडेगा के पक्ष में एवं भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सिमडेगा में भुगतेय होगा। |
| 09 | सर्वेक्षण (Survey) निष्पाद अवधि | 45 (पैंतालिस) दिन अन्तर्गत |

Special Central Assistance to Tribal Sub-Scheme (SCA to TSS) नामित "प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (PMAAGY) अन्तर्गत ईच्छा की अभिव्यक्ति (EXPRESSION OF INTEREST) आवेदन समर्पित करने से संबंधित शर्त्त एवं जानकारी www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा। परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, सिमडेगा।

PR.NO.307723 Simdega(23-24):D


# इडी की चुनौतियों के बीच सियासी पिच पर सधी बल्लेबाजी कर रहे सीएम हेमंत सोरेन

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड में झामुमो की अगुवाई वाली सरकार दिसंबर 2023 में अपना चार साल का कार्य पूरा कर लेगी। आदिवासियों मूलवासियों के हक और जल, जंगल, जमीन से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष के मूल से उपजी इस पार्टी को पहली बार कायदे से सत्ता का खाद-पानी हासिल हुआ और यह कहने-मानने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि पावर एक्सरसाइज की बदौलत वह अपने अब तक के इतिहास में आज सबसे मजबूत स्थिति में है। यही कारण है कि ईडी दबिश के बाद भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो की राजनीति की पिच पर शानदार बैटिंग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तमाम मुश्किलों और चुनौतियों के बीच भी सियासी पिच पर आक्रामक बैटिंग कर रहे हैं। 2024 में भी वह इसी पोजिशन पर डटे रहने की कोशिश करेंगे क्योंकि 2024 में



होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से यह साल बेहद अहम साबित होने वाला है। पार्टी की जो मौजूदा पोजिशन है, उसके आधार पर भविष्य के लिए अच्छे स्कोर की संभावनाएं जरूर दिख रही हैं, लेकिन यह भी सच है कि नेतृत्व की एक भी बड़ी सियासी चूक उसे पीछे भी धकेल सकती है।

वहीं दूसरी ओर मिशन 2024 को देखते हुए राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा तगड़ी फिल्डिंग सजाने की तैयारी में है और मौका पाते ही वह झामुमो की मौजूदा जमीन खिसकाने की तैयारी में है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के शीर्ष रणनीतिकार अमित शाह की नजर झारखंड राजनीतिक गणित पर विशेष रूप से है। यही कारण है कि संगठन में फेरबदल कर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा की बगडोर सौंपा है। इधर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के बाद से ही बाबूलाल मरांडी 2019 के चुनाव में भाजपा की खिसकी हुई जनाधार को पुनः वापस करने के लिए संकल्प यात्रा के नाम पर राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे है। उनकी सभाओं में हो रही भीड़ को देखकर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेता भी अपने आपको असहज महसूस कर रहे हैं।

हालांकि झामुमो की केंद्रीय कमेटी के वरिष्ठ नेता और मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य कहते हैं कि अमित शाह के कहने पर बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के नाम पर राज्य के हर प्रमंडल और जिले का दौरा कर लें, वह झारखंड में हाशिए पर पहुंच चुकी पार्टी को नहीं उबार पाएंगे। वह बताते हैं कि झामुमो के लिए वर्ष 2023 संकल्प का वर्ष रहा है। संकल्प इस बात का कि 2024 में झारखंड को भाजपा से मुक्त करा दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि पार्टी ने 2019 में विधानसभा चुनाव हेमंत सोरेन की अगुवाई में ही लड़ा और अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राज्य की सत्ता हासिल की। जेएमएम ने राज्य की 81 में से 30 विधानसभा सीटों पर कब्जा किया और कांग्रेस एवं आरजेडी के साथ मिलकर कुल 47 सीटों के साथ गठबंधन की सरकार बनाई। 2019 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद जेएमएम की अगुवाई में पांचवीं बार सरकार बनी और हेमंत सोरेन दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने। जेएमएम की ये अब तक की सबसे लंबी चलने वाली सरकार है, लेकिन इसके साथ यह भी सच है कि इस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को अपने राजनीतिक जीवन के सबसे मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। खनन घोटाले में ईडी की पूछताछ, खनन लीज पट्टा मामले में चुनाव आयोग से लेकर अदालतों तक में सुनवाई, विधानसभा सदस्यता पर संकट, राजभवन से टकराव, भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग में करीबियों की गिरफ्तारी जैसे प्रकरणों के चलते वह कई बार गंभीर मुश्किलों में घिरते दिखे हैं।

कई बार तो कुर्सी अब गई कि तब गई वाली हालत बनती दिखी, लेकिन इन तमाम मुश्किलों के बीच उन्होंने सियासी मोर्चे पर शानदार स्कोर किया। इधर वर्ष 2023 में भी हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी के लिए कानूनी मोर्चे पर चुनौतियां बनी रही। खनन पट्टा, शिबू सोरेन की संपत्ति की जांच जैसे मामले अदालतों में हैं। वहीं मनी लांड्रिंग में ईडी की जांच में लगातार खुल रहे पन्नों से काफी परेशान हैं। इसके बावजूद भी राजनीतिक पीच पर शानदार बैटिंग कर रहे हैं।

## एक अक्टूबर तक बारिश होने का पूर्वानुमान जारी

**रांची।** रांची समेत राज्य के कई जिलों में मंगलवार को भी झमाझम बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में राज्य के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि कहीं-कहीं भारी वर्षा भी दर्ज की गयी। सबसे अधिक वर्षा 92.2 मिमी महारो (दुमका) में दर्ज किया गया। मौसम विभाग की आंकडों के अनुसार राज्य में सामान्य से 27 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार 1 अक्टूबर तक राज्यभर में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। विशेषकर राज्य के पश्चिमी और मध्य हिस्से में रांची, बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, लातेहार, पलामू, चतरा समेत अन्य जिले शामिल है।


**AFFIDAVIT**

I BHAWNA, R/O- AASHIRWAD, D-81 ASHOK NAGAR, ROAD NO-1 DECLARE THAT VIDE AFFIDAVIT NO. 321, DATED 23/9/23, BY EXECUTIVE MAGISTRATE RANCHI HAS CORRECTED MY NAME FROM BHAVANA KUMAR TO BHAWNA FOR ALL FUTURE PURPOSES.

# 28 को पूरी श्रद्धा से निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी, तैयारी पूरी

जुलूस में प्रदर्शित होंगे अमन का पैगाम देने वाली हदीस व देश-प्रेम की छवि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के जन्मदिन 'ईद मिलादुन नबी के शुभ अवसर पर गुरुवार को निकाले जाने वाले 14वां मोतहदा जुलूस-ए-मोहम्मदी की तैयारी पूरी कर ली गई है। साथ ही जुलूस में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए तंजीम अहले सुन्नत की ओर से दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। श्रद्धालुओं और अकीदतमनदो से भारी संख्या में जुलूस में शामिल होने की अपील की गई हैइसके लिए जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। 28 सितंबर को सुबह 8:30 बजे के बाद जुलूस-ए-मोहम्मदी मानगो गांधी मैदान से शुरू करने का निर्णय लिया गया है। मानगो में रहने वाले तमाम लोगों से अपील की गई कि वह गांधी मैदान में दिए गए समय पर पहुंच जाएं ताकि जुलूस वहां से रवाना किया जा सके,12:00 बजे साकची आमबागान मैदान में उलेमा-ए-करमा की तकरीर के बाद जुलूस सकची गोलचककर से बढ़कर स्टेट माइल रोड,जुस्को अफिस गोलचकर से होते हुए सीधा धातकीडीह सेंटर मैदान पहुंचेगा जहां उलेमा ए कराम की तकरीर,सलातो सलाम, दुआ के बाद जुलूस का समापन होगा। परसुडीह, मगदमपुर, जुगसलाई के जुलुस बिस्तुपुर मुखे रोड से होते हुए धातकीडीह के तरफ पहुचेंगेट्रेल्को, गोलमुरी, साक्ची शास्त्री नगर, सोनरी, धतकीडीह, बिष्टुपुर, रामदास भट्टा, न्यू रानी कुदर के जुलुस सीधे आमबगान मैदान में जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल होंगे। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर धतकीडीह की मक्का मस्जिद में जोहर की नमाज की दो जमात होंगी। पहली जमात दोपहर 100 बजे और दूसरी जमात दोपहर 230 बजे होगी। उक्त जानकारी जुलूस की आयोजक संस्था तंजीम अहले सुन्नत जमात के उलेमा-ए-कराम द्वारा धतकीडीह स्थित मदरसा फैजुल उलूम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी गई। इस अवसर पर तंजीम के जनरल सेक्रेटरी व इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती जियाउल मुस्तफा कादरी ने बताया कि इस साल भी नबी की शान में शानदार और भव्य 14वां मुत्ताहिदा जुलूस-ए मोहम्मदी (संयुक्त जुलूस-ए-मोहम्मदी) निकाला जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है जुलूस में अमन का पैगाम देने वाली हदीसों का प्रदर्शन,इस्लाम की शिक्षा,देश-प्रेम की छवि नजर आएगी, मस्जिदों, मदरसों और गली मोहल्लों में नबी की शान में लिखे बैनर लगाए गए हैं और आकर्षित सजावट की गई है। जनता से अपील की गई है कि खाना-तोहफे बांटने के साथ-साथ शिक्षा से जुड़ी सामग्री भी बांटेंजुलूस का नेतृत्व उलेमा-ए-कराम करेंगे, जो सबसे आगे होंगे और उनके पीछे लोग जुलूस में चलेंगे। 500 से अधिक वोलेंटियर (सेफ्टी टी शर्ट एवं आईडी कार्ड) जुलूस और यातायात व्यवस्था में सहायता करेंगे, दूसरों को तकलीफ ना हो इसका विशेष ख्याल रखेंगे। वहीं,एम्बुलेंस और जरूरी गाड़ियों के लिए रास्ता तुरंत छोड़ा जाएगा। जुलूस में शामिल होने वाले लोगों से अपील की गई है टेलर, डीजे साउंड सिस्टम को लेकर नहीं आए। साथ ही जुलूस में गैर शरई कामों यहां तक की नकली तलवार आदि के प्रदर्शन पर भी रोक लगा दी गई है।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते तंजीम के सचिव मुफ्ती जिआउर मुस्तफा कादरी व सहयोगी।

**तंजीम अहले सुन्नत जमात के द्वारा जारी दिशा निर्देश**

1. जुलूस में सबसे आगे उलेमा-ए-करमा रहेंगे उसके पीछे आवाम रहेगी
2. जुलूस में एम्बुलेंस और जरूरी गाड़ियों के लिए रास्ता तुरंत छोड़ा जाएगा
3. बाइक व छोटी गाड़ियां जुलूस के पीछे रहेंगी
4. मानगो गांधी मैदान के पास रोड नं 1 के सामने बैरियर लगाया जायेगा।
5 जुलूस-ए मोहम्मदी में शामिल उलेमा-ए-करमा मानगो साकची के नर्सिंग होम एमजीएम, एमटीएमएच में भर्ती मरीजों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए दुआ करेंगे
6. जुलूस में टेलर, डीजे साउंड सिस्टम के लाने पर पाबंदी रहेगी।
7. जुलूस के समाप्ति के बाद एम-2 गोलचकर से मुड़ कर जिस रास्ते से जुलूस आई है वापस उसी रास्ते से अपने स्थानों पर जाएगी
9. ईद मिलाद्दुन नबी के दिन मुस्लिम समाज से अपने कारोबार बंद रखने की अपील

स्पीड न्यूज

## नरेन्द्र मोदी यूथ विग्रेड का हुआ विशाल कार्यकर्ता समागम



**जमशेदपुर।** मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मदिन के शुभ अवसर पर नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड झारखंड के संयोजक सतीश सिंह की अगुवाई में लक्ष्मी नगर छठ घाट टेल्को के दीनदयाल भवन के प्रांगण में दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा को मानने वाले सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों का समागम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री सरयू राय जी उपस्थित हुए। सरयू राय जी ने संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी युथ विग्रेड जैसे निस्वार्थ संगठन ही समाज में दीनदयाल जी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करती है। देश के लिए ऐसे ही निस्वार्थ संगठन की आवश्यकता है जो पार्टी और व्यक्तिगत अपेक्षा से उपर उठकर देश के विकास के लिए सतत प्रयास रत है। संयोजक सतीश जी ने 2024 में नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक पप्पू राव एवम संचालन जितेंद्र सिंह जीतू ने किया। नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड विगत 10 वर्षो से नरेंद्र मोदी जी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती आई है इस कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेता राम नारायण शर्मा जी सुबह श्रीवास्तव जी अमित शर्मा प्राण राय संतोष कुमार शार्दुल रामष्ण दुबे अभय चौबे मंटू सिंह श्रवण टोनी रवि कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अरविंद महतो द्वारा किया गया।

## नेताजी सुभाष के मार्गदर्शन में स्थापित महिला समिति ने 95 वर्ष पूरे किए

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जमशेदपुर में जब थे उन्हीं के प्रेरणा से जमशेदपुर महिला समिति का गठन हुया जिस संस्था मंगलवार को 95 साल पूरा कर 96 में पदार्पण किया 24 सितंबर 2023 को।आज बहुत ही भव्य तरीके से उल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया बिस्तुपुर में अपना प्रेक्षागृह में।सबसे पहले दिवंगत सदस्या को श्रद्धांजलि दिया गया। समिति के अध्यक्षा ज्योत्सना दे सभी को स्वागत किए।संपादक डिप्टी सरकार अपना पुराना दिन याद किए इसी स्कूल से बचपन में पढ़ाई की।सभी को शुभकामनाएं और बधाई दिए।कोषाध्यक्ष रत्ना राय ने क्लब के साल भर का कार्यक्रम के बारे में बताए और आय व्यय का लेखा झोखा का बिबरन दिए।उसके बाद रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमे शिशु शिल्पी समृद्धि तला पात्र और सुमिता दत्ता ने नृत्य पेश की।श्रीमती मिठू मंडल और मलय आचारजी ने बहुत ही हास्यास्पद श्रुति नाटक का प्रस्तुति दी पर्स और श्रीमती ज्योत्सना आचार्जी ने ध्वनि संजोजन किए।श्रीमती झरना कर और श्रीमती पूरबी घोष अपना वक्तव्य रखे।फिर संगीत का महफिल सजा जिसमे श्रीमती प्रिया दे खासनाबिश ,अभिजीत दत्ता और बिट्टू पल और ने मनमोहक संगीत पेश किए।

## दुर्गापूजा कमेटियों के साथ एसएसपी ने की बैठक



**जमशेदपुर।** आगामी दुर्गा पूजा पर्व की तैयारियों को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में शहर के विभिन्न पूजा पंडालों के केन्द्रीय कार्यकारी सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन वरीय पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में किया गया। आयोजित बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव

# टीम विजय मूनका की आंधी में उड़ी टीम सोंथालिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का चुनाव इस बार एक नया इतिहास रच डाला। निवर्तमान अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं महासचिव मानव केडिया की टीम को चुनौती देने वाली सुरेश सोंथालिया एंड टीम फूस्स साबित हुई है। चुनाव में टीम मूनका-केडिया ने एक तरफा जीत हासिल करते हुए सभी पदों पर कब्जा जमा लिया है। सुरेश सोंथालिया कोल्हान के व्यापारियों के एक छत्र नेता रह चुके हैं,और कई बार चैम्बर की अध्यक्षी संभाल चुके हैं किन्तु इस बार टीम सोंथालिया चुनाव में चारो खाने चित्त हो गई है। इस टीम से एक भी व्यक्ति चुनाव नहीं जीत पाया है। सोंथालिया टीम का आरोप है कि फर्जी ई-वोटिंग के सहारे टीम मूनका की जीत हुई है, और इस रिजल्ट को कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। चुनाव में कुल 1698 वोटों में से विजय आनंद मूनका को करीब 899 वोट मिले, जबकि सुरेश सोंथालिया को मात्र 719 वोट से ही संतोष करना पड़ा। आज हुए चुनाव में 88.8 प्रतिशत वोट पड़े। इसके पहले रिमोट ई-वोटिंग का उपयोग 1059 वोटरों ने किया। इस मतदान का प्रतिशत 88.8 रहा। आज चैम्बर भवन में दिन के 11 बजे एजीएम हुआ और इसके बाद मतदान शुरु हुआ। महासचिव पद पर मानव केडिया 959 वोट पाकर विजयी हुए जबकि भरत वर्षाणी को 466 वोट मिले। वहीं मुकेश मितल को 190 वोट मिला और वे पराजित हुए।


जीत की खुशियां मनाते विजय आनंद मूनका, मानव केडिया व साथी।



## मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय ने मनायी पहली वर्षगांठ



जमशेदपुर। मंगलवार को मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय की वार्षिक सभा पहली सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम के विधायक सरयू राय थे एवं विशिष्ट अतिथि महिला विश्वविद्यालय के इग्नू के समन्वयक एवं बीएड. संकाय की अध्यापिका डा .त्रिपुरा झा एवम् भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त कमिश्नर मोहन लाल रहे। सभी अतिथि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। मंच का संचालन शशिभूषण ने किया। इस अवसर पर पुस्तकालय के आजीवन सदस्यों को अंगवस्त्र एवं पुष्पाहार से सम्मानित किया गया। आशा झा, सुरेश चन्द्र झा ने पुस्तकालय के संबन्ध में अपने उद्गार व्यक्त किए तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पुस्तकालय के संरक्षक सूरज प्रसाद सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ त्रिपुरा झा ने मां शारदे की वंदना की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन दिया कि यह पुस्तकालय पुस्तकों के ज्ञानपुंज को पाठकों, बुद्धिजीवियों के मानस पर अमीट छाप छोड़ते हुए विकासोन्मुख रहेगा। पुस्तकालय के पुस्तकाध्यक्ष कौशिक का पूर्ण सहयोग रहा।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी पर ड्रोन की नजर, जगह-जगह एबुंलेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** ईद मिलाद उन नबी के मौके पर 28 सितंबर को शहर में निकलने वाले जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन एवं विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर जिला सभागार में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कौशल किशोर एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने पेश-ए-इमाम, मस्जिद के अध्यक्ष/सचिव के साथ कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, डीटीओ धनंजय समेत नगर निकायों के पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी बैठक में मौजूद रहे। पीयूष सिन्हा ने कहा कि निर्धारित रूट में ही जुलूस निकालें इसमें किसी भी प्रकार से डायवर्जन की अनुमति नहीं होगी। निर्धारित रूट गांधी मैदान मानगो, आम बगान साक्ची, साक्ची गोलचक्कर स्ट्रेट माइल रोड टाउन अफिस, बिष्टुपुर गोलचक्कर, सेंटर प्वाइंट, कदमा थाना होते हुए धातकीडीह सेंट्रल मैदान में समाप्त होगी। शहर में लगे सीसीटीवी, वीडियोग्रफी व ड्रोन कैमरे से जुलूस की निगरानी की जाएगी। बैरिकेडिंग, ड्रपगेट या विधि व्यवस्था के संधारण संबंधी जो भी आवश्यक कदम होंगे उसे जिला प्रशासन द्वारा उठाया जाएगा। पेश- ए-इमाम व मस्जिद के अध्यक्ष/सचिव ने डीजे तथा जुलूस में ट्रेलर या अन्य भारी वाहन को नहीं शामिल किए जाने को लेकर अपनी ओर से आश्वस्त किया जिसका प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। नागरिक सुविधाओं से संबंधी कुछ समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

## श्रीलेदर्स के बिष्टुपुर फ्लैगशिप स्टोर ने मनायी पहली वर्षगांठ

## ग्राहकों से मिले शानदार रिस्पांस से श्रीलेदर्स परिवार गद्गद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** 71 साल की गौरवशाली परंपरा एवं जमशेदपुर वासियो के भरोसे को, कायम रखते हुए 66 के रोड बिस्टुपुर स्थित श्रीलेदेर्स अपने नए फ्लैगशिप शोरूम के सफलता पूर्ण संचालन के 1 वर्ष पुरे होने पर अपने सभी ग्राहकों एवं जमशेदपुर की जनता का विशेष आभार जताया है। 1952 में शुरू किया गया चमड़े से बने उत्पादों कि बिक्री का ये व्यापार आज वैश्विक हो चूका हैं। विश्वमान वाजिब दाम इसकी पहचान बन चुकी हैं। गर्व गरिमा और गुणवत्ता के साथ श्रीलेदर्स के के- रोड स्थित शोरूम के 1 वर्ष पुरे होने पर अपनी पहली वर्षगांठ पर दें रही हैं जमशेदपुर कि जनता कों धन्यवाद। इस लौहनगरी के ग्राहकों ने 1976 से हमारे ब्रांड के प्रति जो प्यार, विश्वास और भरोसा दिखाया हैं यें उसका हीं परिणाम है कि हम उच्चा गुणवत्ता वाले विभिन्न चमड़े के उत्पाद को बेहद सस्ते मूल्यों पर ग्राहकों को प्रदान कर रहे हैं एवं विश्व मान वाजिब दाम के इस कथन को चरितार्थ भी कर रहे है। इस मौके पर फ्लैगशिप स्टोर में केक काट कर श्रीलेदर्स परिवार ने खुशियां मनायी। निदेशक शेखर डे ने केक काटा, व कर्मचारियों एवं ग्राहकों को केक सर्व किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि विश्वास व भरोसे का प्रतीक श्रीलेदर्स अपने ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हुए जमशेदपुर के ग्राहकों के लिए अपनी पहली वर्षगांठ पर 66 के रोड बिस्टुपुर स्थित अपने फ्लैगशिप शोरूम में ले कर आई हैं एक अनुपम सौगात.. आने वाले इस फेस्टिवल में श्रीलेदर्स, अपनी पहली एनिवर्सरी पर, लें कर आया है खुशियों का त्यौहार, और साथ में ढेरों, शानदार मुफ्त उपहार। इसके तहत ग्राहकों को जहां.. 26 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच मिलेगा 3,999ते कि खरीदारी पर एक बेहद आकर्षक लेडिज क्लॉक या फिर जिम बैग एकदम मुफ्त।

## टाटा, पटमदा और बोड़ाम के सभी गांवों में धूमधाम से मना करमा पूजा



जमशेदपुर। जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान में करमा परब धूमधाम से मनाया गया। भाई-बहन के अटूट बंधन व प्रेम का परब करम सोमवार को धूमधाम से मनाया गया. ग्रामीण क्षेत्रों पर झारखंडी संसति से जुड़े इस परब पर बहनों ने अपने भाई की सुख-समृद्धि के लिए उपवास रख शाम को स्नान कर नये कपड़े पहन कर करम डाली की पूरे विधि-विधान, नेगाचारी से पूजा-अर्चना की.बहनों ने भाइयों की खुशहाली तथा लंबी उम्र की कामना के लिए जावा डाली रखकर पूजा-अर्चना कर करम डाली के चारों ओर घूम-घूम कर जावा गीत गाये। पटमदा में आयोजित करमा महोत्सव में जेबीकेएसएस के बिश्वनाथ महतो ने कहा कि करम परब प्रति की सृजन शक्ति को धन्यवाद देने वाला परब है, जो बीज से सृजित होकर पेड़ पौधे का रूप धारण करता है, यही शक्ति षि का आधार है! आदिवासी कुड़मी समाज के प्रखंड अध्यक्ष विनय महतो ने कहा कि पारंपरिक प्रातिक 'करम' परब में करम और धरम की बहुत अहमियत है। भाइएक धरम के सिद्धांत पर आधारित भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है।

## उलीडीह आदिवासी स्कूल मैदान में दो दिवसीय सरना ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट 30 से

झारखंड, ओडिसा, प. बंगाल और गोवा से भाग लेंगी 16 टीमें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** उलीडीह स्तिथ आदिवासी स्कूल मैदान में आगामी 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को आदिवासी बयज क्लब और जय महाकाल सेवा संघ के द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सरना ट्रॉफी के आयोजन किया जायेगा। होटल दयाल में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह जय महाकाल सेवा संघ और सरना ट्रफी के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने टूर्नामेंट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आदिवासी बॉयज क्लब और जय महाकाल सेवा संघ के संयुक्त तत्वाधान में सरना ट्रफी तृतीया वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पद्मश्री से सम्मानित डॉ जानुम सिंह सोय जी के द्वारा किया जायेगा। इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के मंत्री अर्जुन मुंडा जी मौजूद रहेंगे। नीरज सिंह ने टूर्नामेंट के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष इस टूर्नामेंट में 16 टीम में हिस्सा ले रही है जिसमें झारखंड सहित, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा एवं बिहार समेत पांच विदेशी खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट में उलीडीह के मैदान में अपने खेल की प्रतिभा को दिखाएंगे। नीरज सिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को आगे लाना तथा इस समाज में फैले नशा जैसी कुरीति जो की पुरे युवा पीढ़ी को अपने चपेट में ले रही है इसे दूर करना है। नीरज सिंह ने कहा कि खेल के माध्यम से युवा अपने हुनर को दिखाते हुए आगे बढ़ते हैं तथा खेल के माध्यम से वे अपना करियर भी बना सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत कई सुदूर क्षेत्र के खिलाड़ी आज अपने खेल के प्रदर्शन के माध्यम से देश समेत विदेशों में भी अपना परचम लहराकर देश और अपने समाज का नाम रौशन कर रहे हैं।


सरना ट्रॉफी को प्रदर्शित करते आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह, नित्यानंद सिन्हा, बास्के, सोय, विनोद राय व अन्य।

**विजेता टीम को मिलेगा एक लाख रुपये, उप-विजेता को 70 हजार रुपये**

नीरज सिंह ने बताया कि जीतने वाले टीम को 1,00,000 रुपये नगद पुरस्कार समेत भव्य ट्रॉफी दी जाएगी वहीं दूसरी ओर रनर टीम को 70,000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। दूसरे और तीसरे रनर अप टीम को 40,000,-40,000 नकद समेत ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा बेस्ट गोलकीपर, प्लेयर अफ टूर्नामेंट और गोल्डन बूट से भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर जय महाकाल सेवा संघ के अध्यक्ष नित्यानंद सिन्हा, अमरेंद्र पासवान, विनोद राय, सुरजू बास्के, सोमेश्वर मुर्मू, शिव प्रकाश शर्मा, सुनील सिंह, रवि बिरुवा,मैडी बानरा, बिरजू बास्के, विजय सोए ,विशु चन्द्र नाग मौजूद रहे।

खबर एक नजर में

## रेलवे स्टेशन परिसर में नवयुग दल द्वारा हुआ वृक्षारोपण



**जमशेदपुर।** मंगलवार को प्रातः टाटानगर रेलवे स्टेशन के दूसरे एंट्री गेट पर 'नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल टाटानगर' की बहनों के सहयोग से वृक्षारोपण संपन्न हुआ जिसमें रेलवे के अधिकारियों में 'स्टेशन डायरेक्टर रघुवंश कुमार, सीसीई अंजनी कुमार, सहायक सीसीई अनिल लंका, सी एच आई महाराज महतो, राकेश कुमार' एवं रेलवे के अन्य अधिकारी उपस्थित थे जिन्हें नवयुग दल की ओर से गायत्री मंत्र पट्टा, एवं गुरुदेव का साहित्य भेंट किया गया पौध के पूजन के उपरांत निर्धारित स्थल पर वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में 'नवयुग दल के संजीव सिन्हा, राहुल भगत, निर्मल कुमार, अनिल कुमार, भक्त प्रहलाद, दीपक कुमार के साथ-साथ प्रज्ञा महिला मंडल की रेखा शर्मा, मीना देवी, सुलेखा देवी, मंजू मोदी तथा उषा मोदी' का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## टिनप्लेट अस्पताल कर्मियों को बेहतर बोनस का मिला आश्वासन



**जमशेदपुर।** हर साल की भांति इस साल भी टिन्पलेट अस्पताल की टीसी जॉन ट्रस्ट का बोनस वार्ता हमारे यूनियन अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडेय एवं टिनप्लेट यूनियन जनरल सेक्रेटरी मनोज सिंह जी के साथ वार्ता हुई। आज के इस वार्ता में अस्पताल के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी टिनप्लेट कंपनी की तरफ से अच्छी बोनस का आश्वासन दिया गया, एवं सभी एम्पलाइज को अपने अपने बेहतर कार्यकाल के लिए उपहार स्वरूप कंपनी की तरफ से प्रदान की जाएगी । इसके लिए हम सभी कमिटी मेंबर्स सहृदय आभार व्यक्त करते हैं।

## बारीडीह स्टूडेंट क्लब दुर्गापूजा का भूमि पूजन संपन्न



जमशेदपुर। बारीडीह स्टूडेंट्स क्लब द्वारा दुर्गा पूजा हेतु भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा का आयोजन किया जा रहा है । इसके साथ ही उन्होने आग्रह किया की सभी पूजा पंडालों में प्राथमिक उपचार एवं अग्निशमन उपकरण की सुविधा दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री माननीय बन्ना गुप्ता जी से आग्रह करते है, कि सभी पंडालों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए ताकि जितने भी श्रद्धालु पूजा घूमने निकलते है उन्हे किसी भी तरह का परेशानी होने पर सहयोग मिल सके। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महा अष्टमी के दिन भव्य आरती का आयोजन होगा, जिसमें विशेष रूप से कलोनी की माताए शामिल होती है एवं 1008 दीप प्रज्वलित की जाती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जन्मेजय पाण्डेय, आशीष झा, बृजमोहन शाह, अलोक कुमार, सुनील गुप्ता, सुमित राजहंस, चिन्मय, गोलू, विनीत, अभय, चन्दन, अमित सिंह, रामु, रामा शंकर, सरवन, धर्मबीर, माखन, दीपक, आशीष सिंह, चिंटू, राजा, मनीष, राहुल, रोशन, एस के नामता, राज, अश्विनी, सोहन, शेरू एवं साथ ही अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एमजीएम अस्पताल में 21 नवजात कन्याओं की माताएं सम्मानित



**जमशेदपुर।** मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक कार्यों का निर्वाह करते हुए बेटी बचाओं अभियान के तहत एमजीएम अस्पताल में 21 नवजात कन्याओं की माताओं को फलों से भरी टोकरी और बच्चों के लिए नये वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मौके पर सचिव कविता अग्रवाल, कन्या भ्रुण संरक्षण की संयोजिका शालिनी केडीया, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, बिंदिया नरेड़ी, उषा चौधरी एवं सुनीता केडिया आदि महिलाएं उपस्थित थी।

## स्पीड न्यूज

### बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विक्रम आंनद और संचालन मुकेश कुमार ने किया। बैठक में पंचायतों द्वारा संचालित मनरेगा योजना,बागवानी,खेल मैदान निर्माण,लंबित ग्रामीण आवास योजना, आंगनबाड़ी सहित कई अन्य विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर बीडीओ विक्रम आनद ने कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। कहा कि पंचायत में लंबित ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास योजनाओं को लाभुक से समन्वय स्थापित कर 10 अक्तूबर तक किसी भी हाल में आवास को पूर्ण कराने का प्रयास करें। मौके पर प्रमुख रंभा कुमारी, बघमानवा मुखिया मंजू देवी, बीएफटी राधा कृष्ण मिश्रा,बीपीओ अरविंद सिंह, मनोज चौबे, सुरेश राम, जेई पापू कुमार, एई विकास कुमार,अरुण सिंह, आफताब आलम, चंद्रावती सिन्हा सहित कई पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बीपीओ, प्रखंड समन्वयक व मुखिया मौजूद थे।

### बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा सीएचसी में चलाया गया विशेष सफाई अभियान



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सीएचसी में अवस्थित सामुदायिक शौचालय, माड्यूलर यूरीनल और परिसर की साफ सफाई की गई। इससे पहले स्वच्छता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसमे कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,जेई विभूति भूषण,अभय कुमार, मुकेश कुमार, अजीत आई, सफाई सुपरवाइजर दीपक कुमार,सुमित कुमार, मुबारक अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे। यहां उल्लेखनीय है कि बिश्रामपुर नगर परिषद स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है।

### गोदरमा दुर्गा पूजा कमेटी का गठन सुनील पांडेय बने अध्यक्ष

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव स्थित दुर्गा मंडप परिसर में ग्रमीणों की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता रामसरिख पांडेय व संचालन शिक्षक गोरखनाथ पांडेय ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव को धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा के सफल संचालन हेतु कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सुनील पांडेय को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वही राजीव पांडेय को उपाध्यक्ष, अभिषेक द्विवेदी को सचिव, नवीन पांडेय को कोषाध्यक्ष व कृष्ण कुमार पांडेय को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकी रामसरीख पांडेय,गोरखनाथ पांडेय,धनंजय पांडेय,चंद्रकांत पांडेय,अनुज पांडेय, दिलीप पांडेय, संजय पांडेय और रामपुकार पांडेय को कमेटी का संरक्षक मनोनीत किया गया। इसके अलावा 21 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया। जिसमे अश्वनी पांडेय, मुकेश पांडेय, नंदलाल पांडेय, गोविंद पांडेय,सूरज पांडेय, देवप्रकाश पांडेय, अनुराग पांडेय, शिवम पांडेय, रिशु पांडेय, रिंकू पांडेय, नटवर पांडेय, सौरव कुमार आदि का नाम शामिल है।

### पर्यावरणविद कौशल किशोर ने पौधरोपण कर मनाया प्रकृति पर्व करमा



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के पांकी रोड टेढ़वा नदी पर पर्यावरणविद के के जायसवाल फार्म हाउस में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने प्रकृति पर्व कर्मा पर हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने आपन करम भैया के धरम प्राकृतिक पूजा कर्मा पर सभी बहनों को शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि यह महान प्राकृतिक पूजा कर्मा सबसे अधिक झारखंड छत्तीसगढ़ उड़ीसा बंगाल और असम में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। कौशल ने कहा कि यह पर्व प्रकृति संरक्षण के साथ साथ धर्म और अधर्म के बीच की दूरियों को भी समाज में कम करता है। मूल रूप से प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षा के लिए ही यह पर्व मनाया जाता है। पौधा रोपण में पर्यावरण प्रेमी अशोक तिवारी, उर्मिला देवी, केश्वर राम,नरेश राम, अभिषेक कुमार, छोटू कुमार, संतोष प्रजापति शामिल थे।

### अदि कुरुख सरना समाज ने मनाया करमा परब महोत्सव



**चैनपुर पलामू।** अदिकुरुख सरना समाज ने बिरसानगर शाहपुर चैनपुर में अध्यक्ष शियोन बाखला, सचिव श्याम लाल उरांव, पाहन धीरन भगत के अगुवाई में मांदर, नागेड़ा के साथ करम डाली को अखरा पहुंचने के पहले। फूल लोरही दल के बालिकाओं को करम डाली समर्पित किया गया। तत्पश्चात सरना पुरूष दल तथा बालिकाओं की दल सामूहिक रूप से करम गीत गाते हुवे करम डाली को अखरा तक लाया गया। बिरसानगर के धीरन भगत पाहन के द्वारा अखरा में करम डाली को विधिवत रूप स्थापित किया गया। समयानुसार सभी सरना समाज के धर्मावलंबी अखरा में पहुंच गए। धीरन भगत ने सर्व प्रथम अखरा में करम गोसाई के समीप सामूहिक आना आदि मुंजुरुना मलका प्रार्थना कर करम पूजा की शुरूवात की गई। पाहन के द्वारा करम कथा कहा गाय कथा के बीच बीच में तीन बार करम गोसाईं पर पलटो पलटो कहकर पुष्प वर्षा किया गया। करम गोसाई को दूध दही से स्नान कराया गया। जावा पूप खोसाई के पश्चात करम विर्जन किया गया। इस करम महोत्सव को सफल बनाने में शियोन बाखला, श्याम लाल उरांव, धीरन भगत अनीता भगत सुधु उरांव, गुलाब चंद उरांव सुले लकड़ा, रतनी उरांव,सबिता उरांव, चंद्रदेव बाखला, कुलदीप उरांव, शिलवंती बखला, भगमानी लकड़ा, रुक्मिणी उरांव, मुना उरांव, राजन बखला, सतीश उरांव, गुंजन बखला, राजन, अमन चंदा बखला, रेखा तिर्की, चंद्रभूषण उरांव, पंकज कुजूर, संध्या कुजूर, अर्चना उरांव, जितेंद्र उरांव, सुषमा उरांव, बिनय उरांव, अरुण उरांव, निर्मल उरांव, बालचंद उरांव आदि शामिल थे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में हेल्थ कैंप आयोजित



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पीरामल फाउंडेशन द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया । फाउंडेशन के स्तुति सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित हेल्थ कैंप में लेस्लीगंज के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन, फूड इंस्पेक्टर, बीपीएम राजकुमार, डॉ अरुण मोहंतो समेत स्वास्थ विभाग के कई लोग समेत पीरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट लीड अनिल कुमार उपस्थित थे। कैंप के दौरान बीमार बच्चियों को पैरासिटामोल, मल्टीविटामिन, कैल्शियम आदि दवाइयां दी गई। साथ ही 45 बच्चियों का हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड का जांच किया गया। तत्पश्चात छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से मासिक धर्म में स्वच्छता का महत्व एवम स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए।

---

#### टाउन हॉल में जिला पुलिस एवं आयुष्मान भव के तत्वावधान में मोटिवेशनल हेल्थ कैंप का आयोजन

## अत्यधिक काम से तनावग्रस्त रहते हैं पुलिसकर्मी : रीष्मा रमेसन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्कृति भवन में जिला पुलिस व आयुष्मान भव के द्वारा मोटिवेशनल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन एवं सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में सदर अनुमंडल के पुलिसकर्मी व पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। जिनका स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही मनोरोग चिकित्सक के द्वारा तनाव अवसाद पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर एसपी रीष्मा रमेसन ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्दीवालों को मानसिक तनाव ज्यादा देखने को मिलता है। कारण कि इनके उपर अत्यधिक काम का बोझ होता है जिसे समय पर निपटाना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि समाज में एक पुलिस वर्ग ही ऐसा है जिसे सुबह उठते ही कोई न कोई निगेटिव या बुरी खबर सुनने को मिलता है जिस कारण वह तुरंत तनावग्रस्त हो जाता है। कहीं हत्या तो कहीं लूट तो कहीं सड़क दुर्घटना आदि कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। इस परिस्थिति में पुलिसवाले न समय पर खा पाते हैं और न ही समय पर सो पाते हैं। ना ही वे किसी पर्व त्योहार में अपने घर परिवार के बीच पर्व को मना पाते हैं। इनका हरेक कार्य चुनौतीपूर्ण होता है इसलिए पुलिस का नौकरी करना बहुत आसान नहीं है। लेकिन जो लोग भी इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं वे अपने आप में जांबाज हैं। उनका हौसला बुलंद है। वहीं समाज के लोगों का यह अपेक्षा रहता है कि हमारी समस्या का समाधान पुलिस तत्क्षण करते हुए परिणाम दे। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि पुलिस वाले अपने आप को तनावग्रस्त महसूस करते हैं। सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने कहा कि आत्महत करना किसी समस्या का समाधान नहीं है। समस्या से भाग जाना यह व्यक्ति की प्रवृत्ति है। समस्या से निजात पाने के लिए संयुक्त परिवार में रहकर परिवार का सहयोग लेना चाहिए। लेकिन आज का जो दौर चल रहा है वह एकल परिवार का दौर हो गया है। जिसमें व्यक्ति को कई प्रकार के परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस कारण व्यक्ति अपने आप को तनावग्रस्त महसूस करता है। डीएसपी सुरजीत कुमार ने कहा कि व्यक्ति अत्यधिक काम के कारण तनावग्रस्त जीवन जीने को मजबूर है। लोग अवसाद से ग्रसित होने के कारण आत्महत्या करने की ओर बढ़ जाते हैं। मौके पर मनोरोग चिकित्सक डॉ आशीष कुमार ने अवसाद एवं तनाव से निपटने का सरल तरीका भी बताया। इस मौके पर साजेंट मेजर मोहित मोमिन कुजूर, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश दूबे, टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, टीओपी टू प्रभारी सुधीर कुमार सिंह, यातायात प्रभारी रामजीत सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा: त्रिलोकीनाथ

छात्रवृति नहीं मिलने पर आक्रोशित छात्रों ने उपायुक्त कार्यालय का किया घेराव




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के विभिन्न बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होने पर आईसा के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालया के समक्ष उग्र प्रदर्शन कर पोटिको में घुसकर धरना पर बैठ गये। छात्रों ने छात्रवृत्ति का भुगतान अविलंब करो, कल्याण विभाग होश में आओ, छात्र एकता जिंदाबाद सरीखे नारे लगा रहे थे। आईसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि त्रिपाठी बीएड कॉलेज, एलिट बीएड कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों में छात्रों की छात्रवृत्ति समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है जिस कारण उच्च शिक्षा ग्रहण करने में छात्रों को आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। घेराव की सूचना पाकर सदर सीओ जेके मिश्रा धरनास्थल पर पहुंचकर छात्रों की समस्याओं से अवगत होते हुए कहा कि बहुत छात्रों के छात्रवृत्ति की राशि बैंक में चली गई है। जिसका भुगतान बैंक द्वारा छात्रों के खाते में कर दिया जायेगा। मौके पर आइसा के राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, जिला सचिव गौतम दांगी, अध्यक्ष गुडू भुइयां, सुजीत कुमार, प्रमोद कुमार, प्रीती कुमारी, नीलम कुमारी, सबीता कुमारी, सालोनी कुमारी, चंचला कुमारी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

#### विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न करमा पूजा स्थलों में शरिक हुए पांकी विधायक

## झारखंड की संस्कृति आदिवासी समाज के कारण ही बचा है : डॉ शशिभूषण





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत एवं गांवों में करमा पूजा पारंपारिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें विभिन्न पंचायत के पूजा कमिटियों के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें नीलांबर पीतांबरपुर के ग्राम नावाडीह, तेनाल, कनौदा, पांकी प्रखंड के ग्राम पुरूषोत्तमपुर व तरहसी प्रखंड के ग्राम गोइंदी समेत अन्य स्थानों पर आयोजित करमा पूजा में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने भाग लिया। इस मौके पर विधायक ने पुरूषोत्तमपुर में पांच हजार रूपये एवं तरहसी के गोइंदी में 10 हजार रूपये पूजा समिति को सहयोग किया। कहीं पर मांदर देने एवं सरना अखाड़ा विधायक कोटे की राशि से निर्माण कराने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक डॉ मेहता ने करमा पूजा की शुभकामना देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ पर्व ही नहीं है बल्कि भाईयों की जीवन रक्षा के लिए बहनें उपवास कर करम से प्रार्थना करते हैं। झारखंड में भी राजतंत्र हुआ करता था। जिसमें आक्रमणकारियों ने आक्रमण की योजना बनाई थी जिसकी सूचना करम व धरम दो भाई को मिली। इसकी सूचना दोनों भाईयों ने राजा को देकर लोगों को बचाने का प्रयास किया। उसी समय विशाल करम पेड़ के नीचे सभी छूपकर अपनी जान बचाये थे तो आज झारखंड के धर्म संस्कृति में समाहित हो चुका है। मौके पर विरेंद्र उरांव, कमलेश यादव, निर्मल मेहता, अखिलेश चंद्रवंशी, अमरेश उरांव, मंजू उरांव, रेशमी कुमारी, स्वाति कुमारी, संगीता कुमारी, सुखदेव उरांव, सुकन उरांव, पाहन प्रकाश उरांव, गुड़िया कुमारी, शंकर शुक्ला, चंदन सोनी, प्रो बच्चन ठाकुर, जिला परिषद सदस्य रूपवती देवी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## प्रकृति को बचाने का संदेश देता है करमा: देवेंद्र सिंह

#### मनातू मे करमा पूजा में नावा टोली, भैसासुवा, भितडीहा, कैराडीह पहुंचे पूर्व विधायक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनातु पलामू।** प्रखंड के पदमा पंचायत स्थित कर्म पूजा को लेकर पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह मनातू प्रखंड के विभिन्न गांव में करमा के मौके पर पूजा पंडाल में भाग लिए। कमेटी के द्वारा विधायक को गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। मनातु के ग्राम-नावाटोली भीतडीहा कैराडीह (पदमा) में प्राकृतिक पर्व करमा पुजा के शुभ अवसर पर पुजा अर्चना कर मांदर की थाप पर अपनी बहनो के साथ झुमते पांकी कांग्रेस के पुर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह को भाईयो बहनो के द्वारा अंगवस्त्र फुलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने कहा कि यह प्रकृति का पूजा है। झारखंड में जोरो से मनाया जाता है जो यहां के आदिवासी जल जंगल जमीन की लड़ाई हमेशा लड़ते आ रहे हैं और उसी के आधारित प्रकृति पर्व कर्म पूजा आज हम सब मना रहे हैं। जो बहन अपने भाई के लिए एक दिन व्रत उपवास रहकर पूजा करती है। कहा कि कर्म पूजा विसर्जन के दौरान सावधानी से तालाब नदी में विसर्जन करेंगे क्योंकि विसर्जन के दौरान कई बड़ी-बड़ी घटनाएं घट जाती है इस पर ध्यान रखना की जरूरत है। मौके पर कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद, मंडल अध्यक्ष पंकज पासवान, समाजसेवी बबलू सिंह, अजय यादव, अवधेश यादव, इंदल उरांव, उपेंद्र उरांव, कर्मदेव राम, जय राम, पिंटू राम, मुखिया राम सुखू उरांव, कमेश उरांव, दिलीप सिंह, गुडू अहमद, रोहन यादव, सोनू यादव, माजिद आलम, गांधी भुइयां ,इंद्रदेव यादव भीतडिहा सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे।

## चैनपुर प्रखंड कार्यालय में हुई पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षा बैठक



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने की। बैठक में बरांव पंचायत के पंचायत समिति सदस्य लालजी चौधरी ने मनरेगा के गाय शेड का मामला उठाते हुए कहा कि भेंडरों द्वारा गाय शेड में सामान की आपूर्ति नहीं की जाती। इसके बावजूद भी गाय शेड का भुगतान 60-62 हजार रुपए ही किया जाता है ।इस पर बीपीओ अभय दुबे ने बताया कि प्रखंड में 6 भेंडर हैं। सभी भेंडर सामान की आपूर्ति करते हैं। इसकी जांच की गई है तथा भेंडर को निर्देश दिया गया है कि सामान की आपूर्ति करें और जो भेंडर सामान की आपूर्ति नहीं करते हैं उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पंचायत समिति सदस्यों नें मनरेगा के पैसे का बंदर बांट होने का आरोप लगाया। तब सचिव सह बीडीओ गिरवर मिंज ने कहा कि मनरेगा में छेदे छेद है और चोरी होता है तो बंदर बांट होगा ही। पंसस लालजी चौधरी ने आरोप लगाया कि बरांव पंचायत के पंचायत सचिव रविंद्र कुमार सिंह जन्म प्रमाण पत्र बनाने में 200 से 400 रुपए लेते हैं। पंचायत समिति सदस्य लालची चौधरी ने चापाकल मरम्मत मे हुई घोटाला की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।

## सांप्रदायिक शक्ति राज्य को अस्थिर कर रही : राजेंद्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष फजायल अंसारी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पार्टी की मजबूती एवं सदस्यता अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने के साथ ही पलामू जिला के प्रत्येक घरों में झामूमो का झंडा स्थापित करने समेत अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। परिसदन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि झामूमो ही एक ऐसी पार्टी है जो झारखंड में अल्पसंख्यकों को मान सम्मान व सुरक्षा प्रदान कर सकती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में अल्पसंख्यकों के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रही है। जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार जब कार्य कर रही है तो उसे भाजपा तोड़ने का काम कर रही है। जबकि झामूमो जोड़ने का काम करती है। सिन्हा ने कहा कि झारखंड में सांप्रदायिक शक्तियां राज्य को अस्थिर करने में लगी है लेकिन झामूमो के कार्यकर्ताओं के आगे उनकी एक नहीं चल रही है। चुनाव होनेवाले हैं इसमें कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए सांप्रदायिक शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब देने का काम करें।

### हुसैनाबाद : मुखिया के घर हवाई फायरिंग

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमण्डल के अतिसुदुरवर्ती क्षेत्र झड़गड़ा पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी के घर पर नकाबपोश अपराधियों के द्वारा हवाई फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया हैं। मिली सूत्रों से जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात्रि जब मुखिया अपने घर मे शो रहे थे तभी चार नकापोष अपराधी आये और उनका घर का दरवाजा खटखटाया जब दरवाजा नही खुला तो अपराधियों ने हवाई फायरिंग करते हुए निकल गए, सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण मुखिया ने इसकी सूचना शुबह में हुसैनाबाद थाना को दिया जिसके बाद पुलिस मामले के छानबीन में लग गयी हैं हालांकि घटना में कोई हताहत होने की सूचना नही हैं। वंही मुखिया अशोक चौधरी ने मीडिया को बताया कि कुछ दिन पूर्व भी माओवादी के नाम पर लेवि मांगने के लिए प्रयास किया था बरहाल यह मामला कोई नक्सली संगठन से जुड़ा है या नही इसकी पुष्टि नही हुई हैं। मुखिया के लिखित आवेदन पर पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी हैं। घटना स्थल से दो खोखा बरामद होने की सूचना हैं।

### मोटरसाइकिल के धक्का से ठेला चालक की मौत

**चैनपुर पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर किला के समीप मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब 7: बजे की बताई जा रही है। व्यक्ति की पहचान संतोष कुमार चंद्रवंशी उम्र 45 वर्ष पिता राम किशोर राम शाहपुर चंद्रवंशी मोहल्ल निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संतोष जिला के समीप ठेला पर भूंजना बेचने का कार्य करते थे। सोमवार की शाम करमा पर्व को लेकर शाहपुर एचपी पेट्रोल पम्प के समीप फल खरीदने के लिए सड़क पार कर रहे थे इसी दौरान डाल्टनगंज कि ओर से आ रहे स्प्लेंडर प्लस पर सवार युवक ने सीधा बाइक से टक्कर मारा। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां संतोष की मौत हो गई। पुलिस बाइक चालक को थाने ले आया। मृतक संतोष चंद्रवंशी के तीन बच्चे हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पारिवारिक विवाद में विवाहिता ने की आत्महत्या

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थान क्षेत्र के झगरुआ गांव में एक महिला ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने उसे तत्काल फांसी के फंदे से उतारकर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां जांचोपरांत चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार झगरुआ गांव निवासी उपेंद्र राम की पत्नी रीता देवी (20) ने घर मे किसी बात से नाराज होकर अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर रेहला पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु मेदनीनगर भेज दिया है।

### पंडित राजा राम मिश्र की पुण्य तिथि पर आयेंगे प्रख्यात गायक सत्यम

**मेदिनीनगर।** झारखंड के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ पलामू प्रमंडल में संगीत जगत के पुरोधा ख्याल सम्राट स्वर्गीय पंडित राजा राम मिश्र जी के प्रथम पुण्यस्मृति और स्वर्गीय पंडित राम रक्षा मिश्र के 28 वीं पुण्यस्मृति स्मरणोत्सव अवसर पर होटल चंद्रा रेसीडेंसी डाल्टनगंज में 20 नवंबर को आयोजित संध्याकालीन सांगीतिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम 'आराधना' में भाग लेंगे। तुम्हारी दौलत नई नई है' फेम मुम्बई के मशहूर सिंगर कुमार सत्यम। इसकी जानकारी कार्यक्रम के आयोजक देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्र एवं संचालक संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्र ने दी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक पद्मविभूषण पंडित किशन महाराज जी के पीढ़ी से पंडित शुभ महाराज (नई दिल्ली) का तबला वादन होगा। बनारस घराने के शास्त्रीय संगीतज्ञ पद्मविभूषण डॉ. पंडित छन्नू लाल मिश्र के परमशिष्य डॉ इंद्रेश मिश्रा (नई दिल्ली) का शास्त्रीय और उप शास्त्रीय गायन भी होगा।

## नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी को अरविन्द गुप्ता ने सौंपा 12 सूत्री ज्ञापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत छतरपुर में अनगिनत समस्याएं विद्यमान है, आज आलम ये है कि करोड़ो खर्च होने के बावजूद धरातल पर कहीं काम नहीं दिखता। नगर चुनाव के बाद ये पहला मौका है जब नगर पंचायत को अपना स्वतंत्र अधिकारी मिल पाया है। उससे भी नगर में विकास की उम्मीदें जगी है। अरविन्द ने जिन समस्याओं की ओर कार्यपालक अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है उनमें थाना परिसर, अमण्डलीय हॉस्पिटल परिसर, वन विभाग परिसर और मिडिल स्कूल परिसर में मार्केट काम्प्लेक्स का निर्माण करवा कर लोगो को रोजगार उपलब्ध कराने, नगर क्षेत्र में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटो के खरीद की जांच कराने, ज्ञापन में कहा गया है कि स्ट्रीट लाइटों की खरीदारी में लगभग दो करोड़ 48 लाख की अनुमानित लागत आयी है, अगर प्रति लाइटों की कीमत देखें तो प्रति लाईट की कीमत लगभग 85 सौ पड़ रही है जबकि वास्तविक मूल्य बेहद कम प्रतीत होता है।

## जागरूकता से ही एचआइवी दूर हो सकता है : सिविल सर्जन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य एडस नियंत्रण समिति द्वारा एडस उन्मूलन को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। इनके भविष्य के लिए एचआइवी का प्रचार प्रसार करते हुए एचआइवी के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देना अवश्यक है ताकि इससे युवा अपने आप को बचा सकें और दूसरों को भी बचाने का प्रयास करें। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह ने कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं के अंदर एचआइवी रोकथाम के लिए पहल करना आवश्यक है। मैराथन दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम वाल्टर कंडुलना, द्वितीय पुरस्कार सुधाकर कुमार व तृतीय रामस्वरूप यादव व महिला वर्ग में प्रथम आकांक्षा कुमारी, द्वितीय गांजी भेंगरा व तृतीय पुरस्कार संजीता कुमारी को प्रदान किया गया। इस मौके पर चंदन कुमार, आलोक कुमार सिंह, स्वर्णलता रंजन, काउंसेलर तनुजा, एआरटी के विकास कुमार, डीपीएक दीपक कुमार, अमित कुमार, कृष्ण मोहन शाही समेत कई लोग शामिल थे।

## विधिक जागरूकता को लेकर निकाली गयी प्रभात फेरी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू पलामू।** झालसा के निर्देश पर पांडू प्रखंड मुख्यालय बाजार में कानूनी जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी टेन प्लस टू के विद्यार्थियों ने निकाला। मौके पर बाल श्रम व बाल अधिकार पर चर्चा की गई। बेटी पढ़ाओ व बेटी बचाव को लेकर जागरूक किया गया।

मौके पर श्रीकांत तिवारी, शिक्षक शिव कुमार राम, रामेश्वर महतो, अंजनी कुमार तिवारी, मुमताज अंसारी, मीना कुमारी, सत्येंद्र पांडेय, आदेशपाल शामिल थे।

## कार्ड धारी ने बीससूत्री अध्यक्ष से की डीलर के खिलाफ शिकायत



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नेउरा पंचायत के डीलर देवनारायण सिंह के खिलाफ दर्जनों महिला पुरुष कार्डधारी ने डीलर के खिलाफ काम राशन देने तथा पर्ची नहीं देने का आरोप लगाया। कार्डधारी कुंती देवी, फुलेश्वरी देवी ने बताया कि उनका अंत्योदय कार्ड है फिर भी डीलर द्वारा 25 किलो राशन दिया जाता है। वही कार्डधारी संगीता देवी, विनीता देवी ,प्रमिला देवी, विनीता टोपनो, दुखनी देवी नें बताया कि डीलर द्वारा कम राशन दिया जाता है। जब इसका विरोध करते हैं तो कहा जाता है कि जहां जाना है जाओ ।कुछ नहीं होगा यही अनाज बेचकर मामला रफा दफा कर लेंगे। 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे ने डीलर को सही वजन में राशन देने तथा पर्ची भी देने को कहा ।अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे ने इसकी शिकायत प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पार्थ नंदन से की। आपूर्ति पदाधिकारी पार्थ नंदन ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## लाभूकों के बीच किया गया गाय का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत दो दुधारू गाय योजना की प्रथम चरण में दो लाभुकों क्रमशः रंजू देवी नावा बाजार एवं चैनपुर प्रखंड निवासी प्रतिमा देवी को 75%अनुदान पर एक -एक गाय दिया। गाय का वितरण क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन पलामू प्रमंडल ड़ा कुलदीप तिर्की द्वारा किया गया। मौके पर क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि व्यवसायी अच्छे नस्ल के पशु उपलब्ध करायें। ताकि लाभूकों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। पशुपालक अपने आय को बढ़ा सकते हैं। पशुपालक गाय का सही से ध्यान दें। मौके पर पशु शल्य चिकित्सक पलामू सह चैनपुर एवं नावा बाजार के प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ दीनबन्धु गुप्ता, स्टाफ पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अल्फ्रेड मिंज, सहायक कुकुट पदाधिकारी पलामू डॉ उदय सिन्हा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर ड़ा अनुप विलियम लकड़ा। मौके पर अनुप विलियम लकड़ा ने कहा कि गाय का तीन साल का बीमा किया जाता है, किसी भी तरह की अनहोनी होने पर पशुपालकों को बीमा का लाभ मिल सकता है। आपूर्तिकर्ता एमडी शाह आलम ने अच्छे नस्ल का गाय वितरण किया।

# लौटता मानसून

भारतीय मौसम विभाग ने बाकायदा सूचना जारी की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अब लौट रहा है। राजस्थान के कुछ हिस्से से वह चला भी गया। यूं तो इसकी वापसी की सामान्य तारीख 17 सितंबर है, मगर इस बार यह आठ दिन देरी से वापस लौट रहा है। आम आदमी बारिश के मिजाज देखकर यही सोचता होगा कि इस बार जमकर बारिश हुई है, लेकिन बारिश का औसत बताता है कि इस बार सामान्य से कुछ कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार अब तक 780.3 मिमी बारिश हुई है। जबकि सामान्य बारिश 832.4 मिमी मानी जाती है। बहरहाल, काले मेघों की वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। हिमाचल, उत्तराखंड आदि पर्वतीय राज्यों में दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार जमकर बरसा है। खासकर हिमाचल में बारिश का रौद्र देखने को मिला और भूस्खलन व बाढ़ में जन-धन की व्यापक क्षति हुई। इस बार मानसून तेरहवीं बार अपने निर्धारित समय से देरी से वापस लौट रहा है। वैसे तो मानसून का देर तक सक्रिय रहना खेती के लिये लाभदायक ही होता है। झारखंड में भी मानसून कम बरसा है। आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 सितंबर के नजदीक उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू कर देता है। फिर मध्य अक्तूबर तक मानसून की लगभग पूरी विदाई हो जाती है। वहीं देश में मानसून की विदाई के बीच कश्मीर में बर्फबारी होने की खबरें हैं। लद्दाख में भी बर्फबारी की खबरें हैं। हिमाचल के बारे में कहा जा रहा है कि वहां मानसून की विदाई हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में खूब धूप खिलेगी। जाहिर है तापमान में वृद्धि होगी। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बारिश के पैटर्न में भी बदलाव आया है। इस बार का मॉनसून अनियंत्रित, अनियमित और कही बाढ़ तो कही सूखाड़ वाला रहा है। आने वाले बरसों में इसकी तैयारी करनी होगी।

# विदेशी पूंजी का लाभ

जेपी मॉर्गन ने गत सप्ताह यह घोषणा की कि भारत सरकार के बॉन्डों को उसके उभरते बाजारों के सरकारी बॉन्ड सूचकांक में शामिल किया जाएगा। इस खबर से वित्तीय बाजारों और सरकार दोनों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस सूचकांक में 236 अरब डॉलर की प्रबंधन योग्य परिसंपत्ति है और चूंकि इसमें भारत की हिस्सेदारी 10 फीसदी होगी इसलिए अनुमान है कि प्रक्रिया पूरी होने पर इसमें 24 अरब डॉलर मूल्य के सरकारी बॉन्ड शामिल होंगे। यह प्रक्रिया जून 2024 में आरंभ होगी। समय के साथ इस सूचकांक द्वारा ट्रैक की जाने वाली परिसंपत्तियां भी बढ़ेंगी और फंड की आवक में भी इजाफा होगा। चूंकि भारत के सरकारी बॉन्डों को व्यापक रूप से ट्रैक किए जाने वाले सूचकांक में शामिल किया जा रहा है इसलिए यह संभव है कि ऐसे अन्य सूचकांक भी समय के साथ इसमें शामिल होना चाहेंगे। इनको शामिल किया जाना सक्रिय फंड प्रबंधकों को भी प्रोत्साहित करेगा कि वे भारत सरकार के बॉन्डों में आवंटन बढ़ाएं।भारत सरकार के बॉन्डों की मांग में इजाफे को सैद्धांतिक रूप से देखें तो इससे सरकार की उधारी लागत कम होगी। परंतु बाजार ने इस घोषणा को लेकर बहुत अधिक उत्साह नहीं दिखाया क्योंकि पूंजी की वास्तविक आवक में अभी भी समय है। भारत सरकार के बॉन्ड पर अपेक्षाकृत कम प्रतिफल राज्यों और निकायों को भी कम लागत पर ऋण लेने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा विदेशी पूंजी की आवक में वृद्धि चालू खाते के घाटे की भरपाई करने में भी मदद करेगी। ऐसे में भारत सरकार के बॉन्डों को अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में शामिल किए जाने के कई लाभ देखने को मिल सकते हैं। संभावित लाभों को देखते हुए भारत सरकार भी कुछ समय से सूचकांकों में शामिल किए जाने का प्रयास कर रही थी।

# कौन बना रहा गांधी के सपनों का स्वच्छ भारत





- आर के सिन्हा

> अब वह समय आ गया है जब सभी को एकजुट होकर स्वच्छता व्यवस्थाएं बरकरार रखने के लिए योगदान देना होगा, ताकि जो व्यवस्थाएं स्थापित हो चुकी हैं उनमें स्थायित्व बना रहे, स्वच्छता सेवाएं सुचारु रूप से बनी रहें, इसके लिए अपने हिस्से का सहयोग तो देना होगा। ये काम तो सरकार के हैं, स्थानीय निकायों के हैं या सफाई कर्मचारियों के हैं, तो हमें योगदान देने की क्या जरूरत है।

**महात्मा** गांधी का दिल्ली के मंदिर मार्ग पर स्थित वाल्मीकि मंदिर में देश की आजादी से पहले रहना बेहद खास था। वे वहां एक अप्रैल 1946 से 10 जून, 1947 तक रहे। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। गांधी जी वहां पर स्थानीय वाल्मीकि परिवारों के बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें साफ-सुथरा रहने के महत्व को बताते थे। वे अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते थे। अब जब गांधी जयंती आने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, तो इस सवाल पर भी विचार करना होगा कि मौजूदा सरकार के सत्तासीन होने से पहले देश में साफ-सफाई को लेकर किसी तरह का कोई आंदोलन क्यों नहीं चल रहा था?

हां, गांधी जी का नाम उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर बहुत लिया जाता रहा है । आप मानेंगे कि गांधी जी की स्वच्छता को लेकर रही सोच को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। साल 2014 में यह मुहिम छेड़ी गई और यह ऐसा पहला अवसर था जब देश के किसी प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया। संयोग देखिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसी वाल्मीकि बस्ती में अपने हाथों से झाड़ू लगाकर 'स्वच्छ भारत' अभियान की शुरूआत की थी, जहां पर बापू रहे थे और साफ-सफाई को लेकर बड़े-बच्चों को बताया करते थे।

देखिए महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया था। ये कोई भी मानेगा कि जिस स्वच्छता अभियान का 2014 में श्रीगणेश हुआ था, उसका बड़े पैमाने पर असर देखने को मिल रहा है। देखते ही देखते यह मिशन जन आंदोलन बन गया और अब इस मिशन के नौ साल पूरे होने जा रहे हैं, तो वास्तव में स्वच्छता की दृष्टि से तस्वीर काफी हद तक बदली हुई नजर आ रही है। फिर भले ही उसमें देश की राजधानी में हुए जी-20 सम्मेलन का अहम योगदान रहा हो या फिर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए गए ऐसे प्रयासों का, जो पहले कभी नहीं हुए।

अब देश के विभिन्न शहरों के निकायों में अपने शहर को सबसे अधिक स्वच्छ रखने की एक स्वस्थ होड़ सी मची हुई है। भारत सरकार की तरफ से देश के सबसे साफ-शहरों की सूची भी जारी होने लगी है। सरकार के ताजा वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार छह बार स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम कर लिया है। देश के टॉप 10 स्वच्छ शहरों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही के एक कार्यक्रम में पुरस्कृत किया। इस सूची को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी की देखरेख में उनका मंत्रालय हर वर्ष तैयार करता है। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की प्रगति आंकने के लिए विभिन्न स्वच्छता और स्वच्छता मानकों के आधार पर शहरी स्थानीय निकायों को रैंक करने के लिए सर्वे देशभर के शहरों में किया जाता है। देश के 10 सबसे साफ शहरों की सूची में देश की राजधानी नई दिल्ली और नवी मुंबई जैसे मेट्रो सिटी भी शामिल हैं। बड़े शहरों के अलावा, हरिद्वार को एक लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में सबसे स्वच्छ गंगा शहर घोषित किया गया। वहीं शिव की नगरी वाराणसी और ऋषिकेश को भी इसमें शामिल किया गया है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के देवलाली को देश का सबसे स्वच्छ छावनी बोर्ड का खिताब मिला है। अब उन शहरों की सूची को भी देख लेते हैं, जो देश के 10 सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल किए गए हैं। इनमें इंदौर के बाद सूरत, नवी मुंबई, विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, भोपाल, तिरुपति, मैसूर, नई दिल्ली, अंबिकापुर शामिल हैं।

यह सही है कि गांधी जी के स्वच्छ भारत का सपना देश के समक्ष एक बेहद कठिन चुनौती था, पर जिस तरह से 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन पूरा देश हर साल ह्यस्वच्छ भारत दिवसह्न के लिए एक साथ खड़ा दिखता है। आज प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक स्वच्छता के पखवाड़े चलाए जा रहे हैं । प्रधानमंत्री के जन्मदिन को ह्यस्वच्छता और सेवा दिवसह्न के रूप में मनाया जा रहा है। यही वजह है कि गांधी जी का स्वच्छ भारत का सपना आज साकार होता हुआ दिख रहा है, जिसके लिए ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्न का रास्ता अपनाया है।

एक समय था जब स्वच्छता की दिशा में ऐसे परिवर्तनों की कल्पना करना भी मुश्किल था, मगर अब परिवर्तन साफ नजर आ रहे हैं तो स्वच्छता के प्रति देशवासियों को अपनी कुछ अहम जिम्मेदारियां समझने की भी सख्त जरूरत है।

अब वह समय आ गया है जब सभी को एकजुट होकर स्वच्छता व्यवस्थाएं बरकरार रखने के लिए योगदान देना होगा, ताकि जो व्यवस्थाएं स्थापित हो चुकी हैं उनमें स्थायित्व बना रहे, स्वच्छता सेवाएं सुचारु रूप से बनी रहें, इसके लिए अपने हिस्से का सहयोग तो देना होगा।

अगर कोई ऐसी धारणा रखता है कि ये काम तो सरकार के हैं, स्थानीय निकायों के हैं या सफाई कर्मचारियों के हैं, तो हमें योगदान देने की क्या जरूरत है। ऐसी धारणा रखने वाले इतना तो कर ही सकते हैं कि स्वच्छता के प्रति अपने व्यवहार में परिवर्तन ले आएं, सफाई नहीं कर सकते तो कम से कम गंदगी न फैलाएं। पूरे देश को स्वच्छ बनाना वास्तव में कोई आसान काम नहीं है, इसलिए यह केवल सरकार, स्थानीय निकायों या सफाई कर्मचारियों के बस की बात नहीं है। क्या हमें ये तय नहीं करना चाहिए कि आने वाले सालों में जब हम महात्मा गांधी की जयंती मनाएंगे, तो हमारे गांव, शहर, गली, मोहल्ला, स्कूल, और अस्पताल, कहीं भी गंदगी नहीं होगी? यह काम अकेले सरकार से नहीं होता, जन-भागीदारी से होता है इसलिए हम सभी को मिलकर करना है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## खास बात

## जी-20 के आगे

**चीनी** राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लिए जी-20 शिखर बैठक में आना जरूरी नहीं था। वो जकार्ता में चल रही आसियान शिखर बैठक की ग्रांड सफलता चाहते थे। चीन का मीडिया उन्हीं खबरों से लबरेज रहा, जिसे पूर्वी एशियाई देशों का मीडिया फॉलो कर रहा है। मंशा यही है कि जी-20 बैठक को महत्वहीन साबित किया जाए, उसकी कवरेज कम से कम हो। जकार्ता की बैठक में चीनी प्रधानमंत्री ली छियांग मंगलवार को अपना वक्तव्य दे रहे थे। 26वीं चाइना-आसियान शिखर बैठक, 26वीं आसियान प्लस थ्री, और 18वीं ईस्ट एशिया समिट के बाद ली छियांग इस आलेख के छपने तक भारत प्रस्थान कर चुके होंगे। जी-20 की शिखर बैठक में ली छियांग शायद उन सवालों को उभारें, जिसपर चीन को आपत्ति है।

चीन की बुनियादी आपत्ति जी-20 समारोहों का उन भारतीय इलाकों में होना था, जिसपर वह जबरदस्ती का दावा ठोकता है। कुछ दिन पहले चीन ने एक तथाकथित मानक मानचित्र जारी किया जिसमें अरुणाचल प्रदेश, अक्साईचिन के साथ-साथ ताइवान और दक्षिण चीन सागर पर क्षेत्रीय दावा किया गया। चीन हर साल इस तरह के मानक मानचित्र जारी करता है। यह पहली बार है कि भारत ने चीनी दावों को खारिज करते हुए इस मानचित्र पर कड़ा एतराज किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले इस नक्शे का प्रकाशन चीनी शरारत ही कहा जाना चाहिए। जोहान्सबर्ग की बैठक में शी और मोदी की मुलाकात, सीमा विवाद के हल के लिए पहल संबंधी जो बयान जारी हुआ था, उससे लगा था कि अब गाड़ी पटरी पर चलने लगेगी।

शी को यह भी लगा कि पुतिन के बगैर यदि वो दिल्ली शिखर बैठक में जाते हैं, तो कहीं उनकी कूटनीतिक घेरेबंदी न हो जाए। शी का दिल्ली बैठक में नहीं आना भी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के लिए बड़ी खबर बन गई, जिसकी व्यापक कवरेज देखकर लगता है कि जैसे सबकुछ पूर्वनियोजित हो। शी 14 मार्च 2013 को चीन के राष्ट्रपति बने, तब से वो लगातार जी-20 की शिखर बैठकों में जाते रहे। अपवाद के रूप में 2021 की बैठक में शी आभासी रूप से स्क्रीन पर दिखे। वह कोविड काल था।

गुमला के रायडीह प्रखंड स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात श्रीधर ज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हो कर छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया

**-सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

प्रकृति-पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

**- हेमंत सोरेन**





गोरखपुर स्थित मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि में नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण हुआ। शिक्षा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता यह विवि विकास की नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहे। हार्दिक बधाई!

**- योगी आदित्यनाथ**

# स्वान सिद्धांत

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**सप्ताह** में एक बार समय निकालकर किसी एकांत स्थान में चार कागज लेकर बैठ जाओ। पहले कागज पर अपने सामर्थ्यों, अपने गुणों को लिखो। दूसरे कागज पर अपनी कमजोरियों को लिखो। तीसरे कागज पर अपनी महत्वाकांक्षाओं, अभिलाषाओं और अपेक्षाओं को लिखो। चौथे कागज पर अपनी आवश्यकताओं को लिखो। ये तुम्हारे जीवन की वास्तविक आवश्यकताएँ होनी चाहिए, कामनाएँ नहीं। इस सूची को कालांतर में बढ़ाते जाओ। यह काम एक दिन में पूरा नहीं होगा। मुझे अपनी सूची बनाने में कई महीने लगे। एक सप्ताह मैं कोई एक चीज जोड़ता, फिर अगले सप्ताह जब विश्लेषण करता तो सोचता, 'नहीं, यह सही नहीं है। मुझे यह चीज यहाँ से हटाकर दूसरी सूची में डालनी चाहिए। यहाँ कुछ और आना चाहिए।' इस प्रकार तुम भी अपने सामर्थ्यों, कमजोरियों, महत्वाकांक्षाओं और आवश्यकताओं का विश्लेषण करो। इसमें समय जरूर लगेगा। हो सकता है एक महीना लगे, हो सकता है दो-तीन महीने लगें। लेकिन धीरे-धीरे तुम अपने स्वभाव और चरित्र के बारे में बहुत कुछ जानने लगोगे।

तुम अपने सामर्थ्यों के प्रति सजग बनोगे और जीवन की ऐसी परिस्थितियों में, जहाँ तुम्हारी कमजोरियां उजागर होती हैं, वहाँ तुम उन कमजोरियों के प्रतिपक्ष सामर्थ्यों का प्रयोग कर उन परिस्थितियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाओगे। बल्कि अपनी त्रुटियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का प्रयास है। (रिखिया आश्रम)

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार: कॉटून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडीटर

### लुप्त होती प्रजातियां

**स्टेट** बर्ड्स ऑफ इंडिया के एक अध्ययन अनुसार देश में पक्षियों की कई प्रजातियों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। इनमें से कुछ तो लुप्त भी हो चुकी हैं। कुछ लुप्त होने की कगार पर हैं। बढ़ती इंसानी आबादी और विकास के चलते पेड़-पौधे नष्ट हो रहे हैं। वातावरण असंतुलित हो रहा है। विश्व भर में पक्षियों की प्रजातियां धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं।

**-विभूति सिंह, गढ़वा**

### एकता और समानता

**जनप्रतिनिधि** संस्थाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण एक बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि इससे महिलाओं को राजनीति क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा। जब सभी दल इस बिल को संसद में मंजूरी दे चुके हैं जब भारत कभी भी उन्नति और समृद्धि की ओर बढ़ता है तो उसे क्यूं वर्ग और जाति के जाल में फंसा कर बढ़ने नही दिया जाता।

**-मुस्कान सैनी, रांची विवि**

# श्रीगुरु गोविन्द पदे, करिया उद्देष बन्दी माता गौरी गणेष, दया कर शारदा शेष।



**डॉ हराधन कोईरी**

**उत्तरकांड** का यह पद गोस्वामी तुलसी रचित मानस के इस छंद की याद दिलाती हैं- **नभ दुंदुभीं बाजहिं बिपुल गंधर्ब किंनर गावहीं।नाचहिं अपछरा बृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं। भरतादि अनुज बिभीषनांगद हनुमदादि समेतते।**

**गहे छत्र चामर ब्यजन धनु असि चर्म सक्ति बिराजते।**

पंचपरगना की धरती में विनन्दिया द्वारा रचित रामकथा और कृष्ण कथा के पद रचे बसे हैं। उनके पद काव्य-रसिकों और झूमर गायकों के कंठाग्र हैं। पंचपरगना की जनता वैष्णव धमार्नुरागी हैं। इसलिए उस क्षेत्र में राम और कृष्ण को मानने वाले अधिक हैं। इस क्षेत्र में राधा-कृष्ण के मंदिर अधिक हैं, राम के थोड़े कम। पंचपरगना की धरती की एक खास विशेषता यह है कि जब कभी साहित्यिक सांस्कृतिक व धार्मिक अनुष्ठान का अयोजन होता है। तब-तब महात्मा विनन्द रचित गोष्ठपाला वंदना को पारम्परिक वाद्य-यंत्र (ढोल, ढाँक, नगड़ा, खौल, खापु ) के साथ सस्वर गया जाता है। यह परम्परा अभी भी जीवित है। जिसका प्रभाव बंगाल के पुरूलिया जिला में भी देखने को मिलता है। वह लोकप्रिय पद है-

**श्रीगुरु गोविन्द पदे, करिया उद्देष**

**बन्दी माता गौरी गणेष, दया कर शारदा शेष।तुमी आदि तुमी अन्त, तुमी नाग शेष।**

**अज्ञानेरी ज्ञान उपदेष, दया कर शारदा शेष,विनन्दियार गुचाव अन्धेष, दयाकर शारदा शेष।।**

## धर्म

कवि विनन्दिया के रामकथा संबंधी कुल 124 (एक सौ चैबीस) गीति पद हैं जो आदि झूमर संगीत में संकलित हैं। इसमें बालकांड के तीन, अयोध्याकांड के उन्नतीस, अरण्यकांड के इक्कीस, किष्किन्धाकांड के नौ, सुन्दरकांड के चौवालीस, लंकाकांड के सत्रह और उत्तरकांड के एक पद हैं। चिर परिचित रामकथा में कवि की चार मौलिक उद्भावनाएँ हैं- राम का राज तिलक के लिए राजा दशरथ द्वारा नेवता भेजवाना, सीता द्वारा राजा दशरथ को बालू का पिंडदान कराना, राम का वियोग वर्णन, मन्दोदरी का स्वप्न देखना और रावण को सुनाना आदि। संसार के स्वामी अनादि,परम ज्योति राम के अनन्त चरित्र हैं। उन चरित्रों को सुनने से मन प्रफ्फुलित होता है। मानव जीवन की मति और गति राम के चरणों में होना चाहिए। राम-सीता जगत के माता-पिता हैं। विनन्दिया कहते हैं --' रामेर चरित्र जत, सुनि चित्त उल्लसित, असंख्य महिमा तार, बुझा नहीं जाय, चारी युगान्त, इबे अमर, ना करि अत्येर आस, ह्यगति मति जीवन मरने, श्रीचरण अन्ये नाहीं मने और ह्यराम सीता माता-पिता जगतेर पालनकर्ता, युगे-युगे ना छाड़िहो सेई राग आदि पंक्तियों के माध्यम से राम के आदि, अनादि, परम ज्योति होने का स्वरूप स्वतः सिद्ध हो जाता है। परम पवित्र राम कथा को कविवर विनन्दिया ने 'शिव - गौरी ' संवाद के रूप में प्रस्तुत किया है उन पदों में ग्यारह रसों का सुन्दर चित्रण मिलता है। भक्ति और करुण रस में तो मानो ये सिद्धहस्त

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि पंचपरगनिया भाषा-साहित्य में रामकथा का गान करने वाले कवियों में महात्मा विनन्दिया का नाम सर्वोपरि है। पंचपरगनिया का भक्ति साहित्य इनके ऋणी हैं। इन्होंने ही सर्वप्रथम पंचपरगना की धरती में रामकथा रूपी गंगा बहायी है। एतदर्थ इन्हें पंचपरगनिया का वाल्मीकि कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। रामानुरागी सुधी पाठकों व अन्वेषकों से जब इनकी कविता की भेंट होगी तब इनकी लोकप्रियता पंचपरगना की धरती से निकलकर विश्वव्यापी होगी।

**(समाप्त)**

# सनातन के विरोध की सच्चाई क्या है?

**वीरेंद्र सिंह परिहार**

**सनातन** अथवा हिंदू धर्म के विरोध का सिलसिला एक प्रयोग है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे एवं राज्य सरकार के मंत्री उदय निधि के बाद डीएमके के ए राजा और प्रियंक खड़गे के बाद बिहार राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगतानंद सिंह भी इस मैदान में कूद चुके हैं। कार्ति चिदंबरम, मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री जी. परमेश्वर टीका टिप्पणी से पीछे नहीं रहे। इन सब का उद्देश्य तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री पोनगुडी ने व्यक्त कर दिया की विपक्ष के गठबंधन बनाने का मकसद ही सनातन का विरोध करना है। यह निर्विवाद सच्चाई है कि हिंदू धर्म शास्त्रों में ऐसी कोई सूची नहीं है, जिसमें ऐसा कहा गया हो कि फला फला जातियां अछूत हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि वेदों में छुआछूत का कोई उल्लेख नहीं है। हिंदू धर्म शास्त्रों में वर्ण व्यवस्था का जरूर उल्लेख है लेकिन वर्ण भेद का नहीं। हिंदू शास्त्रों में जो शूद्र शब्द का उल्लेख है इसका अर्थ शिल्पी या कुशल कलाकार होता है। इन्हीं परंपरागत व्यवसाय वालों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्मदिन और विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में दिल्ली में मिले। उनकी समस्या जानी। इस अवसर पर 300000 रुपये तक का गारंटी का लोन देने का ऐलान किया। निश्चित रूप से इससे उनके और उनके परिवार के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा।

सच्चे अर्थों में प्राचीन जाति व्यवस्था की तुलना आधुनिक आर्थिक गिल्डो से की जा सकती है। आज के दौर में सनातन का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्व हिंदू परिषद 1969 के उडुपी सम्मेलन में यह घोषित कर चुकी है हिंदवासोदराः सर्वेयानी सभी हिंदू भाई-भाई हैं। निसंदेह उदय निधि जैसे लोग जब सनातन का विरोध करते हैं तो इसमें उसी धारा का प्रवाह होता है जो डीएमके का मुख्य उद्देश्य रहा है- सनातन और हिंदू धर्म को गाली देकर सत्ता में बने रहने की राजनीति? इसके पहले रामा स्वामी पेरियार के कारनामों से देशवासी परिचित होंगे, जिन्होंने आर्य बनाम द्रविड़ की थ्योरी विकसित करते हुए अलग द्रविड़स्तान की मांग की थी। बीते कई सालों से यह मुद्दा ठंडा पड़ा हुआ था।

गौर करने की बात यह है कि आखिर इसी समय सनातन का मुद्दा क्यों उठाया गया। जबकि कभी विवेकानंद ने इसी सनातन की पताका पूरे विश्व में फहराई थी। गांधी जी भी अपने को सनातनी और हिंदू कहने में गर्व महसूस करते थे। महान इतिहासकार अर्नाल्ड टायनबी ने लिखा है-हिंदू धर्म ह्यजियो और जीने दोह्न का धर्म है। इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हिंदू होने पर गौरव महसूस करते हैं और खुलकर जय श्री राम बोलते हैं।

आज पूरी दुनिया में कहीं न कहीं हिंदू धर्म के प्रति उसकी सहिष्णुता और वैज्ञानिकता के चलते आकर्षण बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह बात समझ के परे है कि हमारे देश में ही सनातन का ऐसा विरोध क्यों? दिखता तो यह है कि जो लोग सनातन में भेदभाव और असमानता की शिकायत कर रहे हैं, वह कुल मिलाकर जातिवाद की शिकायत कर रहे हैं, पर वही लोग जातिवाद को बढ़ावा देने के लिए खास तौर पर पिछड़ी जातियों को अपने पक्ष में करने के लिए यह सभी उपक्रम कर रहे हैं। इनको लगता है कि ऐसा करके वह चुनाव में भाजपा को चुनौती दे सकते हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708 48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पूरब शौर्य ने नीतीश भारद्वाज को सौंपा स्केच आर्ट



**गढ़वा।** गढ़वा के युवा चित्रकार पूरब शौर्य ने महाभारत सीरियल के कृष्ण नीतिश भारद्वाज से मुलाकात कर उन्हें उनका स्केच आर्ट प्रदान किया। नीतीश भारद्वाज छत्तीसगढ़ के रामानुगंज में संस्कार भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वहां आए हुए थे। इस दौरान गढ़वा संस्कार भारती के पदाधिकारी व अन्य कलाकारों ने नीतीश भारद्वाज से मुलाकात की। उन्होंने पूरब से उनका नाम पूछा तथा उनके द्वारा बनाए गए स्केच की सराहना की। महाभारत के श्रीकृष्ण से मुलाकात करने वालों में संस्कार भारती के झारखंड प्रांत मंत्री नीरज श्रीधर स्वर्गीय, अंजली शाश्वत, कौस्तुभ, अर्चना कुमारी आदि के नाम शामिल है।

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कान्हाचट्टी।** प्रखंड के अंतर्गत राजपुर पंचायत में स्वच्छता सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के थीम कचरा मुक्त भारत के तहत कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर मगंलवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजपुर पंचायत में सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ऐसे स्थलों को चिह्नित किया जा रहा है। साथ ही भविष्य में कूड़ा जमा न हो इसके लिए लोगों को जागरूक कर लगातार प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर वार्ड सदस्य घनु दांगी सुशील सिंह ,चंदन केसरी ,छोटू गुप्ता, राहुल ठाकुर, राजेश ठाकुर, शंभू पासवान ,सोनू लाल, पवन केसरी, आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**कांडी।** प्रखंड के राणाडीह पंचायत के सोहगाड़ा गांव में डॉ भीमराव अम्बेडकर उन्नत ग्राम अभियान के तहत पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया। पंचायत मुखिया ललित बैठा, जिप सदस्य नेहा कुमारी, जिप प्रतिनिधि सुजीत कुमार व बीडीसी उषा देवी ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर कर पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर पंचायत मुखिया ललित बैठा ने बताया कि सोहगाड़ा गांव का चयन भीमराव अम्बेडकर उन्नत ग्राम अभियान के तहत किया गया है। जिसमें 500 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण होगा। साथ ही डीप बोर, नल जल व 20 सोलर लाईट भी लगाया जायेगा। मौके पर गोविन्द कुमार, आरती देवी, राम विजय राम, पंसस प्रतिनिधि अशोक बैठा, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, शशि कुमार, स्वयंसेवक चंदन कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### जल गुणवत्ता निगरानी व अनुश्रवण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**सतगावां (कोडरमा)।** जल जीवन मिशन अंतर्गत मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय में जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे संबंधित पंचायत के सभी जलसहिया, जल सखी पानी समाती के महिला, वार्ड सदस्यों को जल की गुणवत्ता जांच से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने सभी जल सहिया को जल की गुणवता जांच करने हेतु फिल्ड टेस्ट कीट दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि आज दूषित जल के सेवन से कई बीमारियां हो रही है। मौके पर रामपुकार प्रसाद, अमित कुमार, जयराम कुमार, मंटू चैधरी, मनोरमा देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, अमित कुमार, जयराम कुमार आदि मौजूद थे।

### ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना परिसर में मंगलवार की संध्या थाना प्रभारी विनोद कुमार की अध्यक्षता में मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर के कई कमेटियों के द्वारा जुलूस निकालने की बात कही गई, जो जुलूस झंडा चैक तक जाएगा। इसे लेकर बैठक में आम सहमति बनी और एक तय समय सीमा के अंदर जुलूस निकालने की बात कही गई। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी बैठक में सहमति बनी की झंडा चैक पर ज्यादा समय तक जुलूस नहीं रुकेगा। वहीं गुमो से निकलने वाले जुलूस के लिए एनएच पर एक ओर सड़क पर वाहनों का आवागमन रोकने की बात कही गई, जिससे जुलूस को आने एवं जाने में कोई परेशानी नहीं हो। बैठक में जैन समाज के द्वारा भी जुलूस का समय निर्धारण करने की बात कही गई क्योंकि पर्युषण पर्व को लेकर उसी दिन जैन समाज के द्वारा भी जुलूस निकाला जाएगा। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, एसआई श्रवण कुमार राम, सुरेश झांझरी, रमेश हर्षधर, गुलाम जिलानी, शमीम आलम, घनश्याम तुरी, भुनेश्वर यादव, मो. सिराज खान, मानिकचंद सेठ, मो. शहजाद, मो. सागर, मो. मिनहाज, मो. अशरफ, सऊद आलम, मो. रिजवान वारसी आदि मौजूद थे।

### मेरिडियन अकादमी के विवेक का चयन राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मेरिडियन अकादमी प्लस टू विद्यालय गुमो के नवम वर्ग के छात्र विवेक कुमार सिंह का चयन 67वीं एस.जी.एफ.आई. राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में विवेक कुमार अंडर 14 बालक वर्ग के 62 किलो वजन भार फ्री स्टाइल कुश्ती में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए चयनित विवेक सिंह को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा आयोजित कैंप में 25 से 30 सितंबर तक कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप में हिस्सा लेने जाने से पूर्व विद्यालय के निदेशक डॉ श्रीनिवास कुमार एवं प्राचार्य अभिषेक कुमार पाण्डेय के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर विवेक कुमार सिंह एवं उनके पिता चंदन सिंह तथा माता खुशी सिंह को पुष्प माला पहना कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीईओ नयन कुमार, शिवकुमार मलिक, कमलाकर शर्मा, ईशा गुप्ता, जय प्रकाश सिंह, विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक तथा शिक्षकेतर कर्मचारी व बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

करमा पर्व महोत्सव में मांदर बजाकर झूमे मंत्री, किया साड़ी व मांदर का वितरण

# हम सब अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के प्रति संकल्पबद्ध हैं : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



करमा पूजा करते मंत्री

**गढ़वा।** जिले भर में करमा पूजा की धूम रही। विभिन्न गावों में काफी धूमधाम से करमा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न गावों में आयोजित पूजा समारोह में भाग लिया। इन मौकों पर मंत्री ने पूजा अर्चना कर उपहार स्वरूप साड़ी एवं मांदर का वितरण किया। तत्पश्चात सामूहिक पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा प्रखंड कमिटी रंका के तत्वाधान में बरदरी गांव स्थित आम बगीचा परिसर में, गढ़वा प्रखंड के कुसमाहा गांव, बरवाडीह, रमकंडा प्रखंड के बरवा, रमकंडा स्कूल के मैदान में, चिनियां प्रखंड आईटीआई परिसर चिनियां, मेराल प्रखंड में बाना, लातदाग, गढ़वा प्रखंड में बीरबंधा तथा नगदरवा आदि गांव में आयोजित करमा पूजा महोत्सव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भाग लिया। इन स्थानों पर मंत्री ने दीप जलाकर एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि हम सब अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने के प्रति संकल्पबद्ध हैं। सभी को करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं खुशहाल रहने की कामना की। मंत्री ने कहा कि करमा पर्व भादो मास की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। भाई की सुख समृद्धि के लिए बहने उपवास करती है। यह पर्व झारखंड के आदिवासी मूलवासी सभी मिलकर मनाते हैं। कर्मा झारखंड के आदिवासियों का एक प्रमुख त्योहार है। इस मौके पर पूजा करके आदिवासी अच्छे फसल की कामना भी करते हैं। साथ ही बहनें अपने भाइयों की सलामती के लिए प्रार्थना करती हैं। यह पर्व झारखंड के साथ-साथ अन्य राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा एवं बंगाल के आदिवासियों द्वारा भी धूमधाम से मनाया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम सचिव, मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चैबे, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, दिलीप गुप्ता, अहमद अली अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, कार्तिक पांडेय, पप्पू यादव आदि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक की मौत, दो घायल

तेज रफ्तार की वजह से हुई दुर्घटना



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण पथ में मंगलवार की दोपहर पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई है।दुर्घटना तेजी से आ रहे दो मोटरसाइकिल के आपस में टकराने के कारण हुई है। मृतकों में झुमरी तिलैया का विक्की कुमार, सागर कुमार तथा इटखोरी का मुकेश रविदास शामिल है। वही इस मोटरसाइकिल दुर्घटना में झुमरी तिलैया का ही आयुष शर्मा और सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। झुमरी तिलैया के उपरोक्त चारों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर इटखोरी की ओर आ रहे थे। जबकि मुकेश रविदास अपनी स्कूटी से चौपारण की ओर जा रहा था। पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल तथा स्कूटी में आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिससे पांचो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के पश्चात थाना प्रभारी विनोद कुमार ने पांचो घायल युवकों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के पश्चात घायल युवकों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। लेकिन हजारीबाग जाने के दौरान रास्ते में विक्की कुमार तथा इटखोरी के मुकेश रविदास की मौत हो गई। वहीं इलाज के दौरान सागर की भी मौत हो गई।

## बीडीओ ने टीम गठित कर दिया वेंडर की दुकान की जांच कराने का निर्देश

**भवनाथपुर।** मनरेगा योजना के लाभुकों की शिकायत पर बीडीओ जयपाल महतो ने जांच टीम गठित कर मनरेगा योजना में सामग्री आपूर्ति करने वाले वेंडर अंसारी ट्रेडर्स की दुकान की जांच कराने का निर्देश दिया। जांच टीम में शामिल बीपीओ तहमीद अंसारी, कनीय अभियंता विजय शंकर रॉय व सहायक अभियंता अखिलेश प्रसाद ने मनरेगा वेंडर अंसारी ट्रेडर्स द्वारा मनरेगा योजना के तहत संचालित कूप निर्माण, गाय शेड निर्माण में लाभुकों के बीच बिना मैटेरियल की आपूर्ति किये बगैर ही सामग्री के बदले पैसा भुगतान में उक्त भेंडर द्वारा पदाधिकारियों को कमीशन देने के नाम पर पैसो के भुगतान में पैसो की कटौती किये जाने संबंधित मामले की जांच की जायेगी। वहीं बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि लाभुकों के शिकायत पर मनरेगा योजना में सामग्री आपूर्तिकर्ता वेंडर अंसारी ट्रेडर्स के विरुद्ध जांच चल रही है। जांच पूरी होने तक मनरेगा के तहत किसी भी योजना की सामग्री आपूर्ति में उक्त वेंडर के बिल वाउचर सेव करने पर रोक लगा दी गई है।

जानते चले कि प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के लाभुकों ने बीडीओ तथा गढ़वा उप विकास आयुक्त को पत्र लिख मनरेगा योजना में सामग्री अपूर्तिकर्ता अंसारी ट्रेडर्स के खाते में सामग्री की राशि भुगतान के बाद उक्त भेंडर द्वारा रॉयल्टी व कमीशन के नाम पर अधिक मात्रा में पैसा काटे जाने की शिकायत की थी। जबकि उक्त भेंडर द्वारा किसी भी लाभुक के बीच सामग्री का आपूर्ति नहीं किया गया और लेटर पैड पर फर्जी सामग्री लिख कर दिया था।

### विद्युत करंट लगने से एक युवक की मौत, एक घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित डोंगोडीह में सोमवार की रात्रि लगभग 9:30 बजे करमा पूजा के दौरान विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आ जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल ले जाने लगे। सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में एक युवक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान डोंगोडीह निवासी 35 वर्षीय विनोद साव रूप में की गई, जबकि घायल की पहचान 16 वर्षीय विशाल कुमार पिता सीताराम साव के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि विशाल विद्युत करंट की चपेट में आया जिसे तत्परता दिखाते हुए विनोद साव बचाने गया, बचाने के क्रम में विनोद ने विशाल को तो बचा लिया, लेकिन खुद को नहीं बचा सका और विनोद साव गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को परिजनों ने सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने विशाल कुमार को उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया। वहीं घायल विनोद साव को मृत घोषित कर दिया।

## ग्रामीणों ने प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को बनाया बंधक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को बंधक बनाया गया। बताते चलें कि प्रखंड के मरचोई गांव में डीलरों के द्वारा कम राशन वितरण किया जा रहा था, जिससे वहां के ग्रामीणों में काफी रोष था। बता दें कि सैकड़ों राशन कार्डधारी के द्वारा मरचोई पंचायत के मुखिया उत्तम सिंह के घर को घेराव किया। कार्डधारी का कहना था कि हमें पूरी तरह से राशन नहीं दिया जा रहा है। जब तक हमें पूरी तरह से राशन नहीं मिलेगा तब तक हमलोग सभी कार्डधारी आपके घर के पास हीं बैठे रहेंगे। मुखिया उत्तम सिंह के द्वारा कार्डधारी को समझाया गया और प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दिया गया। वहीं शिकायत मिलने पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी खुद जांच पड़ताल किए। वहीं डीलर के राशन दुकान पर पहुचें प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विजय शंकर प्रसाद को देखकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने लगी और देखते ही देखते ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को बंधक बना कर रखा। वहां के मुखिया उत्तम सिंह के द्वारा ग्रामीणों को समझाते हुए सबसे पहले प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अक्रोशित कार्डधारी के भीड़ से उन्हें हटाया गया। वहीं डीलर को कड़ी फटकार लगाते हुए पूरी राशन देने की बात कही, साथ ही साथ सभी डीलरों को दो दिनों के अंदर बकाया अनाज का वितरण करने के लिए लिखित प्रमाण लिया गया, जिसका गवाह के रूप में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी स्वयं रहे। मौके पर सतीश कुमार, पंकज सिंह, पिकू सिंह, ललिता देवी, सोनी, रिंकू देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पोषण अभियान के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेराल।** राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान के तहत मंगलवार को बाल विकास एवं पिरामल फाउंडेशन द्वारा आईसीडीएस कार्यालय के सभागार में विश्व गर्भनिरोधक दिवस एवं पोषण माह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर शिल्पा कुमारी एवं जिला उप समन्वयक मोहम्मद अखलाक द्वारा पोषण स्टॉल के माध्यम से पौष्टिक आहार बनाने तथा स्वास्थ्य रहने के लिए कई टिप्स बताए गए। पर्वेक्षिका एकता नाथ द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए साफसफाई पर विशेष ध्यान देने तथा मोटे अनाज मकई, ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो का सेवन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन मोटे अनाज के सेवन से शारीरिक व मानसिक विकास होगा तथा बीमारियों से भी छुटकारा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान तीन गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कर सम्मानित किया गया। वहीं सेविकाओं के शिकायत पर गैस एजेंसी को सेंटर पर गैस सिलेंडर आपूर्ति के लिए पत्र प्रेषित किया गया। मौके पर पर्वेक्षिक स्वस्तिका रानी, पुष्प, विभा, सुषमा, नागवंती, गुलशन, उषा, अमरावती, नसीमा व अन्य शामिल थें।

## बजरंगबली की मूर्ति के अपमान पर टंडवा रहा बंद



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा के सुप्रसिद्ध चुंदरु धाम में स्थापित बजरंगबली की मूर्ति पर कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा अपमान किए जाने के खिलाप गुरुवार को टंडवा रहा बंद। ज्ञात हो कि 23 सितंबर को बीते रात्रि चुंदरु मंदिर प्रांगण में स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा पर कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा जूता का माला पहनकर शर्मनाक घटना का अंजाम दिया था। जिसके खिलाप स्थानीय विधायक किशुन दास ने कड़ी शब्दों ने निंदा करते हुवे प्रशासन से कहा कि यदि 24 घण्टे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार नही की जाती है तो टंडवा को बंदी कर चतरा सांसद डॉ सुनील सिंह समेत पूरे प्रखंड वासियों के साथ सड़क पर उतर जाने की चेतावनी दी थी। जिसका समर्थन टंडवा व्यवसायिक संघ ने गम्भीरता से लेते हुवे गुरुवार को व्यवसायिक संघ टंडवा के सारे प्रतिष्ठान बंद कर दी। जिसका असर पूरा टंडवा क्षेत्र को हुवा।

# विरोधियों की नकारात्मक राजनीति से कोई फर्क नहीं, विकास के पथ पर बढ़ता रहेगा गढ़वा: मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** रमकंडा प्रखंड के बरवा स्कूल के मैदान में आयोजित करमा पूजा महोत्सव के दौरान भाजपा छोड़कर 50 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार के बेहतर कार्यों का परिणाम है कि आज पूरे गढ़वा जिला सहित राज्य भर में दूसरी पार्टियों को छोड़कर लोग काफी संख्या में झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार मिली है। जनता सरकार के कार्यों से पूरी तरह संतुष्ट है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता अच्छी तरह से जानती है कि आज से चार वर्ष पूर्व गढ़वा की क्या स्थिति थी, और आज गढ़वा की स्थिति सबके सामने है। पूरी तरह से जर्जर एवं खोखला हो चुके गढ़वा में चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। लोग इस बात को अच्छी तरह से समझ चुके हैं। सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोगों का रुझान झामुमो की ओर बढ़ा है। मंत्री ने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिनिधि में यदि काम करने की इच्छा शक्ति हो तो क्षेत्र को विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता है।

## एक नजर में

### झामुमो नेता भीखम चंद्रवंशी का निधन, दाह संस्कार में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश



**गढ़वा।** झामुमो नेता मेराल प्रखंड के दुलदुलवा ग्राम निवासी भीखम चंद्रवंशी का निधन हो गया। वे पंचायती राज विभाग के विधायक प्रतिनिधि थे। उनके निधन पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गहरी व्यक्ति की है। निधन की खबर मिलते हैं मंत्री ठाकुर ने स्व. चंद्रवंशी के घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि स्व. चंद्रवंशी सरल स्वभाव के हर दिल अजीज व्यक्ति थे। ये पार्टी के लिए पूरी तरह से समर्पित थे। इनका समर्पण लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, फुजैल अहमद, कंचन साहू, दीपमाला, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने ऑनलाइन सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन माध्यम से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याएं सुनी। वहीं उक्त मौके पर उपायुक्त के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सिमरिया प्रखंड क्षेत्र से आए एक व्यक्ति ने बताया कि मेरी बच्ची की शादी हो चुकी है और उसे कन्यादान योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है। इस संदर्भ में अपर समाहर्त्ता ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी को जल्द से जल्द सरकारी नियमों के तहत योग्यता की जांच करते हुए कन्यादान योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार भूमि विवाद, रोजगार से संबंधित समेत अन्य मामलें शामिल थे।

### ब्लू स्टोन अवैध उत्खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करें : उपायुक्त



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में अवैध पत्थर, क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व वन विभाग द्वारा जारी कार्रवाई का संयुक्त रूप से रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। जिन जिन क्षेत्रों में अभियान चलाया गया समुचित रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। वहीं रेंजर, थाना प्रभारी व सीओ संयुक्त रूप से अवैध रूप से खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। बिना चालान या गलत चालान को लेकर खनन परिवहन करते वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं चेकनाका को सक्रिय करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, डीएमओ दारोगा राय, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सभी सीओ एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

### सड़क दुघर्टना में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर दो हजार दिया जायेगा : उपायुक्त

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, हिट एंड रन मामले समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने डीटीओ को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा समिति, नगर निकाय और थाना से संयुक्त टीम बनाकर बिना हेलमेट, दुपहिया वाहनों का नियमित चेकिंग जांच करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रेशर हॉर्न पर नियमित कार्रवाई करें। घायलों को मदद करने के लिए जगह जगह पर गुड़ सेमेरिटन को पोस्टर लगायें। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों को मदद करने अस्पताल पहुंचाने वाले नेक नागरिक को राज्य सरकार के प्राप्त मार्गदर्शन पर 2000 की राशि दी जायेगी। उन्होंने डीटीओ को निर्देश दिये कि इस तरह के मदद करने वाले गुड़ सेमेरिटन को तत्काल सम्मान की राशि दें। उपायुक्त ने सड़क दुघर्टना में कमी लाने को लेकर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु विद्यालय, महाविद्यालय और थाना में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिये। वहीं उन्होंने हिट एंड रन से संबंधित मामलों को निस्तारण करने की बात कही। सड़क सुरक्षा को लेकर एनएच द्वारा की गई कार्रवाई को एसडीओ को जांच करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सभी थाना प्रभारी व संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

### झोलाछाप डॉक्टरों को जांच कर सख्त कार्रवाई करें : मेघा भारद्वाज

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति एवं जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णय पर हुई कार्यवाही की जानकारी सिविल सर्जन से ली गई। बैठक में क्लीनिकल स्टेलिबेंट से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ, जिसपर समिति के सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर क्लीनिकल स्टेलिबेंट को लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। समिति के सदस्य में शामिल सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि को भ्रूण हत्या, लिंग जांच की रोकथाम को लेकर जागरूकता करने को कहा गया। उपायुक्त ने सीओ, थाना प्रभारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल व झोलाछाप डॉक्टरों को जांच करने का निर्देश दिये। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएस डॉ. मनोज कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक आदि मौजूद थे।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के वरीय सदस्य मो. आरिफ अंसारी एवं संचालन निदेशक प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में प्राचार्य नवीन कुमार ने एसएमसी के नए सदस्यों का स्वागत किया और एजेंडा पर चर्चा की। वहीं निदेशक ने विद्यालय द्वारा संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी समिति के पदाधिकारी और सदस्यों को दी गई। वहीं उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन में विद्यालय की छात्राओं ने भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू और झारखंड के महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राखी बांधी, जो विद्यालय की विशेष उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने समिति को बताया कि विद्यालय में टर्म 1 की परीक्षा संचालित हो रही है, इसकी कॉपियों का त्रुटि रहित मूल्यांकन पर जोर दिया जा रहा है।

### पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**भवनाथपुर।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ सह सीडीपीओ जयपाल महतो ने कहा कि सभी बच्चों, किशोरियों और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के सही पोषण के लिए पोषण अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर 6 महीने तक शिशुओं को केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की समुचित देखभाल करने की सलाह दी। मौके पर पर्यवेक्षिका सुचिंता कुमारी, रिंकी कुमारी, वीणा चैरसिया, रेखा देवी, अनिता देवी, रेखा गुप्ता, अजंता देवी, माया देवी, मीना देवी, तिलेश्वरी देवी, सुनीता देवी, अंचला देवी व अन्य मौजूद थें।

स्पीड न्यूज

### महुआमिलान स्टेशन के समीप पेड़ गिरने से 2 घर क्षतिग्रस्त

➲ एक सप्ताह बाद भी नही हटा पेड़, भुक्तभोगियों में रोष

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन के किनारे लगा इक्लिप्ट्स का पेड़ गिर गया। पेड़ के गिरने से निर्मल सिंह व सुनील रजवार का घर व चहारदीवारी क्षतिग्रस्त हो गया। भुक्तभोगियों ने बताया कि पेड़ गिरने से उन्हें काफी नुकसान हुआ है। इसकी सूचना उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को दी है, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अब तक पेड़ को नहीं हटाया गया है ना ही मुआवजा मिले इस दिशा में कोई पहल किया गया है। आगे कहा कि अगर गिरे हुए पेड़ को तत्काल हटाते हुए मुआवजा प्रदान नही किया गया तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।

### शहर से लेकर गांवों में रही करमा पूजा की धूम

**चंदवा।** भाई-बहन के बीच पवित्र प्रेम व प्रकृति उपासना का पर्व करमा चंदवा में धूमधाम से मनाया गया। चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाको में करमा की धूम रही। सोमवार की शाम को करम डाली को काटकर अखरा व आंगन में स्थापित किया, जहां बहनों एवं महिलाओं ने विधिवत करम डाली की पूजा अर्चना कर भाइयों के दीघार्यु होने की कामना की। इसके बाद लोग ढोल एवं मादर की थाप पर करमा गीत पर रात भर जमकर तिरके। मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात करम डाली व जाउआ का विसर्जन नदी, तालाब व सोरवारो में किया गया। मंगलवार को भी पूरे प्रखंड में युवक-युवतियां मांदर की थाप पर थिरकते रहे।

### कैंप लगाकर हीमोग्लोबिन का किया गया जांच


जांच करती टीम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ स्वास्थ्य विभाग की ओर से बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को एक कैंप आयोजित कर हीमोग्लोबिन की जांच किया गया। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत लैब टेक्नीशियन संदीप कुमार ने बताया की शिविर का आयोजन बाल विकास परियोजना के पत्र के आलोक में किया गया है। जिसमें 45 आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका का हीमोग्लोबिन की जांच हेतु सैम्पल संग्रह किया गया। आगे उन्होंने बताया कि हीमोग्लोबिन टेस्ट रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को मापने के लिए किया जाता है। यह टेस्ट आनुवंशिक रक्त रोगों, एनीमिया और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों का पता लगाने में मदद करता है। मौके पर बाल विकास परियोजना केंद्र की पर्यवेक्षक कामिनी कुमारी, पंकज कुमार पांडे मलेरिया पर्यवेक्षक सहित कई आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका उपस्थित थी।

### झामुमों कार्यकताओं ने नये अंचल अधिकारी का किया स्वागत


स्वागत करते जेएमएम कार्यकर्ता।

**महुआंडाड़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा जिला सचिव परवेज आलम के नेतृत्व में युवा कमिटी महुआडाड़ के द्वारा महुआडाड़ के नए अंचल अधिकारी को बुके देकर स्वागत किया गया और अंचल अधिकारी ने भी क्षेत्र के बारे में जानकारी ली क्षेत्र की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष सैफ अली, प्रखंड सचिव नवीन प्रकाश तिर्की, युवा उपाध्यक्ष मेहंदी हसन, कोषाध्यक्ष अरसद अंसारी मौजूद थे।

### प्राकृतिका पर्व करमा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न


विसर्जन करने जाते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों मे परंपरिक तरीके से प्राकृतिक का पर्व करमा शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुआ। सभी ने बाजे गाजे के साथ नाचते गाते अपने-अपने नजदीकी तालाब व नदियों मे करमा डाली को विसर्जन किया। प्रखंड के गाड़ी, फूलसु, बालूभांग, डाढ़ा, साल्वे, टोटी, अमरवाडीह, सिबला, भाटचतरा, गोनिया सहित सभी गांव के टोले मुहल्ले मे युवतियों ने बिते रात गाँव के पाहन पुजारी द्वारा विधिवत करमा डाली को गड़वाया। मंगलवार को सभी पारवैतिन ने भाइयों के सहयोग से करमा डाली को नाचते गाते अपने-अपने नजदीकी तालाब व नदियों मे विसर्जन किया। आदिवासी समुदाय के महिला पुरुषों ने पुराने परम्परा के साथ मांदर ढोल के साथ नृत्य किया। इधर कई सामुदाय के श्रद्धालुगण रिकॉडिंग गाना व पुराने गीतों के साथ रात भर झूमते रहे।

# बाल विकास परियोजना कार्यालय पोषण माह पर कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** मुख्यालय परिसर स्थित बाल विकास कार्यालय सभागार मे पोषण माह पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि ने धातृ और गर्भवती महिलाओं के बेहतर पोषण के प्रति जागरूक करने के आगंनबाड़ी सेविकाओं को प्रेरित किया। बीडीओ सह सीडीपीओ विजय कुमार के साथ महिला पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, मीरू झा, रूबी रानी, पूजा विनायक ने कहा कि गर्भावस्था में संतुलित आहार के सेवन की बात कही। इसके लिए हरी साग-सब्जी, मूंग का दाल, सूखे मेवे, दूध, अंडा आदि का सेवन करने को आवश्यक बताया गया। पोषण माह मनाए जाने के दौरान भारत गैस एजेंसी प्रतिनिधि मनोज कुमार, दिलीप जायसवाल आदि ने आंगनबाड़ी सहायिका को गैस के प्रयोग की जानकारी दी। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का मानदेय भुगतान, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभ की सत्यापित सूची का संकलन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभुकों का चयन, पोषण ट्रैक्टर एप में शत-प्रतिशत डाटा इंट्री एवं लाभुकों का आधार सत्यापन सुनिश्चित करना, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, पोषण माह के तहत निर्धारित गतिविधियों का आयोजन, डैशबोर्ड में डाटा एंट्री की प्रगति, आंगनबाड़ी केदो में मूलभूत आवश्यकताओं पीएससी किट समेत अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। मौके पर शोभा देवी, मीना देवी, विद्या रानी, सुकृता मिंज, शांति देवी, शशिबाला पाठक, प्रर्मिला कुमारी, सुषमा वैद्य, सविता समेत अन्य मौजूद थे।

## बांध से संदिग्ध अवस्था मे गुमशुदा बालक का शव मिलने के मामले में परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, जांच की मांग

➲ बीते शनिवार 23 सितंबर से गुमशुदा था चिरन गंझू का मृतक आकाश गंझु

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जांच की मांग करते परिजन।

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के जिलिंग ग्राम स्थित मुरसेरवा बांध से गुमशुदा बालक आकाश गंझू (12 वर्ष) के शव बरामदगी के मामले में परिजनों ने प्रशासन से हत्या के दृष्टिकोण से जांच करने की मांग की है। मंगलवार को मृतक के पिता चिरन गंझू, चाचा मोहन गंझू, जोहन गंझू व अन्य चंदवा थाना पहुंचे व हत्या की आशंका व्यक्त करते हूए पुलिस को लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की। परिजनों ने बताया कि आकाश गंझु 23 सितंबर को अचानक गायब हो गया था, काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चला। 25 सोमवार की शाम जिलिंग के ग्रमीणों के माध्यम से पता चला कि जिलिंग मुरसेरवा बांध में एक बच्चे का शव देखा गया है। सूचना पाकर हम सभी वहां पहुंचे तो शव आकाश गंझु का था। परिजनों ने कहा है कि शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि आकाश की हत्या कहीं अन्यत्र करने के बाद तालाब में फेंका गया है। परिजनो ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर हत्यारो का खुलासा करने की भी मांग की है। इधर मामले में पुलिस ने मिले आवेदन के आधार पर सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जांच करने का भरोसा परिजनों को दिया है।

### बारियातू अंचल मे 13 वें सीओ ने लिया पदभार


स्वागत करते लोग।

**बारियातू।** अंचल कार्यालय में 13 वें अंचलाधिकारी के रूप में नन्द कुमार राम ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। तत्कालीन बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने नियम संगत प्रभार सौंपा। प्रभार ग्रहण के पश्चात सीओ श्री राम ने कहा की अंचल क्षेत्र के ग्रामीणों को जमीन से संबंधित मामला को निपटारा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम जनता जमीन संबंधित समस्या को लेकर स्वयं मिल सकते हैं। किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बिचौलिए पर नकेल कसा जाएगा। सीओ के पदभार के बाद अंचल कर्मियों ने नवनियुक्त सीओ राम व तत्कालीन सीओ कुमारी को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर प्राधान लिपिक कपिलदेव सिंह, सीआई अनील होरो, हल्का कर्मचारी नन्देव राम, राजु राम, संदीप कुमार, अंचल अमिन संजय यादव, ऑपरेटर बिरेंद्र टोप्पो, अनुसेवक राकेश कुमार, बिन्देश्वर राम, अबदुल बाकी के अलावा उपेन्द्र सिंह, मो. शौकत, ज्योति कुमार, प्रितम कुमार मौजूद रहे।

## डीडीसी कार्यालय के समक्ष जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यो ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धरना में बैठे जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य।

**लातेहार।** डीडीसी कार्यालय के समक्ष मंगलवार को जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सदस्यो ने धरना दिया। जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के लगभग डेढ़ वर्ष पूरे हो चुके हैं। परंतु इन डेढ़ वर्षो में कार्य व्यवस्था पूरी तरह से शिथिल है जिसका खामियाजा क्षेत्र में जिला परिषद सदस्यों के झेलना पड़ रहा है। वही जिला परिषद कार्यालय के साथ जिले के लगभग सभी विभागों के द्वारा सदस्यों की शिकायत, सदन में उठाये गये सवालों को गंभीरता से नहीं लिया जाता और सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। जिसे हम सब सदस्यों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

**जिला परिषद की मांगे**

जिला परिषद की स्थायी समिति का गठन जल्द से जल्द कराया जाए जिला परिषद सदस्यों के अंतर्गत आने वाले विभागों की जानकारी के साथ-साथ सभी सदस्यों के कार्य और दायित्व को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आयोजित हो। जिला परिषद कार्यालय के माध्यम से सदस्यों के समस्या और सवालों को त्वरित निपटारा करने का कार्य किया जाए।, जिला परिषद सदस्यों को सरकार के माध्यम से मिलने वाले विभिन्न भत्तों और मानदेय को समय पर दिलवाने में कार्यालय के माध्यम से गभीरता से कार्य किया जाए समेत कई मांगे शामिल है।

एक नजर में

### महुआडांड़ डिपाटोली में हुआ केनरा बैंक का उद्घाटन


उद्घाटन करते पदाधिकारी।

**महुआंडाड़।** डिपाटोली में बुधवार को केनरा बैंक का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, महुआंडाड़ थाना प्रभारी आषुतोष यादव, जेनरल हेड मनोज कुमार, संजय कुमार फादर दिलीप के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। मौके पर जेनरल हेड मनोज कुमार,ने कहा कि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता ग्राहकों को हर संभव बेहतर रुप से से सर्विस देना है हमारा बैंक ग्राहकों के सहयोग से ही चलेगा। उद्घाटन के उपरांत से ही केनरा बैंक का खाता खोलना प्रारंभ कर दी गया है इस बैंक में मैनेजर के रूप में रौशन तिर्की को पदस्थापित किया गया है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप ब्रांच मैनेजर से संपर्क कर सकते हैं। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने कहा कि यहां बैंक खुल जाने से लोगों की समस्या कम होगी अगर बैंक के द्वारा ग्राहकों को बेहतर सेवा दिया जाएगा तो ग्राहक खुद बा खुद बैंक से जुड़ेंगे। ज्ञात हो कि महुआंडाड़ में सिर्फ दो बैंक भारतीय स्टेट बैंक व ग्रामीण बैंक पहले से मौजूद है तीसरा बैंक खुल जाने से लोगों को और सुविधाएं मिलेंगी। मौके पर फादर रोशन, ग्राम प्रधान सुमन एक्का,सुहैल अख़्तर, मनीष सिंह, राकेश प्रसाद, संतोष सिंह, वसीम अख्तर,अजय प्रसाद, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 30 सितंबर को समाप्त हो जायेगी ब्याजमाफी योजना, लाभ उठावें: अंकित कुमार


अपिल करते कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार

**लातेहार।** कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने कहा कि आगामी 30 सितंबर को बिजली बिल में ब्याज माफी योजना समाप्त हो जायेगी। उन्होने इस योजना का लाभ उठाने की अपील लोगों से की। उन्होने कहा कि बकायादार अथवा वैसे उपभोक्ता जिनका बिजली कनेक्शन कट गया है वे भी इस ब्याज माफी योजना का लाभ ले कर बिजली कनेक्शन पुनः करा सकते हैं। अंकित कुमार मंगलवार को मनिका प्रखंड के विद्युत शक्ति उपकेंद्र में आयोजित ब्याज माफी योजना शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होने लोगों से नियमित बिजली बिल जमा करने की अपील की, कहा कि बिजली बिल बकाया रहने पर सर्टिफिकेट केस व कुर्की की भी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होने कहा कि बिजली कनेक्शन कट जाने के बाद बाइपास कर बिजली जलाते पकड़ने जाने पर जुमार्ना व कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शिविर में कुल छह उपभोक्ताओं ने ब्याज माफी योजना का लाभ लिया। इन छह उपभोक्ताओं का कुल 1,69,810 रुपए का ब्याज माफ किया गया। मौके पर अकबर अंसारी, अमीर खान व ज्ञानचंद कुमार समेंत कई लोग मौजूद थे।

### बारियातू, बालुमाथ व हेरहंज के लगभग 1746 हरा कार्डधारियों को मार्च से अब तक नहीं मिली राशन, करमा पर्व रहा फीका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** एकीकृत प्रखंड बारियातू, बालुमाथ व हेरहंज के लगभग 1746 ग्रिन कार्ड धारियों को मार्च से अब तक राशन नहीं मिलने से प्रमुख त्योहार प्रकृति पर्व करमा फिका रहा। कार्डधारियों ने बताया कि हमलोगों का ग्रिन कार्ड है, जिसमें पांच से सात परिवार का नाम अंकित है जो मार्च से सितम्बर तक लगातार सात महिना से जनवितरण प्रणाली दुकान के द्वारा राशन नहीं दिया गया है। जिस कारण हम गरीब परिवारों को बरसात एवं महत्वपूर्ण पर्व करमा में भी खाने के लिए तरसना पड़ा। कार्ड धारियों ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से अविलंब शेष सभी सात माह का राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। डीलरों से इस संबंध में बात करने पर बताया कि झारखंड सरकार द्वारा पुर्व में ही सभी डीलरों के पास राशन उपलब्ध करा दिया गया है, पर टेक्निकल समस्या के कारण ई-पोश मशीन मार्च माह से नहीं खुल पा रहा है जिसके कारण राशन बांटने से असमर्थ हूँ। अगर सरकार मेनुअल तरिके से हम डीलरों को राशन बांटने की अनुमति देती है तो आज से ही सभी कार्डधारीयों के बीच राशन वितरण कर दिया जायेगा। बारियातू बीडीओ सह प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी से बात करने पर बताया कि सभी जनवितरण प्रणाली के दुकान मे ग्रिन कार्ड धारियों का राशन उपलब्ध हैं। पर मार्च माह से ही विभाग द्वारा ऑनलाइन ना होने के कारण इ-पोशं मशीन मे वितरण का प्रक्रिया नहीं आ रहा है। जिस कारण कार्डधारियों के बीच पीडीएस दुकानदारों द्वारा वितरण नहीं किया गया। मै जिला से बात कर वितरण कराने मे लगी हूँ।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया करमा पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारू।** प्रखंड के अंतर्गत बारेसांढ़ थाना क्षेत्र के सरनाधाम में ग्रामवासी (सरना समिति) रामसेली नावाटोली, बारेसांढ़ द्वारा आयोजित करमा पूजन महोत्सव के अवसर पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवप्रोन्नत आईपीएस सरोजिनी लकड़ा शामिल हुई श्रीमती लकड़ा का गृह क्षेत्र में पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए आइपीएस श्रीमति लकड़ा ने सभी क्षेत्र वासियों को करमा पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि करम पर्व हमें कर्म करने को इंगित करता है। कर्म करने से ही बदलाव, समृद्धि और विकास होता है उन्होंने कहा कि जो भी हमारा कर्म है उसे अपना धर्म समझकर करना चाहिए। हमें आज के दिन आनंद और उत्साह से संकल्प लेना चाहिए कि हमें आगे ईमानदारी और कर्मठता के साथ काम करें, आज के इस तकनीकी युग में मोबाईल का सदुपयोग कर आगे बढ़ें युवा. नकारात्मकता से दुरी बनाएं. सीमित संसाधनों में भी मेहनत कर मुकाम पाया जा सकता है। वही प्राकृतिक पर्व करमा पूजा बैगा और पाहन के द्वारा विधि विधान के साथ अखड़ा में करमा डाली गाड़ कर पूजा अर्चना किया गया। वही ढोल मांदर के साथ आदिवासी परिवार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया है साथ ही प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस मौके पर आईपीएस सरोजिनी लकड़ा, जिप सदस्य के अध्यक्षा पूनम देवी, जिप सदस्य जीरा देवी, मुखिया सुभाष कुमार सिंह, थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव, एसआई पवन कुमार रजक, समेत अन्य गणमान्य को करमा पूजा समिति के द्वारा सम्मानित किया गया।

### पूर्व प्रधानाध्यापक रामधारी शुक्ला का निधन कई गणमान्य लोगों ने किया शोक व्यक्त


रामधारी शुक्ला।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के टेमराबार ग्राम निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक रामधारी शुक्ला का निधन मंगलवार सुबह रांची स्थित ओर्कीड अस्पताल में ईलाज के दौरान हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे। सोमवार की देर रात उनकी सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां जांचोपरांत डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। ओर्कीड अस्पताल में ईलाज के दौरान मंगलवार की सुबह 7:00 बजे निधन हो गया। रामधारी शुक्ला अपने दो पुत्रों के साथ भरा पूरा परिवार छोड़कर गए। जिनका अंतिम संस्कार बालूमाथ रेलवे ओवरब्रिज के समीप मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक दल के लोगों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में शशिभूषण प्रसाद सिन्हा, पप्पू चौबे, अवनीकांत पाठक, ललन चौबे, जगनारायण पाठक, संजीव सिन्हा, श्यामसुंदर यादव, दर्शन तिवारी, मोतिउरर रहमान, बलजीत राम, गोपाल सिंह, जनदर्न शुक्ला, रंजय सिंह, शैलेश सिंह, सुनील पांडे समेत कई लोगो के नाम शामिल है।

## राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन ने किया भाजपा का पुतला दहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुतला दहन करते तेली समाज के लोग।

**लातेहार।** भाजपा के गुमला जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा के द्वारा राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के खिलाफ की गयी टिप्पणी के विरोध मे महासंगठन ने मंगलवार को भाजपा का पुतला दहन किया। इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद ने किया। श्री प्रसाद ने कहा कि अरविंद मिश्रा ने राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन को बदनाम करने की नीयत से अनर्गल बयानबाजी की है। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा नेता मिश्रा ने राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के पदाधिकारियों को छुटभैया नेता व राजनीतिक सौदेबाज कहा था। इसके विरोध में इससे पहले भी झारखंड कई जिलों में पुतला दहन किया जा चुका है। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा नेता अरविंद मिश्रा के ऐसे बयानो से भाजपा को नुकसान होगा। तेली समाज एक बहुत बड़ा वर्ग है और यह भाजपा को अपना वोट देते आया है। लेकिन अगर भाजपा नेता ऐसी अनर्गल बयानाजी करेगें तो भाजपा को इससे नुकसान होगा। भाजपा के प्रदेश नेताओं को ऐसी बयानबाजी करने वाले नेताओं पर लगाम लगाना चाहिए, नहीं तो आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है। मौके पर राष्ट्रीय तेली साहु महासंगठन के प्रदेश महामंत्री राजू रंजन प्रसाद ने भी अरविंद मिश्रा के इस बयान की निंदा की। इस अवसर पर तेली समाज के कई नेता व सदस्य मौजूद थे।

## लातेहार-रांची के सीमाने पर स्थित रेलवे कन्स्ट्रक्शन साइट पर माओवादियों ने फूंक दी एक करोड़ की संपति

# घटना में नक्सली रवींद्र गंझू का हाथ होने की बात आ रही है सामने

- माओवादी हमले के बाद कन्स्ट्रक्शन साइट पर दिखा मातमी सन्नाटा, काम काज ठप
- सोमवार की शाम महत्वाकांक्षी तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी केईसी कंपनी की साइट पर हुआ था माओवादी हमला

**खबर मंत्र संवाददाता**


जला हुआ कार।

**लातेहार/खलारी।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत लातेहार-रांची के सीमाने पर कॉमर्शियल कॉरिडोर के तहत पतरातू से सोन नगर तक बन रहे महत्वाकांक्षी तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी केईसी कंपनी के मैकलुस्कीगंज चट्टी नदी मुक्तिधाम लपरा पर स्थित साइट पर सोमवार की शाम प्रतिबंधित नक्सली संगठन माओवादियों ने अचानक धावा बोल दिया। इस दौरान माओवादियों ने केईसी कंपनी के साइट पर कार्य कर रही सहयोगी कंपनी वीबीवी इंफ्रा के पोकलेन, हाइवा, डीजी, जनरेटन व एक कर्मी का क्रेटा कार को जलाकर खाक कर दिया। इस घटना में कम्पनी को लगभग एक करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उक्त घटना में मोस्ट वांटेड माओवादी रविंद्र गंझू के हाथ होने की बात सामने आ रही है। हालांकि इसकी पुष्टि प्रशासन ने नही की है। जांच में जो तथ्य सामने आ रहे हैं वह नक्सलियों के हाथ होने की ओर इशारा कर रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नदी की ओर से फायरिंग करते हुए माओवादियों का दस्ता लगभग 10 की संख्या में आ धमके। गोली की आवाज के बाद कुछ कर्मी साइट से भाग निकले वहीं जो कर्मी पकड़े गए उनके मोबाइल छीन लिया व मशीनों व वाहनों में आग लगा दी, जिसके बाद कर्मियों का मोबाइल वापस कर चलते बने। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों का दस्ता निंद्रा काली चौक में कई रांउड फायरिंग भी की, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना के बाद मैक्लुस्कीगंज पुलिस घटना स्थल पहुंची व घटनास्थल का जायजा लिया, लेकिन पुलिस को कुछ भी हाथ नही लगा। इस संबंध में मैक्लुस्कीगंज थाना में कांड संख्या 33/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## हमले के बाद कन्स्ट्रक्शन साइट पर कामकाज ठप

इधर माओवादी हमले के बाद कंस्ट्रक्शन साइड पर मातमी सन्नाटा पसर गया है व कामकाज भी पूरी तरह से ठप हो गया है। घटना के बाद मंगलवार की सुबह रांची ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, खलारी इंस्पेक्टर फरीद आलम, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय, चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार, टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, एसआई सुमित कुमार भगत, जगुवार एक कंपनी, सैट का बटालियन सहित भारी संख्या में सुरक्षा बल के साथ घटना स्थल पहुंचे व घटना स्थल का मुआयना किया साथ हीं कन्स्ट्रक्शन कार्य मे लगी कंपनी के लोगो व चश्मदीद कर्मियों से घटना की जानकारी ली व नक्सलियों की गिरफ्तारी को लेकर निंद्रा, ढोटी, बरवाटोली, काली जंगल मे सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया।

### माओवादी कमांडर रविन्द्र गंझू के मौजूद होने की चर्चा

इधर घटना के प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना स्थल पर 15 लाख का इनामी माओवादी रीजनल कमांडर रविन्द्र गंझू भी मौजूद थे। उन्हें के नेतृत्व में पूरे घटना को अंजाम दिया गया है। बता दें कि पूर्व में भी कई बार माओवादी रविन्द्र गंझू के दस्ते ने तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी कंपनी के साइट पर हमला बोल है। लगातार हो रही नक्सली वारदात ने क्षेत्र में रविन्द्र गंझू के मौजूदगी की ओर इशारा कर रहा है।

### लेवी वसूलने की नियत से घटना को अंजाम दिए जाने की चर्चा

विदित हो कि हजारों करोड़ की लागत से पतरातू से सोननगर तक थर्ड लाइन निर्माण निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में लगी कंपनी से बड़े पैमाने पर लेवी उगाही करने को लेकर माओवादी के साथ कई उग्रवादी व आपराधिक संगठनों के द्वारा कंपनी के साइड को निशाना बनाया जा रहा है। मैकलुस्कीगंज से लातेहार के बीच कन्स्ट्रक्शन कार्य मे लगी कंपनी ने साइट पर लगभग आधा दर्जन मर्तबा बड़ा हमला हो चुका है, जिसमे काफी क्षति उठानी पड़ी है। जिसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से चंदवा के चेतर व माल्हन केंदुआ टांड स्थित कंस्ट्रक्शन साइट पर विशेष सुरक्षा बलों का कैंप बैठाया गया है। लेकिन चट्टी नदी स्थित साइट पर किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नही होने का फायदा उठाकर नक्सलियों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है।

स्पीड न्यूज

### प्रभात फेरी निकाल चलाया जागरूकता अभियान

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जामा प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कामरडुधानी के छात्र-छात्राओं के साथ ग्राम ज्योति कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से प्रभात फेरी निकाल जागरूकता अभियान चलाया। प्रभात फेरी के द्वारा ग्रामीणों को बाल श्रम निषेध कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, पोक्सो अधिनियम आदि के बारे में उन्हें विस्तारपूर्वक समझा जागरूक किया गया। लोगों को इस बात का शपथ दिलाया गया कि बाल विवाह नहीं करेंगे और नही करने देंगे। इस अभियान के अंतर्गत दुमका प्रखंड जिला मुख्यालय के आत्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बाल विवाह, बाल श्रम पीड़ित प्रतिकर स्कीम, सुरक्षित पलायन एवं मानव तस्करी को लेकर लोगों को जागरूक किया। मौके पर डिफेंस काउंसिल रोबिन कुमार, अंकित कुमार सिंह, आयो आईडरी ट्रस्ट सचिव मुन्नी हेंब्रम समेत अन्य उपस्थित थे।

### जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले का लाइव प्रसारण

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति कॉन्फ्रेंस हॉल में कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के उपस्थिति में जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले, भारत मंडपम का लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार, डीआर डॉ शंभू प्रसाद सिंह, बीएड समन्वयक डॉ निरंजन मंडल, एनएसएस समन्वयक डॉ धनंजय मिश्र, पीआरओ दीपक कुमार, मनीष एवं असलम आदि उपस्थित थे।

### पूर्णिया के बॉडी बिल्डरों ने बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मचाया धमाल

**पूर्णिया।** दरभंगा में आयोजित बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में पूर्णिया के लाल ने फिर से अपना परचम लहराया। पूर्णिया के दिग्विजय कुमार सिंह ने एक ब्राउनज मेडल और एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया और अली अकबर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों पूर्णिया के जिम के ट्रेनर का काम करते है। दोनों ने अपने जीत का श्रेय अपने कोच अभिषेक कुमार को दिया है। अभिषेक कुमार पूरे सीमांचल के बहुत जाने माने बॉडीबिल्डर है और कोच है। इनकी अपनी बॉडी बिल्डिंग टीम है जो हर बार खेल मे मेडल लाकर पूर्णिया जिले का नाम रोशन करते है।

### अपहरित डीलर की बरामदगी को ले एसआईटी गठित

**किशनगंज।** बहादुरगंज थाना क्षेत्र के झिंगाकाटा के डीलर तमिजुदीन के अपहरण मामले को लेकर पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। डीलर की बरामदगी को लेकर एसपी डॉ इनाम उल हक मेगनु के निर्देश पर एसडीपीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में एसआईटी गठित किया गया है। मामले को लेकर टीम कई बिंदुओं पर बारीकी से पड़ताल कर रही है। पुलिस फिलहाल जांच की कार्रवाई को गुप्त रख रही है और जल्द ही बरामद कर लेने का दावा कर रही है। टीम के द्वारा अपहरित डीलर के परिजनों से भी आवश्यक जानकारी ली जा रही है। डीलर की बरामदगी को लेकर पुलिस हर सम्भव प्रयास कर रही है।

### जहरीली शराब से दो मरे

**मुजफ्फरपुर।** काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया पीर में दो लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। दो लोगों की आंख की रौशनी चली गई। परिजनों का आरोपी है कि जहरीली शराब पीने के बाद ऐसी हालत हुई है। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही काजी मोहम्मदपुर पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका आरोप है कि इलाके में खुलेआम देसी और विदेशी शराब की बिक्री हो रही है।

# भारत से नेपाल में प्रवेश करने के दौरान 59 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

**एजेंसी**

**अररिया।** भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में नशे का गोरखधंधा काफी फलफूल रहा है। आए दिन भारत और नेपाल के सीमाई इलाके में मादक पदार्थ पकड़े जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जोगबनी से नेपाल में प्रवेश करने पर नेपाल नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने दो नेपाली युवकों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। चावल की बोरी के भीतर छिपाकर भारत से



नेपाल ब्राउन शुगर ले जाने के क्रम में नेपाल नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने तलाशी के क्रम में यह बरामदगी की। कोशी प्रदेश पुलिस कार्यालय विराटनगर से मिली जानकारी के अनुसार, चावल के बोरी मे ब्राउन शुगर ले जा रहे नेपाली नंबर की स्कूटी पर सवार झापा जिले के शिवसताक्षी निवासी 29 वर्षीय साजन राई और 35 वर्षीय सुन्दर लावती को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 9 ग्राम 770 मिलिग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। दूसरी घटना मे नेपाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम के द्वारा जोगबनी से नेपाल प्रवेश कर रहे रानी नाका के एक नंबर बेरियर से ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सूचना के आधार पर नेपाल प्रवेश कर रहे सुनसरी जिले के ईटहरी निवासी सुशील कुमार साह व चितवन जिले के भरतपुर महानगर पालिका निवासी राजकुमार श्रेष्ठ के पास से 58 ग्राम 780 मिलिग्राम ब्राउन शुगर और नगद दस हजार रुपये के साथ गिरफ्तार इन दोनों को इलाका पुलिस कार्यालय रानी मे रख आगे का अनुसंधान किया जा रहा है।

## सुशील मोदी ने कहा, कांग्रेस का चरित्र हमेशा पिछड़ा विरोधी रहा

**एजेंसी**

**पटना।** राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि यदि कांग्रेस ने 1980 में मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू की होती या 1989 में इसके लागू होने का विरोध नहीं किया होता, तो आज केंद्र सरकार में पिछड़े वर्ग के सिर्फ तीन नहीं, 30 से ज्यादा अधिकारी होते। मोदी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी प्रशासन में ओबीसी अधिकारियों की कमी के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं जबकि यह जख्म खुद उनकी पार्टी और परिवार ने दिये हैं। यह सब इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की राजनीतिक गलती का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1955 में गठित पहले पिछड़ा वर्ग आयोग ( कालेलकर कमीशन) की रिपोर्ट को कूड़ेदान में डाल दिया और अगले 15 साल तक दूसरा आयोग



भी नहीं बनाया। 1977 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर जब मोरारजी देसाई की सरकार बनी तब मंडल आयोग का गठन हुआ। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी शामिल थे। सुशील मोदी कहा कि 1989 में जब वीपी सिंह की सरकार ने मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू की तब उसे भाजपा का समर्थन प्राप्त था। राहुल गांधी को अपनी मां सोनिया गांधी से पूछना चाहिए कि राजीव गांधी ने मंडल आयोग का विरोध क्यों किया था? उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चरित्र हमेशा पिछड़ा विरोधी रहा। इसकी सजा कई पीढ़ियों को भुगतनी पड़ी।

## मांझी ने नीतीश को बताया जनता का बेदर्द मालिक

**एजेंसी**

**जमुई।** जीतन राम मांझी मंगलवार को गरीब जगाओ महासभा में भाग लेने जमुई पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। पटना के पास महादलित महिला के साथ दबंगों द्वारा किए गए अत्याचार के सवाल पर कहा कि लिखा प्रदेश किस्मत में वतन का हाल क्या होगा, जब बेदर्द मालिक हो वहां फरियाद क्या होगा। मांझी ने नीतीश कुमार पर वार करते हुए कहा कि जब वो नीतीश कुमार के साथ थे तो भी कहते थे बिहार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। बिहार में बहु-बेटी सुरक्षित नहीं है। बोले कि बालू के नाम पर, दारु के नाम पर, ताड़ी के नाम पर गरीबों को जेल भेज रहे हैं। बड़े-बड़े तस्कर लोग मजा मार रहे हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर के बारे में लोग बोलते हैं, लेकिन यहां के बारे में क्यों नहीं कुछ बोलते। बंगाल में भी यही



हुआ, किशनगंज में भी यही हुआ है। उनका बस एक ही जमुला है कि कोई दोषी हो छोड़े नहीं जाएंगे। मांझी ने कहा कि व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि कोई भी बहू-बेटी को आंख न दिखा सके। उन्होंने नदी से बालू के अवैध खनन पर कहा कि अवैध खनन होने से पुल ध्वस्त हो रहा है। कहा कि नीतीश कुमार की सरकार बिहार को बर्बाद कर रही है। यही जनता को बताने निकले हैं। कहा कि वो शुरू से कह रहे हैं कि ये लोग अंधे हो गए हैं, बहरे हो गए है। बिहार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पटना में बने नए म्यूजियम के निर्माण पर भी जीतन राम मांझी ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि जिसकी कोई जरूरत नहीं थी, उसका निर्माण बिहार सरकार ने किया। आगे बोले कि हम जनता को जगाने निकले हैं कि साल 2024 और 2025 के चुनाव में ऐसी सरकार को गंगा में प्रवाहित कर दें। उन्होंने आगे कहा कि लालू प्रसाद ने नीतीश कुमार के बारे में बिल्कुल ठीक कहा कि ये कब पलटी मार देंगे, कोई नहीं जानता। नीतीश कुमार पर विश्वास करना मुश्किल है, नीतीश कुमार पर विश्वास नहीं करना चाहिए। वह सत्ता के लिए लड़ रहे हैं, कौन पीएम होगा उसके लिए लड़ रहे हैं। विकास के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं।

## कर्मा एकादशी बड़े ही श्रद्धा भाव से संपूर्ण जिले में मनाई गई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी (गोड्डा) प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में करमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं विभिन्न गांव के श्रद्धालुओं द्वारा एकादशी के अवसर पर भी विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की गई और उपवास रखा गया। करमा पर्व करने वाली छात्राओं ने बताया कि यह भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा पर्व है। भाई की उन्नति, निरोग, सुरक्षित रहने और दीघार्यु के लिए यह करमा पर्व बालिकाओं द्वारा किया जाता है। किसी उपजाति में विवाह के पूर्व तक ही करमा पर्व किया जाता है। तो किसी किसी उपजाति में विवाह के बाद भी करमा पर्व किया जाता है। एक सप्ताह पूर्व ही बच्चियों द्वारा एक बड़े और कई छोटे-छोटे करीब एक दर्जन बांस की डलिया में विभिन्न प्रकार के अनाज को लगाया जाता है। वह अनाज अंकुरित होती है उसे जावा कहा जाता है। प्रत्येक सुबह संध्या उसकी पूजा पाठ की जाती है। और सभी बच्चियों मिलकर गीत गाते हुए नृत्य भी करती है। अंतिम दिन करम डाली की भी पूजा होती है। करम डाली को लाकर गांव समाज में तालाब के रूप में खोदे गए गड्ढे में स्थापित किया जाता है और



विधिवत पूजा पाठ की जाती है। फिर एक दूसरे को प्रसाद भी वितरण किया जाता है। इस सामाजिक पर्व त्योहार से गांव पंचायत में एक दूसरे के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ जाता है। डाहू पकड़िया गांव के संजय कुमार महतो, साकेस कुमार महतो आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि महतो कुरमी समाज में इस करमा पर्व की बहुत अधिक मान्यता मानी गई है।

## गोड्डा विधायक की दखल पर ट्रांसफार्मर बदला गया

**गोड्डा।** पथरगामा प्रखंड के अंबा बथान ग्राम का 25 केवी ट्रांसफार्मर विगत कुछ दिनों पूर्व खराब हो गया था। जिसकी लिखित सूचना गोड्डा के विधायक अमित मंडल को ग्रामीणों ने लिखित शिकायत दिया था अनुसंसित आवेदन



पत्र समाधान हेतु बिजली प्रतिनिधि गप्पू सिन्हा को दिया गया। गप्पु सिन्हा ने कार्यालय का सभी आवश्यक कार्य करवाते हुए ट्रांसफार्मर निर्गत कराया इस सराहनीय कार्य हेतु ग्रामीणों ने धन्यवाद आभार व्यक्त किया है और कहा है दुख सुख में हमेशा खड़ा रहने वाले ऐसे विधायक को हम सभी ग्रामीणों का आजीवन समर्थन रहेगा सभी ग्रामीणों ने विधायक अमित मंडल का जय जयकार भी लगाया। मौके पर दिलीप शाह पुरुषोत्तम शाह कुंदन शाह संतोष शाह कंकू कुमार जितेंद्र पांडे मुन्ना पांडे गौतम कुमार प्रदीप मंडल रूपेश शाह इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

## गोड्डा में वर्षों से जमे कई विभागो में कर्मचारियों और स्टाफ से भ्रष्ट्राचार की गंगोत्री बहती है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ये गोड्डा जिला इन कर्मचारियों और स्टाफ के लिए वो बिल है जो कभी बाहर निकलते ही नही वजह है इनका स्थानीय होना । पैरवी पैसा और पहुंच के बल पर ये सारी उम्र एक ही जगह गुजार देते हैं इनके तबादले नही होते । शिक्षा विभाग को ही लें पदाधिकारी आते हैं चले जाते हैं लेकिन ऑफिस स्टाफ अधिकतर वही मिलेंगे जिसे युवावस्था में आपने देखा वही वृद्धावस्था तक जमे मिलेंगे। सदर अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग को ही देखें इनके तबादले नही होते ये ये तृतीय और चतुर्थ वर्गीय स्टाफ होते हैं जिनकी जिम्मेदारी स्टूल और कुर्सी तोड़ने की होती है। चिकित्सक भी कहां जायेंगे अपनी अपनी जमी जमाई क्लिनिक छोड़ कर। कई बार स्थानांतरण भी पेपर में हो जाती है लेकिन सिर्फ पेपरों में होती है। इनकी मर्जी चलती है अधिकारी पदाधिकारी सभी स्थानीय सब तालमेल बिठा कर चलते हैं । अब नगर पंचायत परिषद को ही लें जो जमे हैं वो जमे हैं वो कब बहाल हुए किस तरह बहाल हुए लेकिन चेहरे वही मिलेंगे पदाधिकारी ऐसे आते और जाते हैं जैसे तफरीह करने आते हैं कार्यपालक पदाधिकारी जिन पर न कोई उत्तरदाई है ना नियंत्रण जबकि भ्रष्ट्राचार की गंगोत्री यही से बहती है । हल्ला हंगामा हड़ताल सफाई कर्मियों की होती रहती है। लेकिन



आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुइ है पदाधिकारी तबतक बदल जाते हैं या कुछ दिन के लिए किसी के गले बांध दी जाती है जो करना है करो लेकिन तुम्हारे ही चार्ज में रहेगी और ये घाघ स्टाफ और क्लर्क उन्हे गुमराह कर भ्रष्ट्राचार को और बढ़ावा देते हैं। उसी तरह अन्य विभाग भी भगवान भरोसे चलते हैं पदाधिकारी आते जाते रहते हैं लेकिन वही पान चबाते हुए चेहरे आपको सदैव अपनी जगह जमे नजर आयेंगे। पता नही ये किनकी जिम्मेदारी है इनका तबादला करना जो सारे नियम कानून को ठेंगा दिखाकर आज तक जमे हैं।

## सुखानी बोर्डर पर अपराध नियंत्रण को लेकर कड़ी चेकिंग

**किशनगंज।** जिला के सुखानी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखानी इंडो नेपाल बॉर्डर पर अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसबी द्वारा बॉर्डर पार करने वाले लोगों की कड़ी चेकिंग की जा रही है। मौके पर तैनात एसएसबी के जवान सुंदर कुमार और महेश कुमार ने ऑफ कैमरा बताया कि बॉर्डर पर आने जाने वाले लोगों के सामान वाहन की चेकिंग सहित व्यक्ति की नागरिकता पहचान पत्र भी जांच की जा रही है इससे अपराधिक घटना को अंजाम देने वाले लोग बच नहीं पाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना जांच के बॉर्डर पार करने नहीं दिया जा रहा। जांच उपरांत ही संतुष्टि के बाद लोगों को बॉर्डर पार करने दिया जा रहा है।

## सिपाही भर्ती के नाम पर जालसाजी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**एजेंसी**

**सहरसा।** सदर थाना क्षेत्र के बटराहा मोहल्ले में सिपाही भर्ती परीक्षा में पास करवाने तथा नौकरी दिलवाने का फर्जी एवं अवैध कार्य करने वाले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया।सदर थाना में डीएसपी मुख्यालय एजाज हाफिज मनी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि सदर थाना पुलिस को गस्ती के क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि सूरज कुमार उर्फ नीरज कुमार पिता शैलेंद्र सिंह सा.दीघौर वार्ड नंबर 7 थाना बेलदौर जिला खगड़िया जो वर्तमान में रानी गली



कृष्णा नगर बटराहा स्थित भाड़े के मकान में रहता है। जो अपने साथियों के साथ मिलकर आगामी होने वाले सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों से रुपया लेकर सेटिंग करके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस वगैरह के माध्यम से परीक्षार्थी को मदद कर पास करवाने एवं नौकरी दिलवाने का फर्जी एवं अवैध काम कर रहे हैं। प्राप्त उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस अवर निरीक्षक विक्की रविदास पुलिस बल के साथ रानी गली कृष्णा नगर बटवारा स्थित सूरज कुमार उर्फ नीरज कुमार के घर का घेराबंदी करना प्रारंभ किया गया। तो घर से पुलिस को देखकर तीन व्यक्ति निकाल कर भागने लगा। जिसे संदेह होने पर साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से खदेड़ कर भाग रहे तीनों व्यक्ति को पकड़ा। जिसमें सूरज कुमार, रामकृष्ण कुमार एवं अक्षय कुमार शामिल थे। प्राप्त सूचना के आलोक में पकड़े गए सूरज के घर की तलाशी लेना प्रारंभ किया तो तलाशी के क्रम में उक्त घर में अवैध सामान प्राप्त हुआ है। जिसमें एक छोटा मैन पिक बोर्ड वाकीटाकी, एंटीजनर डिवाइस, दो पीस, तीन ब्लूटूथ कॉलिंग डिवाइस, माचिस आकार का दो एटीएम कार्ड, जैसा ब्लूटूथ डिवाइस, वॉकी टॉकी का 3 एयर फोन, कान में एयर पीस डालने वाला दो छोटा चिमटा, एक वॉकी टॉकि का चार्जर, एक एंटीजनर डिवाइस का चार्जर का सामान एवं कई मोबाइल बरामद किया गया है। उन्होने कहा कि साथ ही सिपाही भर्ती बोर्ड के परीक्षार्थी के एडमिट कार्ड ,मार्कशीट आधार कार्ड सहित कई अन्य सर्टिफिकेट बरामद किया गया है। साथ ही छापेमारी के दौरान पचासी हजार रुपए नकद भी बरामद किया गया है।

### अपहरण के आरोपी को पांच वर्ष की सजा और पचास हजार रुपए का आर्थिक दंड

**गोड्डा।** नगर थाना गोड्डा में दर्ज एक प्राथमिकी पर साकेत पूरी मोहल्ला के सोनी गुप्ता पिता देव कुमार गुप्ता को अपहरण के आरोप में गोड्डा व्यवहार न्यायालय कोर्ट मे सोनी गुप्ता के ऊपर लगाए गए आरोप को सत्य पाया और विद्वान न्यायाधीश ने उसे पांच वर्ष की सश्रम सजा देते हुए पचास हजार रुपए की आर्थिक दंड देने की सजा सुनाई। रकम जमा नही करने पर उसे एक वर्ष की अतिरिक्त सश्रम सजा दी जाएगी। केस की पैरवी लुकेश हेंब्रम लोक अभियोजक ने की।

### कांग्रेस कार्यकताओं ने लोक सभा के चुनाव हेतु समीक्षा बैठक की

**गोड्डा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार बुधवार को जन सुनवाई कार्यक्रम एवं 2024 का गोड्डा लोक सभा चुनाव की समिक्षा बैठक को सफल करने हेतु जिला अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आहुत की गई। गोड्डा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि जन सुनवाई कार्यक्रम 11बजे पुर्वाहन से 03 बजे अपराह्न तक एवं 2024 में गोड्डा लोक सभा चुनाव का समिक्षा बैठक 03 :30 बजे अपराह्न से प्रारंभ किया जायेगा। जिसमें मुख्य अथिति ग्रामिण विकास मंत्री झारखंड सरकार सह 20सुत्री प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में जिले के सभी प्रदेश प्रतिनिधि गण, सभी प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष गण एवं विधायक गण सादर आमंत्रित हैं, एवं जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण, पंचायत अध्यक्ष गण, जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी गण, पुर्व जिला अध्यक्ष, पुर्व विधायक एवं पुर्व सांसद एवं जिला के सभी कांग्रेस जन उक्त कार्यक्रम में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### छेड़खानी व धमकी देने का आरोपी दोषी करार

**दुमका।** छेड़खानी व धमकी देने के एक मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा के न्यायालय ने मंगलवार को अभियुक्त को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा और जुमार्ना किया।दोषी अभियुक्त जामा थाना क्षेत्र के पगरिडीह निवासी सचिन भट्ट उर्फ इफ्तेकार भट्ट है। न्यायालय ने भादवी की धारा 354 में दो साल सजा एवं 5 हजार जुमार्ना किया। जुमार्ना की राशि भुगतान नहीं करने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं 354 बी में तीन साल सजा एवं 10 हजार जुमार्ना किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। भादवी की धारा 506 में एक साल सजा एवं 5 हजार जुमार्ना किया गया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले में सात गवाहों की गवाही गुजरी। केस में सरकार का पक्ष सहायक लोक अभियोजक भवेन्द्र सोरेन रख रहे थे। मामला जिले के जामा थाना क्षेत्र के 5 अप्रैल 2023 की है। जहाँ आरोपी पर विवाहिता से जबरन दुष्कर्म का प्रयास एवं धमकी देने का मामला दर्ज हुआ। पुलिस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 6 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही।

### मखाना प्रसंस्करण से अत्यधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा : डीएम

**सहरसा।** मुख्यमंत्री सूक्ष्म एवं लघु उद्योग कलस्टर विकास योजना के अंतर्गत सहरसा वूमेन जीविका प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। सहरसा जिला मखाना उत्पादन हेतु एक प्रसिद्ध जिला है। यहां के अधिकांश लोग मखाना प्रसंस्करण उद्योग में कार्यरत हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मखाना प्रसंस्करण जैसे कलस्टर कि यहां उपयोगिता लाभदायक सिद्ध होगी। यह और अत्यधिक लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा।

## पेज 1 का शेष

### करम विसर्जन पर मातम...

ये बच्चियां गांव के अन्य महिलाओं के साथ नदी में करमा की डाली प्रवाहित करने गयी थी। इसी बीच पैर फिसल गया और पानी की धार में चली गयी। विधायक उमाशंकर अकेला गोताखोरों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और लड़कियों को तलाशने की कोशिश की। एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजिर अख्तर, बीडीओ प्रेमचंद कुमार सिन्हा समेत तमाम अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद थे।

### झारखंड को पर्यटन राज्य...

**मेहमानों को असुविधा न हो :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि फेस्टिवल्स में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमान पर्यटकों का पूरा ख्याल रखें। इको रिट्रीट फेस्टिवल से संबंधित सभी सुविधाओं की व्यवस्था तय कर लें। पर्यटकों के ठहरने से लेकर खाने-पीने और मनोरंजन के साथ-साथ कौन-कौन से क्षेत्र का भ्रमण कराया जायेगा इसकी पूरी तैयारी रखें। पर्यटकों को झारखंड की कला-संस्कृति, रहन-सहन से रूबरू करायें। नेतरहाट में चिल्ड्रन एक्टिविटी की सारी सुविधायें सुनिश्चित करें। नेतरहाट में स्थायी रूप से चिल्ड्रन पार्क की स्थापना करें। फेस्टिवल्स के दौरान हेल्थ इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर के साथ-साथ पूरी मेडिकल टीम की व्यवस्था भी दुरुस्त रखें। बैठक में टूरिज्म निदेशक अंजलि यादव ने इको रिट्रीट नेतरहाट 2023 के आयोजन के तैयारी की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखी। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव, निदेशक आईपीआरडी राजीव लोचन बक्शी सहित अन्य उपस्थित थे।

### वहीदा रहमान को मिलेगा...

इसके बाद उन्होंने कागज के फूल, साहिब बीवी और गुलाम, गाइड, काला बाजार, रूप की रानी चोरों का राजा, राम और श्याम, आदमी, तीसरी कसम और खामोशी जैसी कई फिल्मों में यादगार अभिनय किया। उनका पहला उल्लेखनीय काम 1957 में फिल्म प्यासा में था। इसके अलावा नील कमल, आदमी, कागज के फूल, तीसरी कसम, बात एक रात की ने उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित कर दिया। **प्रमुख फिल्में :** गाइड के बाद वहीदा ने तीसरी कसम (1966), राम और श्याम (1967), नील कमल (1968), खामोशी (1970), रेश्मा और शेरा (1971), कभी-कभी (1976), नमकीन (1982), चांदनी (1989) और 1991 में फिल्म लम्हें में काम किया था। वहीं, साल 2009 में रिलीज हुई अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर स्टारर फिल्म दिल्ली 6 में वहीदा रहमान काम किया था। वहीदा को आमिर खान स्टारर हिट फिल्म रंग दे बसंती (2006) में भी देखा गया था। वहीदा रहमान ने साल 1974 में एक्टर कमलजीत से शादी रचाई थी। शादी के 26 साल बाद साल 2000 में 21 नवंबर को कमलजीत का निधन हो गया था। वहीदा के दो बच्चे (सोहेल और काश्वी रेखी) भी हैं।

### वे दिन गये, जब कुछ देश...

**आतंक से निपटने में राजनीतिक फायदा देखना गलत :** भारतीय विदेश मंत्री ने मंगलवार को यूनाइटेड नेशंस के मंच से कनाडा को कड़ा जवाब दिया। बिना किसी का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद या चरमपंथ से निपटने की प्रक्रिया में राजनीतिक फायदा नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा, आतंकवाद या चरमपंथ के खिलाफ किसी देश की प्रतिक्रिया का आधार राजनीतिक सुविधा नहीं हो सकती। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की जरूरत पर जोर दिया। आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने का भी आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में जयशंकर की यह टिप्पणी कनाडा के साथ जारी राजनयिक विवाद के बीच आयी है। **चीन और पाकिस्तान पर निशाना :** एस जयशंकर ने अपने भाषण में परोक्ष रूप से चीन और पाकिस्तान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, बाजार की शक्ति का इस्तेमाल भोजन और ऊर्जा को जरूरतमंदों से अमीरों तक पहुंचाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए, न ही हमें इसका समर्थन करना चाहिए कि राजनीतिक सुविधा आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा प्रतिक्रियाएं निर्धारित करे। इसी तरह चेरी-पिकिंग (किसे चुने और किसे नहीं) के रूप में क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का अभ्यास नहीं किया जा सकता है। जब वास्तविकता बयानबाजी से दूर हो जाती है तो हमें इसे सामने लाने का साहस होना चाहिए।

स्पीड न्यूज

## अभी जेल में रहेंगे इमरान और कुरैशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनके करीबी पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी अभी जेल में ही रहेंगे। राजनयिक दस्तावेज लीक करने के मामले में पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को उनकी न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी है। खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा होने के बाद पांच अगस्त को गिरफ्तार कर अटक जेल में रखा गया था। बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट से भ्रष्टाचार मामले में उनकी सजा निलंबित होने के बावजूद वे जेल से बाहर नहीं आ सके थे।

## अजरबैजान के तेल डिपो में विस्फोट, 20 की मौत

**बाकू।** आर्मीनियाई लोगों द्वारा नियंत्रित अजरबैजान के नागोरनो-काराबाख इलाके के एक तेल डिपो में हुए भीषण विस्फोट से बीस लोगों की मौत हो गयी। सैकड़ों लोग घायल हैं। आर्मीनिया ने इस घटना को जातीय संहार करार दिया है। पिछले सप्ताह अजरबैजान की सेना ने यहां विशेष अभियान चलाया था, जिसमें दो सौ से अधिक आर्मीनियाई नागरिकों की मौत हो गयी थी। इसी क्षेत्र के स्टेपानाकेर्ट शहर में एक तेल डिपो में तेज धमाके ने कम से कम बीस लोगों की जान ले ली। हादसे में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक 7 अक्टूबर को

**नयी दिल्ली।** जीएसटी परिषद की अगली बैठक सात अक्टूबर को होगी। जीएसटी परिषद ने एक्स पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री की अगुवाई वाली परिषद की पिछली बैठक दो अगस्त को हुई थी।

## पंजाब के पूर्व मंत्री मनप्रीत के खिलाफ एलओसी जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया है, जिनके खिलाफ बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितताओं के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पंजाब सतर्कता ब्यूरो के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सतर्कता ब्यूरो की टीम ने बादल के मुक्तसर स्थित आवास पर छापा मारा था जिसके बाद बादल को पकड़ने के लिए सोमवार को उनके खिलाफ लुकआउट जारी किया गया।

## दिल्ली: दुकान से 20 करोड़ के गहने चोरी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के जंगपुरा इलाके में आभूषणों की एक दुकान में कथित तौर पर हुई चोरी की घटना के बाद 20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के गहने गायब हैं। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने कहा कि हमें मंगलवार को उमराव ज्वैलर्स से इस घटना के बारे में जानकारी मिली। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं। हमने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अयोध्या : राममंदिर के गर्भगृह में होंगे दो रामलला

### प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को, हर साल रामनवमी पर मूर्ति पर पड़ेंगी सूर्य की किरणें : नृपेंद्र मिश्रा

एजेंसी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में अब प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रधान सचिव रहे नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी। गर्भगृह में दो मूर्तियां होंगी। एक मूर्ति में श्रीराम पांच साल के बालक के तौर पर दर्शन देंगे। बाल्यवस्था वाली मूर्ति की ऊंचाई 51 इंच होगी। दूसरी मूर्ति में रामलला वर्तमान स्वरूप में नजर आएंगे। अभी जो मूर्ति राम मंदिर में है, वहीं रामलला विराजमान के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में पक्षकार थे। हर साल जब रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे श्रीराम की मूर्ति पर सूरज की किरणें चमक बिखेरेंगी। इसके लिए भवन निर्माण शैली में खास व्यवस्था की गई है।

**श्रीराम के ललाट पर पहुंचेगी सूरज की किरणें :** नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला के ललाट पर सूर्य की किरणें खुद ब खुद नहीं पहुंचेंगी। इसके लिए मंदिर के शिखर पर एक छोटी डिवाइस लगाई जाएगी। इस डिवाइस के लिए सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, रुड़की और पुणे के एक एस्ट्रोनॉमिकल संस्थान ने मिलकर कम्प्यूटराइज्ड प्रोग्रामिंग की है। यह डिवाइस बेंगलुरु में बन रही है। सूरज की किरणें इस डिवाइस पर पड़ेंगी और वहां से रिफलेक्ट होकर श्रीराम के ललाट पर पहुंचेगी। ऐसा हर साल रामनवमी के दिन 12 बजे होगा। हर बार इस घटना का सीधा प्रसारण करने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि मंदिर में भीड़ नहीं हो।

नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सवा लाख श्रद्धालु रोजाना दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे।



श्रद्धालुओं के सैलाब को संभालने के लिए ट्रस्ट कई व्यवस्था कर रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से 25,000 से 50,000 लोगों को मुफ्त में प्रसाद खिलाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि भक्तों की भीड़ के कारण एक व्यक्ति को गर्भगृह में रामलला के दर्शन के लिए 15 से 20 सेकेंड ही मिलेंगे। मंदिर में आने वाले वाले भक्तों को गर्भगृह तक पहुंचने के लिए कई मंडपों से गुजरना होगा।

### 10 हजार साधु-संतों को दिया जायेगा निमंत्रण

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों के बारे में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि समारोह में लगभग दस हजार अति विशिष्ट आमंत्रित सदस्य होंगे। राम मंदिर निर्माण आंदोलन से जुड़े 10 हजार साधु-संतों को विशेषकर आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सवा लाख से अधिक श्रद्धालु रोज रामलला के दर्शन के लिए आएंगे। इसी अनुमान के हिसाब से ही मंदिर में सुविधाओं को डिवेलप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब समारोह में शामिल होंगे, इसकी जानकारी पीएमओ से नहीं आई है। पीएम मोदी 20 से 24 जनवरी के बीच किसी दिन प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हो सकते हैं।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करनेवाला यूपी से गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना की जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना की जासूसी करने के आरोप में कासगंज जिले के पटियाली थाना क्षेत्र के जिनौल के निवासी शैलेश कुमार सिंह उर्फ शैलेन्द्र सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है।। उत्तर प्रदेश एटीएस की टीम ने भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से जांच की तो पता चला कि शैलेश कुमार ने व्हाट्सऐप और फेसबुक के जरिये पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी जानकारी साझा की है।

# 30 दिन में भारत की कूटनीति नयी ऊंचाई पर पहुंची : मोदी

### जी यूनिवर्सिटी कनेक्ट में पीएम बोले-भारत मंडपम में दुनिया के लिए बड़े-बड़े फैसले लिये गये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 30 दिन में उन्होंने 85 देशों के नेताओं के साथ बैठकें कीं और इस दौरान भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी भारत मंडपम में आयोजित जी यूनिवर्सिटी कनेक्ट के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि पिछले 30 दिन में समाज के विभिन्न वर्गों के सशक्तीकरण के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की गई, एक लाख से ज्यादा नौजवानों को केंद्र सरकार में सरकारी नौकरी दी गई और इसी अवधि में नए संसद भवन में संसद का सत्र हुआ जिसमें महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 30 दिन में भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है। जी20 से पहले दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ और भारत के प्रयास



से ब्रिक्स समुदाय में छह नए देश शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के बाद वह यूनान गए जो गत 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने बताया कि जी20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले उन्होंने इंडोनेशिया में भी विश्व के अनेक नेताओं के साथ बैठकें कीं। उन्होंने कहा कि इसके बाद जी20 सम्मेलन के दौरान इसी भारत मंडपम में दुनिया के लिए बड़े-बड़े फैसले किए गए। आज के खंडित वैश्विक वातावरण में इतने सारे देशों को एक साथ एक मंच पर लाना छोटा काम नहीं है। उन्होंने छात्रों से कहा कि उन्हें एक पिकनिक का आयोजन भी करना होता है तो वे तय नहीं कर पाते कि कहां जाया जाए। मोदी ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन में नयी दिल्ली घोषणापत्र पर 100 प्रतिशत सहमति दुनिया भर में सुर्खियां बनीं और इस दौरान भारत ने अनेक महत्वपूर्ण फैसलों का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि जी20 में कुछ फैसले ऐसे हुए जो 21वीं सदी की पूरी दिशा ही बदल देने की क्षमता रखते हैं। भारत की पहल पर अफ्रीकी संघ को जी20 का स्थायी सदस्य बनाया गया। ग्लोबल बायोफ्यूल अलांयस का नेतृत्व भी भारत ने किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी 20 सम्मेलन में ही हम सभी ने मिलकर भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा बनाने का फैसला किया। यह गलियारा कई महाद्वीपों को आपस में जोड़ेगा इससे आने वाली कई शताब्दियों तक व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला लगाकर बीते 30 दिन में एक लाख से ज्यादा नौजवानों को केंद्र सरकार में सरकारी नौकरी दी गई है। जब से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है, तब से लेकर छह लाख से ज्यादा युवकों को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं 30 दिन में आपने देश के नए संसद भवन में पहले संसद सत्र को भी देखा है।

### 100 अरब डॉलर निवेश करेगा सऊदी अरब

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन की समाप्ति के तुरंत बाद सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सौद का भारत दौरा शुरू हुआ और भारत में सऊदी अरब 100 अरब डॉलर का निवेश करने जा रहा है।

## 'महिला आरक्षण से देश के नये भविष्य की शुरूआत'

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि संसद के नए भवन में महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से देश के नए भविष्य की शुरूआत हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लड़कियों के लिए भविष्य के नए दरवाजे खोलना उनकी सरकार की नीति है। मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों में 51,000 से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक रोजगार मेले को संबोधित करते हुए शासन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग पर भी जोर दिया।

उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग से भ्रष्टाचार और जटिलताओं पर अंकुश लगा है तथा विश्वसनीयता और आराम में इजाफा हुआ है। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मिल रहीं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), ट्रेन टिकट की बुकिंग और डिजिटल लॉकर सहित अन्य सुविधाओं का हवाला देते हुए उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों को नागरिक-प्रथम की भावना से काम करने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं से शासन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग अधिक से अधिक करने के लिए कहा।

### बारामुला में हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

## दो महिलाओं समेत आतंकियों के आठ सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग अभियानों में दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और सीमा पार से हथियार और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल एक आतंकवादी और दो महिलाओं सहित आतंकियों के आठ सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आतंकी सहयोगी पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के इशारे पर सीमा पार हथियारों की तस्करी में शामिल थे और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इसे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को वितरित करते थे। बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आमोद नागपुरे ने पत्रकारों से कहा कि पुलिस को 21 सितंबर को विश्वसनीय सूत्रों से पता चला कि जांबाजपोरा बारामूला के रहने वाले यासीन अहमद शाह अपने घर से लापता है और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर/टीआरएफ में शामिल हो गया है। टीआरएफ या 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी



संगठन है। नागपुरे ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मानव/तकनीकी खुफिया जानकारी के आधार पर, टप्पर पट्टन में वाहनों की जांच के दौरान सुरक्षा बलों ने 22 सितंबर को आतंकवादी को पकड़ लिया। एसएसपी ने बताया कि उसके कब्जे से एक पिस्तौल, मैगजीन और आठ कारतूस सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान शाह ने अपने दूसरे सहयोगी के नाम का भी खुलासा किया जिसके बाद सुरक्षा बलों ने उसके आवास पर छापा मारा और उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने कहा, जांच से पता चला है कि आतंकवादी अपने पांच सहयोगियों के साथ पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था।

# 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हुआ 'जवान'

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज फिल्म जवान ने महज 19 दिनों में दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। 25 सितंबर को फिल्म ने भारत में बॉक्स-ऑफिस कलेक्शन के मामले में शाहरुख की एक और 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान को पीछे छोड़ दिया। प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज ने सोशल मीडिया पर ऐलान करते हुए कहा कि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दुनियाभर में 1004.92 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया



है। कैप्शन में लिखा कि इतिहास बन रहा है... जवान! क्या आपने इसे अभी तक देखा है? अभी अपने टिकट बुक करें! जवान को सिनेमाघरों में देखें - हिंदी, तमिल और तेलुगु में। तरण आदर्श ने कहा कि 'जवान' 'गदर 2' और 'पठान' के कलेक्शन को पार करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### मुकेश अंबानी के बच्चे भी नहीं लेंगे कोई वेतन

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक बनाए गए अंबानी परिवार के तीनों उत्तराधिकारी कोई वेतन नहीं लेंगे और उन्हें सिर्फ निदेशक मंडल एवं समितियों की बैठकों में शामिल होने की फीस दी जाएगी। कंपनी ने उनकी नियुक्ति पर शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए रखे गए प्रस्ताव में यह जानकारी दी है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी वित्त वर्ष 2020-21 से ही कोई वेतन नहीं ले रहे हैं। उनके दोनों पुत्रों- आकाश एवं अनंत और पुत्री ईशा को कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल किए जाने की घोषणा अगस्त में आयोजित वार्षिक आमसभा में की गई थी।

# कनाडा में खालिस्तान समर्थकों के हौसले पस्त

### प्रदर्शन में नहीं जुटे दो दर्जन लोग

- ओट्टावा, टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय दूतावासों की सुरक्षा बढ़ायी गयी

एजेंसी

**ओट्टावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तान समर्थकों के हौसले बुलंद करने की कोशिशें सफल नहीं हो सकी हैं। खालिस्तान समर्थकों को कनाडा में ही समर्थन नहीं मिल रहा है और उनके हौसले पस्त हो गए हैं। भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन की उनकी योजना सफल नहीं हो सकी और उनमें दो दर्जन लोग भी नहीं जुट सके। खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन की घोषणा के चलते ओट्टावा, टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खालिस्थान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कनाडा



के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के लिए भारत सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे खालिस्तान समर्थकों के हौसले भी बुलंद हुए थे, किन्तु सड़क पर उतरते ही उनके हौसले पस्त हो गए। दरअसल खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस कनाडा के ओटावा, टोरंटो और वैंकूवर स्थित भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन का एलान किया था। इसके लिए इन दूतावासों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गयी थी। भारतीय दूतावासों को बैरिकेड्स से घेर दिया गया था। सिख फॉर जस्टिस के निदेशक जतिंदर सिंह ग्रेवाल ने कनाडा से भारतीय राजदूत को निष्कासित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन की बात कही थी, किन्तु ये प्रदर्शन फुस्स साबित हुए। प्रदर्शनों में कनाडाई सिख भी नहीं जुटे। कुल मिलाकर दो दर्जन लोगों को जुटाना भी मुश्किल हो गया। प्रदर्शनकारी दूतावासों के पास तक पहुंचे ही नहीं। जो लोग प्रदर्शन करने गए थे, उनके हाथ कनाडा का झंडा भी था। ये लोग तख्तियों पर कनाडा के प्रधानमंत्री के लिए धन्यवाद का संदेश लिख कर लाए थे। इन लोगों ने भारतीय तिरंगे का अपमान किया और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

# मोंटेसरी मैदान धुर्वा में सफेद मार्बल से बन रही मां की प्रतिमा

### खबर मन्त्र का अभियान : केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति पंडाल में दिव्य आभा का दर्शन करेंगे भक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मां भगवती के नौ रूपों की पूजा होती है। इस बार केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति मोंटेसरी मैदान धुर्वा के द्वारा एक अद्भुत आकर्षक प्रारूप तैयार किया जा रहा है। कमेटी के लिए यह वर्ष काफी खास है। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने 50वें वर्ष में प्रवेश किया है। पूजा समिति मां जगदंबा की अद्भुत और अलौकिक प्रतिमा बनावा रही, जिसे देखने पर मां की प्रतिमा से एक दिव्य आभा निकलने का अनुभव होगा। इस प्रतिमा की सुंदरता की चर्चा अभी से ही पूरे एचईसी इलाके में ही रही है। मां की प्रतिमा सफेद मार्बल की तरह ही है, जो सुनहरे (गोल्डेन) रंग सजा होगा। सिर्फ मां की आंखें काली होंगी और साड़ी सफेद है, जिस पर गोल्डेन रंग से जरी का काम किया हुआ रहेगा।

**अलग है पहचान:** दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि एचईसी आवासीय परिसर में मांटेसरी मैदान की अलग पहचान है। सदस्यों द्वारा तय आकर्षक व भव्य पूजा पंडाल काल्पनिक थीम पर तैयार हो रहा है। जो भव्य मंदिर या महल के समान लगेगा, इसकी ऊंचाई चार मंजिला इमारत जितनी होगी। इसके दाएं व बाएं ओर द्वार बनाए जाएंगे। पहली इमारत तक चढ़ने की व्यवस्था की गई है, जिसे बंगाल के कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है। प्रतिमा और पंडाल को सबसे खास लाइटिंग से सजाने का जिम्मा रामा साउंड एंड डेकोरेटर्स के साथ ही साथ दिल्ली, कोलकाता के अनुभवी डेकोरेटर्स को दिया गया है।

**काल्पनिक थीम पर बन रहा है भव्य पूजा पंडाल : साकेत शर्मा**



साकेत शर्मा

**महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका का होगा मंचन :** इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें सरायकेला- खरसावा के निमाडी प्रखंड के राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त छऊ नाट्य एवं नृत्य दल द्वारा महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका का मंचन महानवमी को किया जायेगा।

डांडिया नृत्य व सिंदूर खेला होगा खासः दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि 50 वर्ष में प्रवेश करने की खुशी में कुछ अलग तरह की प्रस्तुति देने जा रही है। जहां मां की अद्भुत प्रतिमा तथा भव्य पंडाल दर्शकों को आकर्षित करेगी। पूजा के आयोजन के लिए समिति ने 20 लाख रुपये का बजट तैयार किया है। सप्तमी से विजयादशमी तक विशाल भंडारे का आयोजन होगा। नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया तथा सिंदूर खेला का आयोजन करेगी। इसका आयोजन खास रूप से महिला सदस्यों द्वारा किया जाएगा। विजयादशमी को युवाओं द्वारा फायरलेस किचन प्रतियोगिता एवं शाम को लाइव आरकेस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा।

**समस्या:** पंडाल के निकट साफ- सफाई और डस्ट की व्यवस्था प्रशासन के द्वारा हो जाये। समस्या के निदान के लिए समिति के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

